
सुविचार
जिंदगी अगर अपने हिसाब से जीनी हैं तो कभी किसी के फैन मत बनो।

Daily
# THE PHOTON NEWS
सच के हक में...
Published from Ranchi



08 काला रंग पसंद करने वालों का दिमाग...

Ranchi ● Friday, 25 August 2023 ● Year : 01 ● Issue : 219 ● Ranchi Edition ● Page : 12 ● Price : 3 ● www.thephotonnews.com E-Paper : epaper.thephotonnews.com

**SHARE**

| | | |
|---|---|---|
| संसेक्स | : | 65,252.34 |
| निफ्टी | : | 19,386.70 |

**SARAFA**

| | | |
|---|---|---|
| सोना | : | 5,585 |
| चांदी | : | 80.00 |

(नोट : सोना 22 कैरेट प्रति ग्राम)

**BRIEF NEWS**

### रांची जिला क्रिकेट संघ के कार्यालय का महेंद्र सिंह धोनी ने किया उद्घाटन



**RANCHI :** रांची जिला क्रिकेट संघ के कार्यालय का गुरुवार को जेएससीए परिसर में भारतीय टीम के पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी ने फीता काट कर किया। मौके पर उन्होंने सभी अतिथियों के साथ कैंपस में पौधरोपण भी किया। धोनी ने सभी अधिकारियों को बधाई देते हुए कहा कि रांची जिले में क्रिकेट ने अपने विकास के कई रंग देखे है और कार्यालय के प्राप्त होने से इसके कार्य में सुगमता आएगी। इस अवसर पर रांची जिला क्रिकेट संघ के सचिव शैलेंद्र कुमार, उपाध्यक्ष सुनील कुमार, जेएससीए के अध्यक्ष संजय सहाय, सदस्य विभूति भूषण गप्पू, अजय नाथ शाहदेव सहित अन्य कई लोग मौजूद थे।

### कल से डुमरी विधानसभा उपचुनाव में प्रचार के लिए उतरेंगे सीएम हेमंत

**RANCHI :** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन 26 अगस्त से 3 सितंबर तक डुमरी उपचुनाव के प्रचार के लिए उतरेंगे। वे जेएमएम प्रत्याशी बेबी देवी के पक्ष में चुनावी सभाओं को संबोधित करेंगे। डुमरी उपचुनाव में सीएम के साथ आईनडीआईए के कई स्टार प्रचारक चुनाव प्रचार में उतरेंगे। इनमें हेमंत सोरेन के साथ कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी अविनाश पांडे, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर, कांग्रेस कोटे के सभी मंत्रियों के अलावे मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर, हफीजुल हसन और कई विधायक शामिल रहेंगे। सीएम समेत अन्य नेताओं के दौरे के कार्यक्रम की अंतिम रूपरेखा तैयार की जा रही है।

### मिजोरम रेल पुल हादसे में मृतकों की संख्या 22 हुई

**AIZAWL :** मिजोरम की राजधानी आइजल से लगभग 21 किमी दूर साइरंग को भैरवी (दक्षिणी असम में हैलाकांडी जिले की सीमा) से जोड़ने वाले कुरुंग नदी पर निमार्णाधीन रेल पुल के ढहने से अब तक 22 लोगों की मौत हो चुकी है। राज्य के आपदा प्रबंधन एवं पुनर्वास मंत्री पू लालचामलियाना ने गुरुवार को यह जानकारी दी। यह हादसा बुधवार की सुबह करीब 11 बजे हुआ था।



## अयोध्या में रामलला परिसर में विराजेंगे भोले बाबा

**मध्य प्रदेश के ओंकारेश्वर से एक हजार किलोमीटर की यात्रा पूरी कर 600 किलो वजनी नर्मदेश्वर शिवलिंग भगवान श्रीराम की जन्मस्थली अयोध्या पहुंच चुका है। राम मंदिर परिसर में रामलला के चारों ओर परकोटे में छह मंदिरों की स्थापना होनी है। इसमें एक शिव मंदिर में इस नर्मदेश्वर महादेव की स्थापना होगी। शिवलिंग के अयोध्या पहुंचने पर श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय ने आरती उतारी।**

# जमशेदपुर में बनेगा देश का पहला हाइड्रोजन ईंधन PLANT, MOU पर हस्ताक्षर आज

**PHOTON NEWS RANCHI :** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के पहल पर जमशेदपुर में देश का पहला हाइड्रोजन ईंधन से जुड़ा उद्योग स्थापित होगा। इसके लिए शुक्रवार को प्रोजेक्ट भवन में 354.28 करोड़ रुपये के निवेश के एमओयू पर हस्ताक्षर होगा। एमओयू पर राज्य के उद्योग विभाग और टीसीपीएल ग्रीन एनर्जी सॉल्यूशन प्रा. लिमिटेड (टीजीईएसपीएल) के बीच होगा। इसके बाद उद्योग की स्थापना का मार्ग प्रशस्त हो जाएगा। मुख्यमंत्री ने 28 जुलाई को मेसर्स टाटा मोटर्स लिमिटेड एवं मैसर्स कमिंस इंक., यूएसए के संयुक्त उपक्रम मेसर्स टीसीपीएल ग्रीन एनर्जी सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड (टीजीईएसपीएल) द्वारा जमशेदपुर, पूर्वी सिंहभूम में हाइड्रोजन आंतरिक दहन इंजन, ईंधन-अज्ञेयवादी इंजन, एडवांस केमिस्ट्री बैटरी, एच2 ईंधन सेल और एच2 ईंधन वितरण प्रणाली के निर्माण/उत्पादन के लिए ईकाई की स्थापना के लिए सिंगल विंडो क्लीयरेंस कमेटि एवं हाई पावर कमेटी की स्वीकृति की प्रत्याशा में उक्त निवेश के प्रस्ताव पर मैसर्स टीजीईएसपीएल के साथ एमओयू हस्ताक्षर करने के प्रस्ताव पर सहमति दी थी। झारखंड औद्योगिक एवं निवेश प्रोत्साहन नीति 2021 के वर्गीकृत क्षेत्रवार बड़ी परियोजनाओं से प्राप्त होने वाले निवेश तथा प्रत्यक्ष नियोजन के आधार पर ईकाई का वर्गीकरण मेगा श्रेणी के अंतर्गत किया गया है। इस ईकाई की प्रस्तावित क्षमता 4000 हाइड्रोजन आईसी इंजन/ईंधन अज्ञेयवादी इंजन और 10,000 बैटरी प्रणाली है, इस कार्य में हाइड्रोजन इंजन बनाने की नवीनतम तकनीक का उपयोग किया जाएगा, जिसका लाभ आने वाले समय में पूरे देश को होगा। हाइड्रोजन ऐसा ईंधन है, जिसकी क्षमता अन्य ईंधनों के अपेक्षा अधिक होती है। इसका एनर्जी लेबल अधिक होता है। यह सस्ता और हल्का होता है।




फाइल फोटो।

# ईडी समन को हेमंत ने SC में दी चुनौती

## याचिका दायर कर समन को बताया गलत

**CRIME REPORTER RANCHI :** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने इन्फोर्समेंट डायरेक्टोरेट (ईडी) के समन के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। हेमंत सोरेन ने अपने अधिवक्ता के माध्यम से सुप्रीम कोर्ट में याचिका दाखिल की है। जिसमें उन्होंने ईडी द्वारा समन किये जाने की प्रक्रिया को चुनौती दी है। अपनी याचिका में हेमंत सोरेन ने कहा है कि ईडी द्वारा उन्हें समन कर बुलाया जाना गलत है। बता दें कि सीएम सचिवालय से चिट्ठी लेकर कर्मी गुरुवार को एयरपोर्ट रोड स्थित प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के जोनल ऑफिस पहुंचा। हालांकि इस चिट्ठी में क्या लिखा है, इसे बारे सीएम सचिवालय कर्मी ने मीडिया को बताने से इनकार कर दिया। साथ ही कहा कि इस बारे में कोई जानकारी नहीं है। ईडी अब तक दो बार मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को समन भेजकर रांची जोनल ऑफिस में पूछताछ के लिए उपस्थित होने को कह चुकी है, जानकारी के मुताबिक, ईडी ने हेमंत सोरेन को लैंड स्कैम से जुड़े केस में पूछताछ करने के लिए बुलाया था। बता दें कि ईडी ने सीएम हेमंत सोरेन को आरसी 25/23 केस ईसीआईआर में समन किया है। इससे पहले 17 नवंबर 2022 को ईडी ने अवैध खनन मामले में सीएम से करीब 10 घंटे तक पूछताछ की थी। ईडी ने इस पूछताछ में पत्थर खनन से जुड़े कई सवाल सीएम से किए थे। साथ ही सीएम से संपत्ति की पूरी जानकारी मांगी थी। सीएम ने ईडी को उस वक्त एक खुली चिट्ठी लिखकर चुनौती दी थी।



### ईडी ने सीएम को भेजा था दूसरा समन

सीएम हेमंत सोरेन को बीते 19 अगस्त को ईडी ने दूसरा समन भेजकर 24 अगस्त को ईडी के रांची जोनल ऑफिस में पूछताछ के लिए उपस्थित होने को कहा था। सूत्रों के मुताबिक ईडी के अधिकारी सीएम से उनके और उनके परिवार की संपत्तियों के बारे में भी पूछताछ करेंगे। इससे पहले आठ अगस्त को भी ईडी ने सीएम हेमंत सोरेन को समन भेजकर 14 अगस्त को उपस्थित होने को कहा था। लेकिन वो ईडी के समक्ष पेश नहीं हुए थे। उन्होंने ईडी को पत्र लिखकर कहा था: समन वापस ले, मैं कानूनी सलाह ले रहा हूं। कानूनी प्रक्रिया के तहत ईडी से निपटेंगे। सीएम ने लिखा: आपका (ईडी) इस मामले में किया गया समन गैर कानूनी है। वे कानूनी सलाह लेकर ही आगे बढ़ेंगे।

### सभी वर्किंग विमेन मैटर्निटी बेनिफिट की हकदार : HC

**NEW DELHI :** दिल्ली हाईकोर्ट ने गुरुवार (24 अगस्त) को कहा कि सभी प्रेग्नेंट वर्किंग विमेन मैटर्निटी बेनिफिट (गर्भावस्था के दौरान मिलने वाले लाभ) की हकदार हैं। उनके परमानेंट या कॉन्ट्रैक्ट पर काम करने से फर्क नहीं पड़ता। उन्हें मैटर्निटी बेनिफिट एक्ट 2017 के तहत राहत देने से इनकार नहीं किया जा सकता। जस्टिस चंद्र धारी सिंह की बेंच ने दिल्ली स्टेट लीगल सर्विसेज अथॉरिटी (डीएसएलएसए) में संविदा पर काम करने वाली एक गर्भवती महिला को राहत देते हुए यह टिप्पणियां कीं। दरअसल, कंपनी ने महिला को मैटर्निटी बेनिफिट देने से इनकार किया था। कंपनी का कहना था कि लीगल सर्विसेज अथॉरिटी में संविदा कर्मचारी को मैटर्निटी बेनिफिट देने का कोई क्लॉज (प्रावधान) नहीं है। कोर्ट में याचिकाकर्ता की ओर से एडवोकेट चारू वली खन्ना पेश हुईं। वहीं, डीएसएलएसए की ओर से एडवोकेट सरफराज खान ने दलीलें पेश कीं। कोर्ट ने मामले की सुनवाई करते हुए कहा कि मैटर्निटी बेनिफिट एक्ट के प्रावधानों में ऐसा कुछ भी नहीं है, जो यह बताता हो कि किसी वर्किंग विमेन को प्रेग्नेंसी के दौरान राहत देने से रोका जाएगा।

# बाबूलाल मरांडी पर कांके थाना में FIR

## शिबू व हेमंत पर अपशब्द कहने का आरोप

**CRIME REPORTER RANCHI :** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी के खिलाफ कांके थाना में गुरुवार को एफआइआर दर्ज कराई गई है। मरांडी के खिलाफ कांके के रहने वाले सोनू तिर्की ने एफआइआर दर्ज करवाई है। प्राथमिकी में कहा गया है कि बाबूलाल मरांडी ने राजनीतिक लाभ लेने के लिए शिबू सोरेन और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के खिलाफ घृणित और अपमानजनक शब्दों का सोशल मीडिया पर इस्तेमाल करते हुए टिप्पणी की है। इससे आदिवासी समाज आहत है। सोनू तिर्की की ओर से दिए गए लिखित आवेदन के आधार पर आईपीसी की विभिन्न धाराओं के तहत कांके थाना में (कांड संख्या 210/23 ) एफआईआर दर्ज कर ली गयी है। कांके थाना प्रभारी अभास कुमार ने बताया कि पूरे मामले की जांच की जा रही है। सोनू तिर्की ने कांके थाना में बाबूलाल मरांडी के खिलाफ एफआईआर दर्ज करायी है। आरोप लगाया है कि बाबूलाल की टिप्पणी से आदिवासी समाज को आहत करने का प्रयास किया गया है। कांके निवासी सोनू तिर्की के लिखित आवेदन पर कांके थाना पुलिस ने बाबूलाल मरांडी के खिलाफ आईपीसी की धारा 504, 505 और 506 के तहत एफआईआर दर्ज की है।



### मुझ पर कृपा बरसाने के लिए आभार : बाबूलाल

राज्य के चार विभिन्न थानों में उनके खिलाफ दर्ज करायी गयी एफआईआर पर भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने टिप्पणी की है। अपने ट्वीट में लिखा है, राजकुमार हेमंत सोरेन जी, सुना है मेरी संकल्प यात्रा में आपका पोल खोलने से परेशान होकर आपने तीन दिनों में अब तक लातेहार, सिमडेगा, देवघर और रांची में हम पर चार अलग-अलग मुकदमे दर्ज करवाये हैं। मुझ पर यह विशेष कृपा बरसाने के लिए आपका आभारी हूं।

### जिंदा जलाने के दोषी को सश्रम आजीवन कारावास

**PLAMU :** पलामू जिला व्यवहार न्यायालय के एससी-एसटी कोर्ट के स्पेशल जज संतोष कुमार की अदालत ने गुरुवार को घर में आग लगाकर जान मारने के दोषी अमित कुमार सिंह उर्फ गुड्डू सिंह को सश्रम आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। वहीं विभिन्न धाराओं में लगभग 80 हजार रुपये अर्थदंड लगाया है। अर्थ दंड की राशि नहीं देने पर छह माह अतिरिक्त सजा भुगतनी पड़ेगी। इस मामले में तरहसी थाना के उदयपुर निवासी संजय पासवान ने अमित कुमार सिंह उर्फ गुड्डू सिंह सहित छह नामजद व एक अज्ञात के विरुद्ध तरहसी थाना में कांड संख्या 13/2017 तिथि 23.22017 को भादवि की धारा 147, 148, 307, 149, 302, 149, 436, 149, 427, 149 के तहत दर्ज किया गया था। अमित कुमार पिपराटाड़ के कोटेया निवासी है। अमित कुमार पर आरोप था कि 22 फरवरी 2017 को 11.30 बजे रात्रि में संजय पासवान के घर में अपने सह अभियुक्त बीरबल पासवान एवं संजय सिंह के साथ मिलकर आग लगा दी थी। उस समय संजय और उसका परिवार सो रहा था। इस कारण संजय पासवान की पत्नी इमली देवी एवं उसकी मां गहनी कुंवर की आग से जलकर मौत हो गई थी।

# योगेंद्र तिवारी के ठिकानों पर दूसरे दिन भी छापेमारी

## शराब घोटाले में फंस सकते कई बड़े नाम

**CRIME REPORTER RANCHI :** झारखंड शराब घोटाला मामले में इन्फोर्समेंट डायरेक्टोरेट (ईडी) की छापेमारी की। ईडी की टीम गुरुवार को शराब कारोबारी योगेंद्र तिवारी के ठिकानों पर छापेमारी की। बाकी लोगों के ठिकानों पर ईडी की छापेमारी खत्म हो गयी है। गौरतलब है कि शराब घोटाले मामले में ईडी ने बुधवार को एक साथ पांच जिलों के 34 ठिकानों पर छापेमारी शुरू की थी। योगेंद्र तिवारी के शराब सिंडिकेट में पक्ष, विपक्ष के नेताओं और आईपीएस अधिकारी के करीबी कारोबारियों की संलिप्तता के साक्ष्य ईडी को मिले हैं। ईडी ने बुधवार को झारखंड के रांची, हजारीबाग, जामताड़ा, हजारीबाग, गोड्डा, देवघर, दुमका और गिरिडीह जिले में छापेमारी की थी। इस दौरान ईडी को सैकड़ों बैंक खाते, हार्ड

### खूंटी में पीएलएफआई का सक्रिय उग्रवादी गिरफ्तार

**KHUNTI :** प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन पीपुल्स लिबरेशन फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएलएफआई) के सक्रिय उग्रवादी लक्ष्मण पूर्ति को पुलिस ने बुधवार को मुरहू थाना क्षेत्र से गिरफ्तार कर लिया। उसके पास से पुलिस ने एक लोडेड देसी कट्टा, छह जिंदा कारतूस, संगठन की चंदा रसीद, नकदी 46 हजार छह सौ रुपये, एक होंडा शाइन मोटरसाइकिल और दैनिक उपयोग के सामान बरामद किया है। यह जानकारी गुरुवार को कार्यालय कक्ष में प्रेस कांफ्रेंस कर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अमित कुमार ने दी।

# कुल्लू में भरभराकर गिर गई सात इमारतें

## महज 30 सेकेंड में एक-एक कर गिर गए भवन, गजब का दिखा कहर

**AGENCY SHIMLA :** हिमाचल प्रदेश के कुल्लू जिले में गुरुवार सुबह 30 सेकेंड के अंदर 7 इमारतें गिर गईं। हालांकि, हादसे में किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। प्रशासन ने इन इमारतों को तीन दिन पहले ही खाली करवा लिया था। आसपास की 2-3 इमारतों पर अभी भी खतरा बना हुआ है। यहां लोगों के आने-जाने पर रोक लगा दी गई है। राज्य में पिछले 24 घंटे में बारिश से जुड़ी घटनाओं में 12 लोगों की मौत हो गई। इनमें से 7 मौतें मंडी और शिमला में लैंडस्लाइड की वजह से हुईं। इसके अलावा कई घर टूट गए और 400 सड़कें ब्लॉक हो गई हैं। भारी बारिश के चलते कुल्लू-मनाली हाईवे भी बंद कर दिया गया। मौसम विभाग ने पूरे राज्य में अगले दो दिन भारी बारिश होने का रेड अलर्ट जारी किया है। हिमाचल के 3 जिलों- शिमला, मंडी और सोलन में आज सभी स्कूल-कॉलेज बंद रहेंगे। मौसम विभाग ने आज उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश, बिहार और झारखंड समेत 15 राज्यों में भारी बारिश का अलर्ट जारी किया है। वहीं दिल्ली, मध्य प्रदेश और राजस्थान समेत 6 राज्यों में मध्यम बारिश का अलर्ट जारी किया गया है।




चलते कुल्लू-मनाली हाईवे भी बंद कर

## इसरो को बधाई देने का लगा तांता, विदेशी मीडिया ने जमकर की तारीफ

# दुनिया भर की सुर्खियां बटोर रहा चंद्रयान-3

**AGENCY NEW DELHI :** चांद के दक्षिणी ध्रुव पर भारत ने सफलता के साथ कदम रख दिया है। भारत की इस उपलब्धता पर दुनिया भर के कई लोगों के द्वारा बधाई संदेश भेजे जा रहे है। इसरो और भारत को बीते बुधवार शाम से ही बधाइयों का ढेर मिलना शुरू हो गया है। ऐसे में चंद्रयान-3 की सफल सॉफ्ट लैंडिंग को प्रमुख विदेशी मीडिया प्रतिष्ठानों ने एक अद्भुत उपलब्धि और भारतीय अंतरिक्ष अन्वेषण के लिए एक बड़ा क्षण बताया है। न्यूयॉर्क टाइम्स से लेकर बीबीसी और द गार्डियन से लेकर द वाशिंगटन पोस्ट तक, बुधवार को भारत के अंतरिक्ष कार्यक्रम की ऐतिहासिक घटना ने दुनिया भर में सुर्खियां बटोरीं। मुख्यधारा के अमेरिकी समाचारपत्रों ने महान भारतीय उपलब्धि का उल्लेख किया। पूर्व में इन अखबारों में से कई ने भारत के अंतरिक्ष मिशन पर संदेह जताया था और कभी-कभी कार्टून के माध्यम से इसका मजाक भी उड़ाया था। न्यूयॉर्क टाइम्स की रिपोर्ट में कहा गया है, चंद्रयान-3 मिशन ने भारत को चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव क्षेत्र पर पहुंचने वाला पहला देश बना दिया है और इसने देश के घरेलू अंतरिक्ष कार्यक्रम की उपलब्धियों में इजाफा किया है। वाशिंगटन पोस्ट ने इस ऐतिहासिक अवसर का जश्न मनाने के लिए विभिन्न दृष्टिकोणों को शामिल करते हुए कुछ कहानियां और एक राय लिखी।



### अगले महीने लॉन्च होगा आदित्य मिशन

**NEW DELHI :** चंद्र मिशन की सफलता के बाद अब भारत जल्दी ही सूर्य के अध्ययन के सफर पर निकलेगा। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) सूर्य के लिए आदित्य मिशन की तैयारी कर ली है। इसरो प्रमुख एस सोमनाथ ने गुरुवार को बताया कि आदित्य एल 1 सूर्य का अध्ययन करने वाला भारत का पहला अंतरिक्ष मिशन होगा। इसे अगले महीने यानी सितंबर के पहले या दूसरे सप्ताह में लॉन्च किया जाएगा। इसका मकसद करीब से सूर्य का निरीक्षण, इसके वातावरण और चुंबकीय क्षेत्र के बारे में स्टडी करना है। एस सोमनाथ ने बताया कि सूर्य के लिए आदित्य मिशन सितंबर में लॉन्चिंग के लिए तैयार हो रहा है। इसके साथ इसरो गगनयान पर भी तेजी से काम कर रहा है। कई परीक्षण के बाद संभवत: 2025 तक पहला मानवयुक्त मिशन पूरा किया जा सकता है।

### जेनरिक दवाओं को लिखने की बाध्यता पर एनएमसी ने लगाई रोक

**NEW DELHI :** डॉक्टरों को जेनरिक दवाओं को लिखने की बाध्यता के साथ कई नए नियमों वाले दिशा-निर्देशों पर राष्ट्रीय आयुर्विज्ञान आयोग(एनएमसी) ने रोक लगा दी है। गुरुवार को इस संबंध में नोटिफिकेशन जारी करते हुए आयोग ने ह्यपंजीकृत चिकित्सकों के व्यावसायिक आचरण से संबंधित विनियमोंह्ण तत्काल रूप से स्थगित कर दिया। वही, एनएमसी के इस फैसले का भारतीय चिकित्सा संघ (आईएमए) ने स्वागत किया है। आईएमए के अध्यक्ष शरद अग्रवाल ने स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मांडविया का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि संघ द्वारा उठाई गई चिंताओं पर ध्यान दिया गया।

# बड़े पैमाने पर होगी सैन्य सामाग्रियों की खरीदारी

## खर्च होंगे 7800 करोड़ रुपये, सरकार की मंजूरी

**AGENCY NEW DELHI :** केंद्र सरकार ने भारतीय सशस्त्र बलों की परिचालन क्षमता बढ़ाने के लिए गुरुवार को लगभग 7,800 करोड़ रुपये मंजूर किये हैं। भारतीय वायु सेना की दक्षता बढ़ाने के लिए एमआई-17 वी5 हेलीकॉप्टरों पर इलेक्ट्रॉनिक वारफेयर (ईडब्ल्यू) सुइट की खरीद को स्वीकृति दी गई है। सेना के लिए 7.62७51 मिमी लाइट मशीन गन (एलएमजी) खरीदने के प्रस्ताव को भी आगे बढ़ाया गया है। इसके अलावा भारतीय नौसेना के एमएच-60 आर हेलीकॉप्टरों की परिचालन क्षमता को बढ़ाने के लिए हथियारों की खरीद होनी है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की अध्यक्षता में गुरुवार को हुई रक्षा अधिग्रहण परिषद (डीएसी) की बैठक में लगभग 7,800 करोड़ रुपये के पूंजी अधिग्रहण प्रस्तावों के लिए आवश्यकता की स्वीकृति (एओएन) दी गई। भारतीय वायु सेना की दक्षता बढ़ाने के लिए डीएसी ने भारतीय-आईडीडीएम श्रेणी के तहत एमआई-17 वी5 हेलीकॉप्टरों पर इलेक्ट्रॉनिक वारफेयर (ईडब्ल्यू) सुइट की खरीद और स्थापना के लिए एओएन प्रदान किया है, जिससे इन हेलीकॉप्टरों की क्षमता और बेहतर होगी।

BRIEF NEWS

## रेलमंत्री अश्विनी वैष्णव ने भोपाल में मुख्यमंत्री चौहान से की मुलाकात

**BHOPAL:** रेलमंत्री अश्विनी वैष्णव ने गुरुवार को भोपाल प्रवास के दौरान मुख्यमंत्री निवास पहुंचकर मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान से मुलाकात की। इस दौरान उनके बीच मध्यप्रदेश के विकास से संबंधित विभिन्न विषयों पर चर्चा हुई। मुख्यमंत्री चौहान ने रेलमंत्री वैष्णव का स्वागत पुष्पगुच्छ भेंटकर किया। मुख्यमंत्री ने रेलमंत्री को प्रदेश में जारी विकास गतिविधियों और जनकल्याणकारी कार्यक्रमों की जानकारी दी तथा प्रदेश में रेल सुविधाओं के विस्तार के संबंध में चर्चा की।

## केंद्रीय मंत्री गोयल और फ्रांस के विदेश व्यापार मंत्री ने किया प्रदर्शनी का उद्घाटन

**JAIPUR:** वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल और फ्रांस सरकार में विदेश व्यापार मंत्री ओलिवियर बेच्ट ने गुरुवार को ह्यनवरत्नह्ल प्रदर्शनी का उद्घाटन किया। यह प्रदर्शनी चंद्र महल-सवाई मान सिंह महल रामबाग पैलेस होटल में जी-20 टीआईएमएम कार्यक्रम स्थल पर लगाई गई है। जी-20 ट्रेड और इन्वेस्टमेंट मिनिस्टीरियल मीटिंग के अनुरूप यह प्रदर्शनियों की श्रृंखला का एक हिस्सा है। प्रदर्शनी में जी-20 प्रतिनिधियों के लिए आकर्षक कलाकृतियों को पेश किया गया, जो रत्न तथा आभूषण, टैक्सटाइल औ? हैंडक्राफ्ट में शहर की विशेषज्ञता को प्रदर्शित कर रही थी। प्रदर्शनी का उद्देश्य इन क्षेत्रों में घरेलू और अंतरराष्ट्रीय स्टेकहोल्डरों के बीच सहयोग को बढ़ावा देना, निवेश को प्रोत्साहित करना और व्यापार को बढ़ावा देना है। केन्द्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने ओलिवियर बेच्ट के साथ एक्सपीरियंस जोन में कारीगरों के साथ बातचीत की। उन्होंने विभिन्न रत्नों और आभूषणों की वस्तुओं और राजस्थान के स्वदेशी वस्त्रों जैसे दाबू, ब्लॉक प्रिंट, बंधनी, गोट्टा पट्टी, रैली पैच वर्क और कोटा डोरिया की विस्तृत विविधता को तैयार करने की जटिल प्रक्रियाओं के बारे में विस्तार से जानकारी प्राप्त की।

## सीएम ने 4563 करोड़ के पावर प्लांट का किया भूमिपूजन

**BHOPAL:** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने घोषणा करते हुए कहा कि शासकीय महाविद्यालय बगडोना का नाम शहीद सरदार विष्णु सिंह गोंड के नाम पर किया जाएगा। पर्यटन नगरी मठारदेव में रोपवे के लिए सर्वे कराएंगे। शासकीय महाविद्यालय बगडोना में वाणिज्य और विज्ञान के संकाय प्रारंभ होंगे। सारणी में आईटीआई खोली जाएगी। मुख्यमंत्री चौहान गुरुवार शाम को बैतूल जिले के सारणी में तेंदूपत्ता संग्राहकों को हितलाभ वितरण एवं चरण पादुका योजना अंतर्गत सामग्री वितरण और विभिन्न विकास कार्यों के लोकार्पण और भूमिपूजन समारोह को संबोधित कर रहे थे। सारणी में 4 हजार 563 करोड़ रुपये के पावर प्लांट का निर्माण किया जाएगा। मुख्यमंत्री चौहान ने कार्यक्रम में इस प्लांट का भूमिपूजन किया। उन्होंने कहा कि सारणी में विकास के कई काम होंगे। प्रदेश में ऊर्जा की कोई कमी नहीं रहेगी। हर-घर में नलों मे माध्यम से पीने का पानी उपलब्ध कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री जन आवास योजना के अंतर्गत सभी पात्र भाई बहनों को रहने के लिए घर और पट्टा दिया जाएगा। अतिथि शिक्षकों की समस्याओं को हल किया जाएगा। नौकरी और स्वरोजगार के लिए सीखो और कमाओ योजना शुरू की गई है। अभी एक लाख पदों पर भर्ती चल रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि मेधावी विद्यार्थियों की मेडीकल, इंजीनियरिंग एवं उच्च शिक्षा की फीस राज्य सरकार भरवाएगी। राज्य सरकार की ओर से अपने स्कूल में टॉप करने वाले विद्यार्थियों को स्कूटी दी जा रही है। बारहवीं कक्षा में 75 प्रतिशत अंक लाने वाले विद्यार्थियों को लैपटॉप दिए जा रहे हैं। बहनों की जिंदगी बदलने से ही मेरा मुख्यमंत्री बनना सार्थक होगा। दुराचारियों को फांसी के फंदे पर लटका दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि मेरा संकल्प है कि बहनों की आंखों में आंसू नहीं रहने दूंगा। उनका मान- सम्मान और आत्मविश्वास बढे, इस उद्देश्य से ही लाड़ली बहना योजना के अंतर्गत प्रतिमाह एक हजार रुपये उपलब्ध कराये जा रहे हैं।

# समाज की बेहतरी के लिए लगातार काम करना है : सीपी राधाकृष्णन

**PHOTON NEWS RANCHI:** राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने कहा कि समाज को प्रशिक्षु अधिकारियों से अत्यंत अपेक्षाएं हैं। उम्मीद है कि आप समर्पित होकर अपने उत्तरदायित्व का निर्वहन करेंगे। आपने जिस राह का चयन किया है, इस राह पर चलकर आपको एक अच्छे समाज की रचना में अपना सक्रिय योगदान देना है एवं समाज की बेहतरी के लिए लगातार काम करना है।राज्यपाल गुरुवार को राज भवन में प्रशिक्षु काराधीक्षकों, प्रोबेशन ऑफिसर्स एवं सहायक लोक अभियजकों से संवाद करते हुए बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि जैसे-जैसे समाज में विकास कार्य आगे बढ़ता है, वैसे-वैसे लोगों की अपेक्षाएं भी बढ़ती है। सफलता की परिभाषा यह नहीं है की आप अपनी भौतिक आवश्यकताओं को कितना पूरा करते हैं, बल्कि उसकी परिभाषा यह है कि आप समाज के प्रति अपना कितना योगदान देते हैं। राज्यपाल ने



प्रशिक्षु अधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि निःस्वार्थ, समर्पित एवं निष्पक्ष होकर कार्य करने से जो खुशी आपको मिलेगी, वह खुशी अधिक से अधिक धनार्जन करके नहीं की जा सकती है। उन्होंने कहा कि हमारी सभ्यता एवं संस्कृति में निष्काम भाव से कर्म करने का संदेश दिया गया है। बिना भेदभाव के प्रत्येक जाति, धर्म एवं भाषा के लोगों के साथ एक समान व्यवहार करने से आपको आंतरिक खुशी होगी। जानबूझकर की गई गलती एक बहुत बड़ा अपराध है। राज्यपाल ने कहा कि जीवन में हमें लगातार सीखने का प्रयत्न करते रहना चाहिए। चुनौतियों व असफलता से घबराना नहीं चाहिए, उत्साहपूर्वक निरंतर सही राह में आगे बढ़ते रहना चाहिए। हमारे दूरदर्शी प्रधानमंत्री की लोकप्रियता आज सम्पूर्ण विश्व में है। चंद्रयान-2 की असफलता पर उन्होंने वैज्ञानिकों को ढाढ़स देते हुये कहा था कि चिंता न करें और आगे बढ़े। वैज्ञानिकों के अथक परिश्रम एवं प्रधानमंत्री के उत्साहवर्धन से आज चंद्रयान-3 मिशन सफल हुआ और अन्तरिक्ष के क्षेत्र में हमारे देश ने नया कीर्तिमान स्थापित किया। राज्यपाल ने प्रशिक्षु अधिकारियों को शुभकामनायें देते हुए कहा कि आपका योगदान और समर्पण कई लोगों के जीवन को नई दिशा देने एवं आत्मनिर्भर समाज बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन कर सकता है। इस अवसर पर श्रीकृष्ण लोक प्रशासन संस्थान के निदेशक मुकेश कुमार, संयुक्त निदेशक मीणा, संयुक्त निदेशक अनिल कुमार एवं गृह विभाग के लोक अभियोजक केके मिश्रा उपस्थित थे।

# रिहा होने वाले कैदियों का सामाजिक पुनर्वास सुनिश्चित करें : मुख्यमंत्री

## हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में झारखंड राज्य सजा पुनरीक्षण पर्षद की 29वीं बैठक



बैठक में शामिल मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन व अन्य • फोटोन न्यूज

**PHOTON NEWS RANCHI:** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में गुरुवार को झारखंड मंत्रालय में आयोजित झारखंड राज्य सजा पुनरीक्षण पर्षद की 29वीं बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में राज्य के विभिन्न कारागृहों में आजीवन सजा काट रहे 41 कैदियों की रिहाई से संबंधित समीक्षा की गई। अदालतों, संबंधित जिलों के पुलिस अधीक्षक, जेल अधीक्षक और प्रोबेशन पदाधिकारी के मंतव्य पर गहन विचार-विमर्श के बाद 28 कैदियों को रिहा करने की स्वीकृति दी गई। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से कहा कि झारखंड राज्य सजा पुनरीक्षण पर्षद की बैठक में जिन कैदियों की रिहाई सुनिश्चित की गई है उनका सामाजिक पुनर्वास आवश्यक है। संबंधित विभाग के अधिकारी एक बेहतर कार्य योजना बनाकर इन कैदियों को समाज की मुख्य धारा से जोड़ने का काम करें। जेल से रिहा होने के बाद ऐसे कैदियों की गतिविधियों की निरंतर ट्रैकिंग और मॉनिटरिंग की व्यवस्था सुनिश्चित करें। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि समय-समय पर इन कैदियों की काउंसलिंग भी की जाए। जेल से निकलने के बाद इन कैदियों के जीवनयापन में सामाजिक रूप से कोई बाधा न पहुंचे तथा आर्थिक समस्या उत्पन्न न हो इस निमित्त इन्हें स्वरोजगार से जोड़ने का कार्य भी आवश्यक रूप से की जाए। बैठक में अपर मुख्य सचिव गृह कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग अविनाश कुमार, पुलिस महानिदेशक अजय कुमार सिंह, मुख्यमंत्री की प्रधान सचिव वंदना दादेल, प्रधान सचिव-सह-विधि परामर्शी विधि (न्याय) विभाग नलिन कुमार, मुख्यमंत्री के सचिव विनय कुमार चौबे, न्यायिक आयुक्त अरुण कुमार राय, कारा महानिरीक्षक उमा शंकर सिंह सहित अन्य वरीय पदाधिकारी उपस्थित थे।

## CM ने STF को पुनरीक्षित भत्ता और विशेष सुविधा देने के प्रस्ताव को दी स्वीकृति

**RANCHI:** झारखंड जगुआर (एसटीएफ) में कार्यरत सभी पुलिस पदाधिकारियों-कर्मियों को दिये जाने वाले विशेष सुविधा भत्ता को 7वीं पीआरसी के आलोक में पुनरीक्षित करने के प्रस्ताव पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने गुरुवार को स्वीकृति दे दी। विशेष कार्य बल (एसटीएफ) के पदों में पुलिस महानिरीक्षक से आरक्षी तक के पद तीन वर्षों के चक्रचालन के आधार पर झारखंड सशस्त्र पुलिस बल, जिला कार्यकारी बल एवं समान पुलिस बलों से प्रतिनियुक्ति-पदस्थापन के आधार पर तथा शेष पद नियुक्ति द्वारा भरे जायेंगे। राज्य में विशेष कार्य बल (एसटीएफ) में कार्यरत सभी पदाधिकारियों-कर्मियों को 7वीं पीआरसी के मूल वेतन का 50 प्रतिशत एसटीएफ भत्ता। पुलिस उपाधीक्षक कोटि तक के सभी पदाधिकारियों एवं कर्मियों को राशन व्यय के रूप में प्रतिमाह 2400 रुपये। सहायक पुलिस अवर निरीक्षक से पुलिस उपाधीक्षक तक के सभी पदाधिकारियों को 9000 तथा हवलदार एवं आरक्षी कोटि के सभी कर्मियों को 8000 रुपये वार्षिक वर्दी भत्ता। 7वें वेतनमान के आलोक में पुनरीक्षित एसटीएफ भत्ता एवं अन्य विशेष सुविधा आदेश निर्गत होने की तिथि से देय होने का प्रस्ताव है। मई 2019 से भत्ता पुनरीक्षण संबंधी आदेश निर्गत होने की तिथि तक झारखंड जगुआर में कार्यरत एवं इस अवधि में कार्य कर चुके पदाधिकारियों-कर्मियों को 7वें वेतनमान के अनुरूप मूल वेतन का 50 फीसदी एसटीएफ भत्ता तथा उक्त अवधि में भुगतान किये गये एसटीएफ भत्ता का अन्तर राशि बकाया के रूप में भी भुगतान किया जाना है। सुविधा एसटीएफ को सुदृढ़ करने के लिए समय-समय पर राज्य सरकार द्वारा स्वीकृत किये गये अतिरिक्त पदों पर भी समान रूप से प्रभावी रहने देने का प्रस्ताव है।

## केंद्र सरकार जी-20 सम्मेलनों का उठा रही पूरा फायदा, हो रहा चुनावी प्रचार : आभा



**PHOTON NEWS RANCHI:** प्रदेश कांग्रेस की प्रवक्ता आभा सिन्हा ने कहा कि केंद्र सरकार देश में हो रहे जी-20 सम्मेलनों का पूरा फायदा उठा रही है। इस दौरान जमकर चुनावी प्रचार किया जा रहा है। सिन्हा ने गुरुवार को प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि सरकार जी-20 सम्मेलनों के जरिए देश के लोगों का ध्यान मुद्दों से भटकाने के लिए ऐसा कर रही है। अन्य देशों में भी जी-20 के सम्मेलन होते हैं लेकिन वहां इस तरह का प्रचार नहीं चलता है। उन्होंने कहा कि जी-20 का गठन 1999 में हुआ था। इसमें दुनिया के 19 देश तथा यूरोपीयन यूनियन सदस्य हैं। उन्होंने कहा कि इसके गठन से लेकर अब तक बारी-बारी से 17 देशों में जी-20 शिखर सम्मेलनों का आयोजन हो चुका है और अब भारत का नंबर है लेकिन यहां इसे लेकर जिस तरह का चुनावी कैंपेन चलाया जा रहा है और माहौल बनाने की कोशिश की जा रही है, वैसा किसी भी दूसरे देश में नहीं हुआ। वास्तव में ऐसा इसलिए किया जा रहा है ताकि लोगों के जरूरी मुद्दों से ध्यान भटकाया जा सके। उन्होंने कहा कि हमें याद रखना चाहिए कि इसी नई दिल्ली में 1983 में 100 से अधिक देशों का गुटनिरपेक्ष शिखर सम्मेलन और उसके बाद कॉमनवेल्थ देशों का शिखर सम्मेलन सफलतापूर्वक आयोजित हो चुका है लेकिन तब की सरकार ने चुनावी फायदे के लिए उन मौकों का इस्तेमाल नहीं किया। साथ ही कहा कि लालकृष्ण आडवाणी ने पांच अप्रैल, 2014 को नरेन्द्र मोदी को एक शानदार इवेंट मैनेजर बताया था। जनता का ध्यान भटकाने के लिए प्रधानमंत्री इवेंट मैनेजमेंट ही कर रहे हैं।

## पलामू में कांग्रेस अल्पसंख्यक प्रदेश प्रभारी और अध्यक्ष का स्वागत

**PHOTON NEWS PALAMU:** डालटनगंज शहर के माली मोहल्ला स्थित तंजीमुल अंसार कमेटी पलामू के कार्यालय में गुरुवार को अल्पसंख्यक कांग्रेस झारखंड प्रभारी उमैर खान एवं अल्पसंख्यक कांग्रेस झारखंड प्रदेश अध्यक्ष हाजी मंजूर अंसारी का अभिनंदन समारोह आयोजित किया गया।मुख्य अतिथि को तंजीम ने शॉल एवं बुके देकर सम्मानित किया। साथ ही प्रदेश प्रभारी एवं प्रदेश अध्यक्ष हाजी मंजूर अंसारी को ज्ञापन देकर पलामू जिले में हटाए गए 49 उर्दू विद्यालयों का नाम पूर्व की भांति यथावत रखने का आग्रह किया।




झारखंड प्रभारी उमैर खान ने कहा कि जल्द ही पलामू सहित पूरे राज्य में उर्दू विद्यालय पूर्व की भांति बहाल होंगे। सभा को पलामू प्रमंडल कांग्रेस प्रभारी गुलरेज अख्तर अंसारी, तंजीम के सचिव नसीम अहमद, मानव अधिकार एसोसिएशन के जिला अध्यक्ष सह कांग्रेस पलामू के महासचिव अनवर अहमद अंसारी, हाजी मुमताज अली ने संबोधित किया। सभा का संचालन शायर हाजी अमीन रहबर और धन्यवाद ज्ञापन जियाउद्दीन अंसारी ने किया।

## प्रदेश में अमन-चैन और कानून का राज स्थापित करना है तो हेमंत सरकार को उखाड़ फेंकना होगा : बाबूलाल

**PHOTON NEWS DEOGHAR:** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने संकल्प यात्रा के दौरान देवघर में गुरुवार को हेमंत सरकार पर जमकर हमला किया। भारी बारिश के बावजूद जनसभा में हजारों की संख्या में पहुंचे लोगों को संबोधित करते हुए मरांडी ने कहा कि कांग्रेस-जेएमएम और राजद की सरकार में आपराधिक की घटनाओं ने झकझोर दिया है। प्रदेश में अमन चैन और कानून का राज स्थापित करना है तो हेमंत सरकार को उखाड़ फेंकना होगा। मरांडी ने कहा कि प्रदेश में भ्रष्टाचार की स्थिति बद से बदतर हो गई है। थाना, ब्लॉक, अंचल व जिला कार्यालयों में बिना पैसे दिये कोई भी



काम नहीं होता है। हेमंत सरकार ट्रांसफर-पोस्टिंग व विकास योजनाओं में पैसे लेना छोड़ देगी तो अफसरों में हिम्मत नहीं की वे पैसे मांगें। खुद मुख्यमंत्री ने जमीन घोटाला किया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस, जेएमएम और राजद परिवारवाद, तुष्टिकरण की राजनीति करती हैं। जबतक यह राजनीति होगी झारखंड की जनता को कभी न्याय नहीं मिलेगा। इस राजनीति समाप्त करना है तो भाजपा की सरकार बनानी होगी। यही संकल्प दिलाने आया हूं। उन्होंने कहा कि हेमंत सरकार के तुष्टिकरण नीति के कारण संथाल परगना की डेमोग्राफी चेंज हो गई है। भाजपा की सरकार घुसपैठियों के साथ उन्हें बसाने वालों को भी नहीं छोड़ेगी। मरांडी ने सर्वप्रथम चांद पर चन्द्रयान-3 पहुंचने पर वैज्ञानिकों व प्रधानमंत्री के प्रति आभार व्यक्त किया। साथ ही कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत अंतरिक्ष में विश्वगुरु बना। इसके पूर्व अटल बिहारी वाजपेयी ने परमाणु परीक्षण करके देश की शान बढ़ाई थी। उन्होंने कहा कि भ्रष्टाचार में फंसे मुख्यमंत्री ईडी से बचने के लिए और भ्रष्टाचारियों को बचाने के लिए करोड़ों रुपए से महंगे वकील रख कर सुप्रीम कोर्ट में पैरवी कर रहे। राज्य के खान खनिज और गरीबों की जमीन लूटने वाले को जेल जाने से कोई नहीं बचा सकता।

**28 अगस्त को वेस्टर्न जोनल काउंसिल की होगी बैठक, कई राज्य लेंगे भाग, विभिन्न मुद्दों पर होगी चर्चा**

# वैज्ञानिकों की उपलब्धि पर गांधीनगर के हनुमान मंदिर में आरती करेंगे केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह

**AGENCY AHMADABAD:** केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह 28 अगस्त को गुजरात दौरे पर जाएंगे। इस दौरान वे गांधीनगर में आयोजित वेस्टर्न जोनल काउंसिल की बैठक में शामिल होंगे। इसके अलावा चंद्रयान-3 की सफलता को लेकर अहमदाबाद के शाहीबाग स्थित कैम्प हनुमान मंदिर में आरती में भाग लेंगे। गांधीनगर में आगामी 28 अगस्त को वेस्टर्न जोनल काउंसिल की बैठक आयोजित होगी। इसके उद्घाटन सत्र में केन्द्रीय सहकारिता और गृह मंत्री अमित शाह उपस्थित रहेंगे। बैठक में गुजरात, महाराष्ट्र, गोवा, दादरा और नगर हवेली के गृह मंत्रियों और अधिकारियों की मौजूदगी रहेगी। इस बैठक में राज्यों की लंबित मांग, समस्याएं आदि पर चर्चा और समीक्षा की जाएगी। अगस्त में केन्द्रीय मंत्री शाह का यह दूसरा दौरा होगा, इससे पूर्व वे दो दिवसीय दौरे पर गुजरात आए थे, जिसमें उन्होंने कच्छ और गांधीनगर के विभिन्न कार्यक्रमों में हाजिरी दी थी।

## ड्रग डीलरों और उनके नेटवर्क के खिलाफ कठोर कार्रवाई जारी रखें राज्य : शाह



बैठक में उपस्थित केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह व अन्य • फोटोन न्यूज

**NEW DELHI:** केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने कहा कि ड्रग डीलरों और उनके नेटवर्क के खिलाफ कठोर कार्रवाई होनी चाहिए। इस दिशा में राज्य सरकारों को शक्ति से निपटने की जरूरत है। शाह ने गुरुवार को नई दिल्ली में "राष्ट्रीय सुरक्षा रणनीति सम्मेलन" का उद्घाटन करते हुए कहा कि मादक पदार्थों की तस्करी से निपटने के लिए केन्द्र सरकार प्रतिबद्धता के साथ काम कर रही है। उल्लेखनीय है कि सत्र के दौरान प्रतिभागियों से बात करते हुए केन्द्रीय गृह मंत्री ने राष्ट्रीय सुरक्षा प्रबंधन में जिलास्तरीय पुलिस अधिकारियों की महत्वपूर्ण भूमिका पर बल दिया। उन्होंने पुलिस अधिकारियों से अनुरोध किया कि जांच के दौरान वैज्ञानिक उपकरणों का उपयोग बढ़ाएं। आज सम्मेलन के पहले दिन राष्ट्रीय सुरक्षा से संबंधित विभिन्न विषयों पर विचार-विमर्श हुआ। इनमें भारत में नार्को-फाइनेंसिंग संबंधी रुझान, जांच में फॉरेंसिक का उपयोग, सामाजिक चुनौतियां, न्यूक्लियर व रेडियोलॉजिकल आपात स्थिति के लिए तैयारियां व साइबर सुरक्षा फ्रेमवर्क जैसे विषयों पर चर्चा हुई। सम्मेलन शुरू होने से पूर्व, केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शहीद स्मारक पर पुष्पांजलि अर्पित कर सेवा कार्य के दौरान देश के लिए अपने प्राणों की आहुति देने वाले शहीदों को श्रद्धांजलि दी। दो दिवसीय राष्ट्रीय सुरक्षा रणनीति सम्मेलन-2023 में गृह मंत्रालय, राज्यों, केन्द्रीय सुरक्षा बलों सहित अन्य विभागों के लगभग 750 से अधिक प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। सम्मेलन में केंद्रीय गृह राज्यमंत्री सहित केंद्रीय गृह सचिव, राष्ट्रीय सुरक्षा संभालने वाले अनेक वरिष्ठ अधिकारी शामिल हुए। कल समापन समारोह में केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह अधिकारियों को संबोधित करेंगे। बीते वर्ष 17 अगस्त को राष्ट्रीय सुरक्षा रणनीति सम्मेलन का आयोजन हुआ था। इस सम्मेलन में गृह मंत्रालय के अधिकारियों, सभी राज्यों/ केंद्रशासित प्रदेशों व केन्द्रीय सशस्त्र पुलिस बल के अधिकारियों सहित देश भर से 600 से अधिकारी इस सम्मेलन में शामिल हुए थे।

## खूंटी में आज व कल वोटर चेतना महाअभियान चलाएगी भाजपा




**PHOTON NEWS KHUNTI:** मतदाता सूची में छूटे नामों को जोड़ने के लिए भाजपा 25 और 26 अगस्त को वोटर चेतना महा अभियान चलाएगी। यह जानकारी गुरुवार को भाजपा के जिला कार्यालय में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष काशी नाथ महतो, मीडिया प्रभारी अनूप कुमार साहू और कर्रा मंडल के महामंत्री कलिंदर राम ने दी। काशीनाथ महतो ने कहा कि देश के 18 साल से अधिक उम्र के सभी लोगों को मत देने का अधिकार मिले, इसके लिए उनका नाम मतदाता सूची में होना जरूरी हं। जिन लोगों का नाम किसी कारणवश वोटर लिस्ट में दर्ज नहीं हो सका है, उनके नाम जोड़ने के लिए भाजपा वोटर चेतना महा अभियान चलाएगी। उन्होंने कहा कि जो युवा 18 वर्ष के हो गए हैं या किसी अन्य स्थान से स्थानांतरित हुए हैं, उन्हें फॉर्म छह भरना है। इसके लिए एक फोटो आधार कार्ड जन्मतिथि का प्रमाण पत्र जरूरी है। साथ ही कहा कि 25 और 26 अगस्त को बूथ स्तर पर सभी भाजपा कार्यकर्ता घर-घर जाएंगे और ऐसे लोगों का जिनका नाम मतदाता सूची में नहीं है, उन्हें जोड़ने के लिए प्रेरित करेंगे। इस काम में लगे सरकारी कर्मचारियों की मदद करेंगे।

BRIEF NEWS

### रिम्स में होगी डीएम कार्डियोलॉजी की पढ़ाई

**RANCHI :** राजेंद्र आयुर्विज्ञान संस्थान(रिम्स) को दो सीटों के साथ डीएम कार्डियोलॉजी पाठ्यक्रम की मंजूरी मिल गई है। गुरुवार को डीन डॉ. विद्यापति ने बताया कि रिम्स यह कोर्स शुरू करने वाला राज्य का पहला अस्पताल है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग ने शैक्षणिक वर्ष 2022 से रिम्स में डीएम कार्डियोलॉजी पाठ्यक्रम को मंजूरी दे दी है। इस मंजूरी से कॉलेज संचालित अस्पतालों के लिए डीएम और एमसीएच पाठ्यक्रमों में नई सीटें पाने का मार्ग प्रशस्त होगा। यह मान्यता वर्ष 2022 से अधिकतम पांच वर्ष की अवधि के लिए वैध होगी। इसके बाद इसे नवीनीकृत करना होगा।

### नगर आयुक्त से मिला सिटीजन फोरम का प्रतिनिधिमंडल



**RANCHI :** रांची नगर निगम के सिटीजन फोरम के अध्यक्ष दीपेश कुमार निराला की अध्यक्षता में गुरुवार को एक प्रतिनिधिमंडल नगर आयुक्त अमित कुमार से मिला। प्रतिनिधिमंडल ने नगर आयुक्त को 53 वार्ड में आ रही समस्याओं से अवगत कराया। इसमें प्रमुख रूप से सड़कों पर जल जमाव और नगर निगम के पार्कों के मेंटेनेंस सहित अन्य विषय प्रमुख रहे। नगर आयुक्त ने प्रतिनिधिमंडल को जल्द इसका समाधान निकालने का आश्वासन दिया। प्रतिनिधिमंडल में कोषाध्यक्ष विनोद जैन बेगवानी, कार्यक्रम संयोजक रेणुका तिवारी, कोर कमेटी सदस्य अनिल कुमार और सदस्य पीके प्रधान शामिल थे।

### मां काली सेना का भव्य जागरण 27 को

**RANCHI :** मां काली सेना रांची महानगर की ओर से सावन के अंतिम सोमवारी पर अल्बर्ट एक्का चौक में एक दिन पूर्व 27 अगस्त को भव्य जागरण किया जाएगा।

### एचईसी प्रशासन ने अवैध निर्माण पर चलाया बुलडोजर

**RANCHI :** एचईसी नगर प्रशासन विभाग ने गुरुवार को अवैध निर्माण पर कार्रवाई की। इस दौरान जेपी मार्केट में बन रही बहुमंजिली इमारत पर बुलडोजर चलाया। आर्थिक तंगी से गुजर रही एचईसी कंपनी ने इस अभियान में धुर्वा थाना का सहयोग लेते हुए यह कार्रवाई की। बता दें कि इस निर्माण कार्य में सरिया और कंक्रीट का इस्तेमाल हो रहा है और इसमें लगभग 3 महीनों से ज्यादा का समय बीत चुका है। यह निर्माण जेपी मार्केट से धुर्वा जाने वाली मुख्य सड़क के बगल में हो रहा है।


atom美 ATOMY INDIA
RANCHI TEAM WARRIOR CENTRE
4th Floor, Shop No. 22, 23, 24 Roshpa Roshpa Tower, Main Road, Ranchi - 834001
Mob. 9334495776


# बढ़ते अपराध को लेकर HC का कड़ा रुख, DGP से पूछा- क्यों नहीं हो पा रहा CRIME CONTROL

## पूर्व जज की जमीन पर बने बाउंड्री वॉल को तोड़े जाने के मामले पर कोर्ट ने लिया था संज्ञान



**SPECIAL REPORTER RANCHI :** भू माफियाओं द्वारा सुप्रीम कोर्ट के पूर्व जस्टिस स्वर्गीय एमवाई इकबाल की रांची स्थित जमीन पर बने बाउंड्री वॉल को तोड़े जाने के मामले में हाईकोर्ट के स्वतः संज्ञान मामले की गुरुवार को हुई। मामले में हाईकोर्ट के आदेश के आलोक में डीजीपी अजय कुमार सिंह सशरीर उपस्थित हुए। कोर्ट ने मामले में डीजीपी को चार सप्ताह में व्यक्तिगत तौर पर शपथ पत्र दाखिल कर भूमाफियाओं पर नकेल कसने एवं क्राइम कंट्रोल के लिए किए गए उपायों को बताने का निर्देश दिया है। कोर्ट ने उनसे मौखिक पूछा कि राज्य में क्राइम का ग्राफ क्यों बढ़ रहा है। क्राइम कंट्रोल क्यों नहीं हो पा रहा है। रात में पीसीआर वैन भी कम दिखते है। जिससे छिनतई की घटनाओ में भी इजाफा हुआ है।

**भूमाफियाओं के खिलाफ उठाए जा रहे कदम**

मामले में राज्य सरकार की ओर से शपथ पत्र दाखिल कर बताया गया कि जमीन हड़पने वालों के खिलाफ कड़ा एक्शन लिया जाएगा। वैसे भूमाफियाओं जिनके खिलाफ 5 से ज्यादा केस हैं, उन्हें जिला बदर किया जाएगा। जिन भूमाफियाओं के खिलाफ चार केस विभिन्न स्थानों में दर्ज हैं, उन्हें प्रत्येक 15 दिनों में थाना में हाजिरी लगानी होगी साथ ही जिन भू माफियाओं के खिलाफ तीन केस थानों में दर्ज हैं, उन्हें बांड भरवा कर चेतावनी दी जाएगी। आने वाले समय में तीन तरह के क्राइम जिसमें एसटी/ एससी केस, महिला उत्पीड़न केस एवं जमीन हड़पने वाले भू माफिया के मामले शामिल हैं, के मामले के निष्पादन के लिए स्पेशल टास्क फोर्स (एसआईटी) बनाई जाएगी। हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति एस चंद्रशेखर की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने गुरूवार को मामले की सुनवाई की। राज्य सरकार की ओर से महाधिवक्ता राजीव रंजन एवं अधिवक्ता पीयूष चित्रेश ने पैरवी की। दरअसल बीते 25 जून को चर्च रोड के विक्रांत चौक (डॉक्टर फतेहउल्लाह रोड ) के सामने स्थित सुप्रीम कोर्ट के पूर्व जस्टिस स्वर्गीय एमवाई इकबाल की जमीन पर बने बाउंड्री वॉल को भूमाफियाओ ने तोड़ दिया था। वहां तैनात गार्डो ने बाद में भू माफियाओं को वहां से खदेड़ दिया। साथ ही लोअर बाजार पुलिस को इसकी सूचना दी थी। भू माफिया अपने साथ मजदूर, गेट, बालू, सीमेंट और ईट लाए थे। बाउंड्री वॉल तोड़कर वे लोग वहां गेट लगाने की तैयारी में थे, बाद में पुलिस की देखरेख में तोड़े गए बाउंड्री वाल को ठीक किया गया।

### स्टेट फॉरेंसिक साइंस लेबोरेटरी में असिस्टेंट डायरेक्टर के पद पर 11 सफल अभ्यर्थियों को HC ने जारी किया नोटिस

**RANCHI :** स्टेट फॉरेंसिक साइंस लेबोरेटरी में असिस्टेंट डायरेक्टर के पद पर हुई नियुक्ति को चुनौती देने वाली अपराजिता नीना सोरेन एवं अन्य की याचिका की सुनवाई गुरूवार को झारखंड हाईकोर्ट में हुई। मामले में कोर्ट ने उक्त परीक्षा में सफल 11 अभ्यार्थियों को नोटिस जारी किया है। प्रार्थी ने इन सभी को मामले में प्रतिवादी बनाया है। दरअसल, प्रार्थी का कहना है कि असिस्टेंट डायरेक्टर स्टेट फॉरेंसिक साइंस लैबोरेट्री में नियुक्ति के लिए जेपीएससी ने विज्ञापन निकाला था लेकिन परीक्षा के बीच में कुछ



अभ्यर्थियों जिनके आवेदन को निरस्त कर दिया गया था उन्हें अनुभव में रिलैक्सेशन दिया गया। प्रार्थी का कहना था कि ऐसे अभ्यर्थियों को जिनका आवेदन पहले रिजेक्ट हो चुका था उन्हें सफल घोषित किया गया। अनुभव में रिलैक्सेशन उन्हें एग्जाम के बीच में दिया गया। कोर्ट ने मामले में दाखिल रिट की सुनवाई के दौरान पूर्व में आदेश दिया था कि इस केस के अंतिम निर्णय से फॉरेंसिक साइंस लैबोरेट्री में असिस्टेंट डायरेक्टर के पद पर हुई नियुक्ति प्रभावित होगा। प्रार्थी की ओर से अधिवक्ता अमृतांश वत्स ने पैरवी की। मामले की सुनवाई हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति रंगन मुखोपाध्याय की कोर्ट में हुई। प्रार्थी की ओर से कहा गया कि जेपीएससी ने पहले उक्त अभ्यर्थियों के आवेदन को रिजेक्ट कर दिया था, फिर उनको अनुभव में रिलैक्सेशन देते हुए नियुक्त कर लिया, जो गलत है।

### संविदा पर नियुक्त कर्मियों के मामले में राज्य सरकार ने HC में रखा पक्ष

**RANCHI :** संविदा पर नियुक्त कर्मियों और दैनिक कर्मियों की ओर से हाईकोर्ट में दायर 87 अलग-अलग याचिकाओं की एक साथ सुनवाई झारखंड हाईकोर्ट में गुरुवार को हुई। इस मामले में राज्य सरकार की ओर से महाधिवक्ता राजीव रंजन ने पक्ष रखा। बहस जारी रही। अगली सुनवाई अब 31 अगस्त को होगी। हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति डॉ एसएन पाठक की कोर्ट में इस मामले की सुनवाई हुई। याचिकाकताओं में संविदा कर्मी एवं दैनिक कर्मी शामिल हैं। इनकी ओर से कोर्ट को बताया गया कि वह 10 वर्षों से अधिक समय से संविदा पर या दैनिक कर्मी के रूप में अलग-अलग विभागों में काम करते आ रहे हैं। उनकी ओर से सुप्रीम कोर्ट के कई जजमेंट सहित राज्य सरकार की नियमावली का जिक्र करते हुए कहा गया कि उनकी नियुक्ति नियमित की जानी चाहिए। याचिकाकताओं की ओर से वरीय अधिवक्ता एमएम पाल, अधिवक्ता राधा कृष्ण गुप्ता, अधिवक्ता पिंकी साव, अधिवक्ता सौरभ अरुण, अधिवक्ता अमृतांश वत्स आदि ने पैरवी की।

## झारखंड के कई जिलों में तेज बारिश के आसार, 29 अगस्त तक छाए रहेंगे बादल

**PHOTON NEWS RANCHI :** झारखंड में एकबार फिर मॉनसून का असर दिख रहा है। राज्य के कई हिस्सों में झमाझम बारिश होने के आसार हैं। राजधानी रांची में रुक-रुक हुई बारिश के बाद लोगों को उमस भरी गर्मी से राहत मिली है। हालांकि अब भी रांची में सामान्य वषार्पात 755.7 मिमी की तुलना में 38 प्रतिशत कम वर्षा (465.4 मिमी) दर्ज की गई है। राज्य के बाकी हिस्सों में भी स्थिति ऐसी ही है।

मौसम विभाग के अनुसार, शुक्रवार को भी राज्य के कई हिस्सों में बारिश की संभावना है। राजधानी रांची में भी 28 अगस्त तक बादल छाए रहने और बारिश होने की संभावना है।

**इन इलाकों में बारिश की संभावना**

राज्य में जिन जगहों पर बारिश की संभावना है, उनमें राजधानी और आसपास के क्षेत्रों के साथ- साथ पलामू , गढ़वा और संताल के पांच जिले गोड्डा, साहिबगंज, देवघर, दुमका और जामताड़ा शामिल हैं। राज्य के अन्य हिस्सों में मध्यम से हल्के दर्जे की बारिश होने की संभावना है, मौसम विभाग ने तेज बारिश और वज्रपात की संभावना को देखते हुए पहले ही अलर्ट जारी किया है।

मौसम विभाग के अनुसार, राज्य के कई हिस्सों में हल्के से मध्यम दर्जे की बारिश हो सकती है। शुक्रवार को एक-दो बार हल्के से मध्यम दर्जे की वर्षा होगी। 26 व 27 अगस्त को भी गरज या वर्षा हो सकती है। 28 अगस्त को सामान्यतः व 29 अगस्त को आंशिक रूप से बादल छाए रहने की संभावना जााहिर की गई है। मॉनसून टर्फलाइन फिरोजपुर, अंबाला, बरेली, पटना, बालूघाट व पूर्व-दक्षिण से होते हुए मिजोरम तक बना हुआ है। इसके अलावा एक और टर्फलाइन उत्तर-पश्चिम उत्तर प्रदेश से दक्षिण असम होते हुए बिहार, सब हिमालयन पश्चिम बंगाल व सिक्किम तक समुद्रतल से 1.5 किमी। ऊपर मौजूद है।

### बिजली वितरण व्यवस्था मजबूत करने के लिये खर्च होंगे 2088 करोड़

**RANCHI :** राज्य में बिजली वितरण की स्थिति में सुधार के लिये केंद्र सरकार फंडिंग करेगी। इसके लिये अलग अलग योजनाओं के तहत क्षेत्रवार कार्य किया जायेगा। जिसमें झारखंड को बिजली वितरण के लिये 2088 करोड़ दिया जायेगा। केंद्रीय उर्जा मंत्रालय की मानें तो देश में बिजली व्यवस्था में सुधार के लिये काम किया जा रहा है। इसके तहत वितरण व्यवस्था पर भी विशेष ध्यान दिया जायेगा। सिर्फ ट्रांसमिशल लॉस को कम करने के लिए केंद्र सरकार राज्य को 2088 करोड़ रुपये का अनुदान दिया जा रहा है। लोकसभा में केंद्रीय उर्जा मंत्रालय की ओर से दी गयी जानकारी के अनुसार वितरण क्षेत्र में सुधार आरडीएसएस स्कीम के तहत किया जायेगा।

## जोहार खिलाड़ी वेब पोर्टल में खिलाड़ियों का रजिस्ट्रेशन सुनिश्चित करें प्रशिक्षक : लकड़ा



खेल निदेशालय मोरहाबादी में हुई बैठक में मौजूद लोग ● फोटोन न्यूज

**PHOTON NEWS RANCHI :** जोहार खिलाड़ी वेब पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन को लेकर एक सप्ताह में दूसरी बैठक हुई। झारखंड खेल प्राधिकरण द्वारा राज्य के विभिन्न जिलों में संचालित डे बोर्डिंग क्रीड़ा प्रशिक्षण केंद्र एवं क्रीड़ा किसलय केंद्रों के खिलाड़ियों को जोहार खिलाड़ी वेब पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन कराए जाने को लेकर कार्यकारी निदेशक डॉ सरोजनी लकड़ा की अध्यक्षता में गुरुवार को खेल निदेशालय मोरहाबादी में डे बोर्डिंग क्रीड़ा प्रशिक्षण केंद्रों एवं क्रीड़ा किसलय केंद्रों के प्रशिक्षकों के साथ बैठक हुई। सभी से जल्द अपने खिलाड़ियों के डाटा बेब पोर्टल पर रजिस्टर्ड कराने को कहा गया। ताकि उनकी वास्तविक स्थिति के बारे में कोई भी आम नागरिक, खेल प्रेमी जानकारी प्राप्त कर सके। इससे पूर्व 17 अगस्त को विभाग द्वारा जिलों में संचालित सेंटर ऑफ एक्सीलेंस (एकलव्य केंद्र) आवासीय क्रीड़ा प्रशिक्षण केंद्र के प्रशिक्षक के साथ बैठक कर उन्हें दिशा-निर्देश दिए गए थे। उस बैठक के बाद 500 खिलाड़ियों का रजिस्ट्रेशन हुआ है। वहीं कुल संख्या 1517 पहुंच चुकी है, जिसमें 711 बालक और 806 बालिका खिलाड़ी शामिल हैं। इस बैठक में मुख्य रूप से उपनिदेशक झारखंड खेल प्राधिकरण राज किशोर खाखा, खेल परामर्शी देवेंद्र सिंह, सचिदानंद महथा, तीरंदाजी प्रशिक्षक हरेंद्र सिंह, समेत अन्य जिलों प्रशिक्षकों ने भाग लिया।

## कमल भूषण हत्याकांड के आरोपी पिता-पुत्र अलग-अलग जेल में शिफ्ट

**CRIME REPORTER RANCHI :** रातू रोड मधुकम निवासी बिल्डर कमल भूषण और उनके एकाउंटेंट संजय सिन्हा की हत्या के आरोपी डब्लू कुजूर एवं उसका पुत्र राहुल कुजूर को अलग-अलग जेल में शिफ्ट कर दिया गया है। जानकारी के अनुसार रांची के बिरसा मुंडा केंद्रीय कारागार में बंद डब्लू कुजूर को साहिबगंज तथा राहुल कुजूर को पश्चिमी सिहंभूम (चाईबासा) जेल में शिफ्ट कर दिया गया है। उल्लेखनीय है कि कमल भूषण की हत्या के बाद डब्लू कुजूर को गिरफ्तार किया गया था। आरोप है कि जेल में रहते हुए उसने षडयंत्र रचा और एकाउंटेंट संजय सिन्हा की हत्या करा दी। उस हत्या में षडयंत्र रचने और हत्या कराने की सबूत मिलने के बाद पुलिस ने राहुल को गिरफ्तार किया था। जेल में मिलने जाने के दौरान षडयंत्र रचने की बात सामने आने के बाद एसएसपी किशोर कौशल ने जेल आइजी उमाशंकर सिंह को पिता-पुत्र को अलग जेल में शिफ्ट करने का प्रस्ताव देते हुए आग्रह किया था। 30 मई 2022 को रांची के पिस्का मोड़ के पास कमल भूषण की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। उसके बाद पांच जून 2023 को उनके अकाउंटेंट संजय सिन्हा की भी गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। दोनों हत्याकांड को छोटू कुजूर के पूरे परिवार ने मिलकर अंजाम दिया था। मामले में 20 अगस्त को छोटू कुजूर को भी गिरफ्तार किया गया है।

## जमीन घोटाले में ईडी के रडार पर सीनियर आईएएस अविनाश कुमार

**बड़गाई अंचल से पत्नी के नाम पर खरीदी गयी जमीन का मांगा ब्योरा**

**CRIME REPORTER RANCHI :** प्रवर्तन निदेशालय ने झारखंड के गृह विभाग के अपर मुख्य सचिव अविनाश कुमार की पत्नी प्रीति कुमारी के नाम खरीदी गई जमीन से संबंधित ब्योरा मांगा है। बरियातू स्थित इस जमीन पर वर्तमान में बर्लिन हॉस्पिटल भी चल रहा है। ईडी ने इस सिलसिले में बड़गाई अंचल के अंचलाधिकारी से रिपोर्ट मांगी है। सूत्रों के मुताबिक बड़गाईं अंचल की जमीन से संबंधित दस्तावेज में जालसाजी कर खरीद बिक्री की जांच के दौरान ईडी को इस बात की जानकारी मिली थी कि खाता नंबर 54 के प्लॉट नंबर 2711 की जमीन प्रीति कुमारी के नाम पर खरीदी गई है। अंचल कार्यालय में हुई जालसाजी के मद्देनजर इस जमीन से संबंधित दस्तावेज और खतियान में दर्ज ब्योरों के अनुसार मालिकों का पूरा डीटेल मांगा है। इस बीच सूचना है कि ईडी को बड़गाई अंचल के निलंबित कर्मचारी रहे और अभी जेल में बंद भानु प्रताप के ठिकानों से जब्त दस्तावेजों में भी प्रीति कुमारी के नाम से खरीदी गई जमीन के कागजात मिले हैं। हालांकि इसकी पुष्टि नहीं हो पाई है। बताया जा रहा है कि इस जमीन की कीमत करीब तीन करोड़ रुपए से अधिक है। अगर जांच में यह मामला सही पाया गया तो एक और आईएएस अधिकारी अविनाश कुमार की आय से अधिक सपत्ति अर्जित करने के मामले में फंस सकते हैं। यह जमीन अलग-अलग तारीखों पर खरीदी गई है। इसमें अलग-अलग डीड का जिक्र है, जिसमें महिला ने यह जिक्र नही किया है कि उनके पति क्या करते हैं। बताया गया है कि उन्होंने अपनी व्यक्तिगत आय से यह जमीन खरीदी है। जो दस्तावेज सामने आए हैं, उसके अनुसार करोड़ो रुपए में जमीन खरीदी गई है।

## एसटीएफ के अफसरों को मूल वेतन का 50% मिलेगा भत्ता

**CRIME REPORTER RANCHI :** झारखंड जगुआर (एसटीएफ) में कार्यरत पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों को सरकार से कई सौगात मिलने वाली है। एसटीएफ के पदाधिकारियों और कर्मियों को 7वीं पीआरसी के मूल वेतन का 50 फीसदी हिस्सा एसटीएफ भत्ता के रूप में दिया जाएगा। वहीं एएसआई से डीएसपी रैंक के पुलिस पदाधिकारियों को 9000 रुपये वार्षिक वर्दी भत्ता मिलेगा, जबकि हवलदार से सिपाही रैंक के पुलिसकर्मियों को 8000 रुपये वार्षिक भत्ता दिया जाएगा। डीएसपी रैंक के पदाधिकारियों और कर्मियों को राशन व्यय के रूप में प्रतिमाह 2400 रुपये का भुगतान किया जाएगा। इस संबंध में तैयार प्रस्ताव को सीएम हेमंत सोरेन ने स्वीकृति दे दी है। अब कैबिनेट की मुहर लगने के बाद यह प्रभावी होगा। मई 2019 से भत्ता पुनरीक्षण संबंधी आदेश जारी होने की तारीख तक झारखंड जगुआर में कार्यरत और इस अवधि में कार्य कर चुके पदाधिकारियों को यह लाभ मिलेगा। वहीं एसटीएफ में आईजी से आरक्षी तक के पद तीन वर्षों के रोटेशन के आधार पर भरे जाएंगे। झारखंड सशस्त्र पुलिस बल, जिला कार्यकारी बल और समान पुलिस से पदस्थापन और प्रतिनियुक्ति के आधार पर यह पद भरे जाएंगे और बाकी पद नियुक्तियों के आधार पर भरेंगे।

**नवनियुक्त प्रशासक ने कहा- शहर को साफ-सुथरा एवं स्वच्छ बनाए रखना नगर निगम का पहला दायित्व**

## पद संभालते ही एक्शन में अमित कुमार, निरीक्षण कर दिया निर्देश

**PHOTON NEWS RANCHI :** रांची नगर निगम के नवनियुक्त प्रशासक अमित कुमार पदभार संभालते ही एक्शन मोड में नजर आए। गुरुवार को उन्होंने नगर निगम क्षेत्र में सफाई व्यवस्था का निरीक्षण किया। कहा कि नगर निगम का पहला दायित्व शहर को साफ-सुथरा एवं स्वच्छ बनाए रखना है। उन्होंने क्षेत्र के विभिन्न वार्डों का भ्रमण कर साफ सफाई व्यवस्था का जायजा लिया। उन्होंने अरगोड़ा रोड, हरमू रोड, हरमू एमटीएस, नागाबाबा खटाल वेजीटेबल मार्केट, नागाबाबा एमटीएस, मोराबादी नाईट मार्केट इत्यादि क्षेत्रों का निरीक्षण किया। कहा कि हर दिन गली-मोहल्लों से कूड़े का उठाव हो। किसी वार्ड में सफाई कार्य में शिथिलता पाई जाती है, तो संबंधित सुपरवाइजर पर कार्रवाई की जाये। निरीक्षण के दौरान संबंधित जोनल सुपरवाइजर को निर्देश दिया कि वे दैनिक सफाई कार्यों के लिए आवश्यकतानुसार सभी संसाधनों को कार्यालय से उपलब्ध कराएं। उन्होंने कहा कि डोर-टू-डोर कूड़ा संग्रहण में विशेषकर कूड़ा के पृथक्करण को ध्यान में रखा जाए। साथ ही नागरिकों को सूखा एवं गीला कचड़ा को अलग-अलग डस्टबिन में रखने हेतु जागरूक करें। ट्रांसपोर्ट शाखा के कर्मियों को निर्देश दिया गया कि सभी खराब पड़ी गाड़ियों को दुरूस्त करने के लिए जो भी कार्य किए जाने हैं, उसे जल्द पूर्ण किया जाए। इसके अलावा वॉर्ड के संबंधित सुपरवाइजरों को गाड़ियों की ट्रिप की संख्या बढ़ाने का भी निर्देश दिया गया। कहा कि प्रत्येक दिन हर घर में कूड़े का उठाव सुनिश्चित किया जाये। निरीक्षण क्रम के दौरान उन्होंने वार्ड 3, मोरहाबादी में आम नागरिकों से सफाई के दैनिक कार्यों के संबंध में फीडबैक भी लिया। मौके पर उप प्रशासक रजनीश कुमार सहायक प्रशासक शीतल कुमारी, नगर प्रबंधक, जोनल सुपरवाइजर एवं वार्ड सुपरवाइजर उपस्थित थे।



नगर निगम क्षेत्र में सफाई व्यवस्था का निरीक्षण करते अमित कुमार।


### सफाई कार्य में शिथिलता, तो सुपरवाइजर पर होगी कार्रवाई

प्रशासक ने कहा कि मुख्य मार्गों के अलावा सभी गली-मोहल्ले में नियमित रूप से कूड़े का उठाव, झाडू, ग्रास कटिंग, फॉगिंग एवं अन्य सफाई के कार्य प्रतिदिन हो, यह सुनिश्चित करें। फील्ड विजिट के दौरान किसी वार्ड में सफाई कार्य में शिथिलता पाई जाती है, तो संबंधित सुपरवाइजर पर कार्रवाई की जायेगी। स्वच्छता शाखा के पदाधिकारियों एवं कर्मियों को डोर-टू-डोर कूड़े के उठाव हेतु तैयार बीट प्लान के अनुरूप ससमय वार्डवार कूड़े का उठाव करने का निर्देश दिया।

## साइबर अपराधियों के निशाने पर बिजली उपभोक्ता कनेक्शन कटने के भेजे जा रहे हैं फेक मैसेज

**जेबीवीएनएल ने भी उपभोक्ताओं को किया अलर्ट**

**CRIME REPORTER RANCHI :** बिजली बिल और कनेक्शन कटने को लेकर एक बार फिर से उपभोक्ताओं को फर्जी एसएमएस मिलने लगा है। इस तरह के फर्जी एसएमएस उपभोक्ताओं को नंबर से भेजा जा रहा है। जहां रात बारह बजे से बिजली कटने की बात कही जा रही है। बिजली कटने का कारण अधिक बिजली बिल बकाया होना बताया जा रहा है। हालांकि जेबीवीएनएल ने इस तरह के मैसेज भेजे जाने या इस तरह की किसी भी बात से इंकार किया है। निगम के जीएम आइटी संजय सिंह ने बताया कि निगम की ओर से इस तरह मैसेज नहीं भेजा जा रहा है। निगम की ओर से भेजे जाने वाले मैसेज में जेबीवीएनएल आईडी से मैसेज किया जाता है। जिसमें किसी भी नंबर से संपर्क करने की जानकारी नहीं दी जाती है। निगम ने इस तरह के एसएमएस को फैक बताया। साथ ही उपभोक्ताओं को सर्तक रहने की अपील की है। निगम की माने तो नया बिजली कनेक्शन लेने वाले उपभोक्ताओं को एसएमएस भेजा जा रहा है। ये मैसेज सिर्फ नये कनेक्शन लेने वाले उन उपभोक्ताओं को भेजा जा रहा है जिनका बिल कनेक्शन लेने के बाद से एक बार भी नहीं भरा गया है। ये मैसेज जेबीवीएनएल के आईडी से भेजा जा रहा है। न कि किसी निजी नंबर से। साथ ही निगम के आधिकारिक मैसेज में किसी नंबर से संपर्क करने की जानकारी नही दी गयी है। आधिकारिक मैसेज में सिर्फ एटीपी या ऑनलाइन मोड से बिजली बिल जमा करने की बात कही जाती है। ऐसे में उपभोक्ताओं को सर्तक होने की जरूरत है।



BRIEF NEWS

### रेलवे बाउंड्री के पास व्यक्ति का शव बरामद शिनाख्त में जुटी पुलिस

**KODERMA :** जयनगर थाना क्षेत्र स्थित लाराबाद रेलवे बाउंड्री के पास एक व्यक्ति का शव बरामद हुआ है। फिलहाल युवक की पहचान नहीं हो पायी है। घटना की सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंच गयी है और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। खबर लिखे जाने तक पुलिस युवक की शिनाख्त करने में जुटी है।

### कोडरमा के लाराबाद में युवक का शव बरामद

**KODERMA :** जयनगर थाना क्षेत्र के अंतर्गत धनबाद गया रेलखंड के अंतर्गत लाराबाद में गुरुवार को रेलवे लाइन की बाउंड्री के बाहर युवक का शव बरामद किया गया है। मृतक की पहचान नीतीश कुमार ( 24 ) के रूप में हुई है। ग्रामीणों के अनुसार शव दो-तीन दिन पहले का है। घटना का सूचना मिलते ही जयनगर पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंचकर शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल कोडरमा भेज दिया। वहीं थाना प्रभारी उमानाथ सिंह ने बताया कि घटना की जांच की जा रही है।

### झुमरी तालाब में कूदकर विक्षिप्त महिला ने की आत्महत्या

**KODERMA :** जिले के झुमरी तालाब में गुरुवार को एक महिला ने कूद कर आत्महत्या कर ली। मृतका की पहचान सोनी देवी ( 32 ) के रूप में हुई है। मृतका के परिजनों ने बताया कि महिला की मानसिक स्थिति ठीक नहीं थी, उसका इलाज भी चल रहा था। किसी बात को लेकर झगड़ा के बाद गुरुवार को महिला घर से निकली थी। इसके बाद उसने तालाब में कूदकर आत्महत्या कर लिया। परिजन उसे तालाब से निकाल कर घर ले गए, हालांकि तब तक महिला की मौत हो गई थी। घटना की सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल लाया और कराके परिजनों को सौंप दिया गया।

### कुख्यात अपराधी अमन साहू के नाम पर पांच लाख की मांगी रंगदारी

**PALAMU:** कुख्यात अपराधी अमन साहू के नाम पर पांच लाख रुपये की रंगदारी मांगने का मामला सामने आया है। इस संबंध में डालटनगंज के चियांकी स्थित सेकंड हैंड गाड़ी शोरूम के मालिक गोविंद विश्वकर्मा ने मेदिनीनगर शहर थाना में गुरुवार को मामला दर्ज कराया है। पुलिस मामले की छानबीन में जुट गई है। रेड़मा के प्रतापनगर निवासी शोरूम मालिक गोंविद ने पुलिस को बताया है कि उसके मोबाइल पर बबलू शूटर नामक शख्स ने फोन कर अमन साहू के नाम पर पांच लाख रुपए की रंगदारी मांगी। नहीं देने पर गंभीर परिणाम भुगतने की चेतावनी दी है। उन्होंने कहा कि इस घटना के बाद से उसकी परेशानी बढ़ी हुई है। उसके अलावा उसका परिवार परेशान है। गोविंद ने शहर थाना में मामला दर्ज कराते हुए सुरक्षा की गुहार लगायी है।

### बाइक उठाओ अभियान तेज ट्रैफिक प्रभारी ने दिखायी सख्ती-कई गाड़ियां जब्त

**PALAMU:** पुलिस की लाख मशक्कत के बाद भी डालटनगंज शहर को जाम से मुक्ति नहीं मिल पा रही है। इसकी मुख्य वजह है लोगों द्वारा जहां-तहां बेतरतीब तरीके से अपने वाहनों को पार्क कर देना। सड़कों पर पब्लिक जहां मर्जी गाड़ी लगाकर चली जाती है। इससे दूसरों को परेशानी झेलनी पड़ती है। इसे लेकर ट्रैफिक प्रभारी रामजीत सिंह ने गुरुवार को एक्शन में दिखे। उन्होंने बाजार क्षेत्र के छहमुहान एवं पंच मुहान के पास से दर्जनों वाहनों को जब्त किया। वाहनों को उठाकर थाने ले जाया गया है.ट्रैफिक प्रभारी ने बताया कि सभी वाहनों की सूची जिला परिवहन कार्यालय भेज दी गयी है। उन्होंने कहा कि यातायात व्यवस्था दुरुस्त रखने में लोगों को सहयोग देना चाहिए। उन्होंने कहा कि रोड के दोनों ओर गाड़ियों की पार्किंग के लिए जगह तय है। वाइट लाइन के पीछे गाड़ियों की पार्किंग की जानी है, लेकिन लोगों की मनमानी इतनी बढ़ चुकी है कि ये लोग बीच रोड में ही गाड़ी पार्क कर चले जाते हैं।

# 24 घंटे के अंदर तीन शव बरामद, जांच में जुटी पुलिस

## तीनों मामलों की संबंधित थाने की पुलिस कर रही जांच


**PHOTON NEWS HAZARIBAG:** हजारीबाग जिला में 24 घंटे के अंदर तीन शव बरामद किए गए हैं। इनमें किशोर-किशोरी के शव अलग-अलग प्रखंडों में गुरुवार की सुबह बरामद किए गए हैं। किशोरी का शव इचाक, तो किशोर का शव पदमा नदी में तैरता हुआ पाया गया। पुलिस अंदाजा



लगा रही है कि किशोर-किशोरी नेशनल पार्क स्थित चमेली झरना खदान में डूबने के बाद बहते हुए नदी में आए हैं। दोनों की पहचान नहीं हो पायी है। उनकी उम्र 14-15 साल के आसपास है।

वहीं बुधवार की रात कोर्रा थाना क्षेत्र के कनहरी जंगल में पेड़ से लटका एक युवक का शव बरामद किया गया। आसपास के लोगों ने तत्काल इसकी सूचना पुलिस को दी। मृत युवक की पहचान लोहसिंगना थाना क्षेत्र के कोलघाटी निवासी जीतू पासवान के रूप में हुई। पुलिस ने शव को फंदे से उतार कर पोस्टमार्टम के लिए शेख बिहार मेडिकल कॉलेज अस्पताल भेज दिया। तीनों मामलों की जांच संबंधित थाने की पुलिस कर रही है।

### चतरा में युवक की गला रेतकर हत्या



**CHATRA:** इटखोरी बाजार के समीप एक युवक का गला रेतकर और पेट में चाकू मारकर हत्या की गई। युवक की पहचान शालिग्राम उपाध्याय सदर थाना क्षेत्र के सिकीद पंचायत के दुधौरी गांव का रहने वाला है। गुरुवार को सूचना पाकर पुलिस इंस्पेक्टर शिवप्रकाश व थाना प्रभारी विनोद कुमार घटना स्तर पर पहुंचकर मामले की जांच कर रही है। उसकी हत्या किसने की और क्यों किया गया इसकी जानकारी जुटाने में पुलिस लग गई है।

# तेज रफ्तार ट्रक ने खेत जा रहे किसान को रौंदा, मौत

**PHOTON NEWS GIRIDIH:** बेंगाबाद-चतरो पथ पर 24 अगस्त गुरुवार की अहले सुबह तेज रफ्तार ट्रक ने खेत जा रहे किसान को रौंद दिया। घटना में 60 वर्षीय किसान लालमणि महतो की मौके पर ही मौत हो गई। ट्रक के धक्के से किसान के दो भैंसा की भी मौत हो गई। आक्रोशित ग्रामीणों ने मुआवजे की मांग को लेकर बेंगाबाद- चतरो मुख्य सड़क को दो घंटे तक जाम रखा। जाम से सड़क के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लग गई। बेंगाबाद थाना क्षेत्र के गादी निवासी लालमणि महतो अपने दो भैंसों व हल लेकर खेत जा रहे थे। तभी खुरचूटा आम बागान के पास चतरो की तरफ से आ रहे ट्रक ने उन्हें चपेट में ले लिया। घटना के बाद चालक ट्रक लेकर भाग निकला। इधर, जाम की सूचना पर बेंगाबाद थाना प्रभारी प्रशांत कुमार दलबल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और लोगों को समझाने का प्रयास किया। हरिला पंचायत के मुखिया सुधीर रजवार, महेंद्र प्रसाद वर्मा, रेणुलाल चौरसिया ने भी काफी समझाया। बेंगाबाद बीडीओ निशा कुमारी भी पहुंचीं। उन्होंने हिट एंड रन योजना के तहत आश्रितों को मुआवजा व अन्य सरकारी लाभ दिलाने का लिखित आश्वासन दिया। इसके बाद जाम हटाया गया।

# मुरहू में महिला मेट की प्रखंड स्तरीय अर्द्धवार्षिक कार्यशाला का आयोजन



कार्यशाला में महिलाएं व अन्य • फोटोन न्यूज

**PHOTON NEW KHUNTI:** मुरहू में स्वयंसेवी संस्था लीड्स के तत्वावधान में गुरुवार को फोर्ड फाउंडेशन के तहत एक दिवसीयया प्रखण्ड स्तरीय अर्द्धवार्षिक महिला मेट कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का उद्घाटन परियोजना समन्वयक रंजीत भेंगरा ने किया। रेस प्रोग्राम मैनेजर शालिनी लकड़ा ने अतिथियों का स्वागत किया। मौके पर लीड्स संस्था के कार्यों की पूरी जानकारी दी गई। कार्यक्रम में जिला मनरेगा लोकपाल शमीम अख्तर ने मनरेगा के तहत जितनी भी सरकारी योजनाएं आती है, उनकी पूरी जानकारी दी। महिला मेट ने मनरेगा लोकपाल के समक्ष अपनी समस्याओं को रखा। मुरहू के प्रखण्ड विकास पदाधिकारी मिथिलेश कुमार सिंह, प्रमुख एलिस ओड़या और प्रखण्ड बीपीओ ने भी महिला मेट की समस्याओं की जानकारी ली गई। कार्यक्रम को स्फल बनाने में फोर्ड फाउंडेशन परियोजना के परियोजना समन्वयक रंजीत भेंगरा, प्रखण्ड समन्वयक ग्रेस तिड़ू, रांची कार्यालय की शालिनी, फील्ड स्टाफ बसंत कुमार मांझी, दुर्गाचरण पांडा और लालिमा देवी ने योगदान दिया।

### जन जागरण अभियान को लेकर पोसेया में बैठक का आयोजन



**KHUNTI:** झारखंड उलगुलान संघ द्वारा विश्व आदिवासी दिवस के दिन घोषित जन जागरण अभियान की शुरूआत गुरुवार को खूंटी प्रखंड के पोसेया ग्रामसभा की बैठक में हुई। बैठक में बताया गया कि पांचवीं अनुसूची क्षेत्र के संवैधानिक अधिकार की अनदेखी करने के कारण गांव की संप्रभुता प्रभावित हो रही है। जमीन और जंगल की लूट बढ़ने के साथ-साथ विकास कार्यों में सहभागिता से भी वंचित किया जा रहा है। ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक धरोहरों पर भी हमला किया जा रहा है। इन सुनियोजित हथकंडों पर विराम लगाने का काम ग्राम सभा द्वारा ही किया जा सकता है। इसके लिए ग्राम सभा को जागरूक और संवेदनशील होना होगा।

# पलामू उपायुक्त ने MRMCH का किया औचक निरीक्षण, दिए कई निर्देश

**PHOTON NEWS PALAMU:** उपायुक्त शशि रंजन ने गुरुवार को मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज अस्पताल का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने बारी-बारी से एमआरएमसीएच के सभी विभागों में पहुंचकर निरीक्षण किया। साथ ही डीपीएम, सिविल सर्जन को अस्पताल परिसर की साफ-सफाई, ऑक्सीजन की व्यवस्था, पुराने और छोटे चहारदीवारी और पुराने जर्जर भवन को हटाने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने एमएमसीएच के नए निमार्णाधीन भवन का भी निरीक्षण किया। उन्होंने निमार्णाधीन भवन का कार्य 31 अगस्त तक पूर्ण करने का निर्देश दिया। उन्होंने भवन के निचले तले में ओपीडी, प्रथम तल पर ओटी और लेबररूम, दूसरे तले पर मैटरनिटी वार्ड, तीसरे तले पर रिकवरी वार्ड और ऊपरी फ्लोर में 40 से 50 शीट का एसएमसीयू बनाने का निर्देश



एमआरएमसीएच के विभागों का निरीक्षण करते उपायुक्त • फोटोन न्यूज

दिया।उपायुक्त बालाजी के सुपरवाइजर पर सफाई कार्य को देखकर भड़क उठे और कहा कि काम सही से करो नहीं तो निकाल देंगे। साथ ही मेडॉल कलेक्शन सेंटर को डायग्नोस्टिक सेंटर में शिफ्ट करने के लिए कहा। उन्होंने इमरजेंसी ओपीडी में टेबल लगाकर बाहर रखने पर सवाल उठाया। उसे हटाने और उसमें स्लाइडर लगाने के लिए कहा, जिससे मरीजों को परेशानी ना हो। खासकर बाथरूम और फर्श साफ-सुथरा रखने की हिदायत दी।इस दौरान डीडीसी रवि आनंद, अपर समाहर्ता परितोष प्रियदर्शी, सहायक समाहर्ता रवि कुमार, डीपीएम, सीएस सहित अन्य कर्मी उपस्थित थे।

# अफीम तस्करी मामले में तीन को पांच-पांच वर्ष की सजा



**PHOTON NEWS KHUNTI:** विशेष न्यायाधीश सत्यकाम प्रियदर्शी के न्यायालय ने गुरुवार को अफीम तस्करी के तीन दोषियों को पांच-पांच वर्ष के सश्रम कारावास और 50-50 हजार रुपये के जुमार्ने की सजा सुनाई है। पुलिस विभाग की ओर से बताया गया कि न्यायालय ने संबरे पाहन, लोखोन पाहन और चुरामन सिंह मुंडा को धारा 18 सी एनडीपीएस एक्ट में अलग-अलग पांच-पांच वर्ष के सश्रम कारावास और जुमार्ने की सजा सुनाई गई है।बताया गया 22 अप्रैल 2019 को मारंगहादा थाना प्रभारी कामेश्वर कुमार द्वारा रात्रि में छापामारी दल के साथ भूत मोड़ के पास इन तीनों अभियुक्तों को तीन किलो 800 ग्राम अफीम के साथ गिरफ्तार कर जेल भेजा गया था।

# दूधपनिया में चार दिवसीय फुटबाल टूनार्मेंट संपन्न

**PHOTON NEWS GIRIDIH:** तिसरी प्रखंड के दूधपनिया गांव में झारखंड एकता स्पोर्टिंग क्लब दूधपनिया की ओर से आयोजित चार दिवसीय फुटबाल टूनार्मेंट का 23 अगस्त को समापन हो गया। इस टूनार्मेंट में कुल 32 टीमों ने भाग लिया था। इसमें नॉकआउट के जरिए एफएफसी चकाई और एसएसजी बरजो की टीम फाइनल में पहुंची। दोनों टीमों के बीच 40 मिनट का खेल हुआ, लेकिन कांटे के मुकाबले में किसी भी टीम ने कोई गोल नहीं किया। इसके बाद पेनाइल्टी शूटआउट करवाया गया। इसमें भी दोनों टीमें बराबर रहीं। इस दौरान खराब मौसम को देखते हुए अंततः टॉस के माध्यम से ही इस टूनार्मेंट के विजेता का चयन किया गया। टॉस जीतकर एफएफसी चकाई की टीम विजेता, जबकि एसएसजी बरजो की टीम उपविजेता बनी। इसके अलावा केजी बरोद्रास की टीम ने तीसरा व कोदईबांक की टीम ने चौथा स्थान प्राप्त किया। इन चारों टीमों को मौके पर उपस्थित बाबूलाल मरांडी के अनुज सह भाजपा नेता नुनुलाल मरांडी, बीडीओ संतोष प्रजापति, उपप्रमुख बैजू मरांडी, तिसरी थानाप्रभारी प्रदीप कुमार, लोकाय थानाप्रभारी नागेंद्र कुमार, मनसाडीह ओपी प्रभारी अभिषेक रंजन, भाजपा नेता सोनू हेमब्रम, खिजुरी मुखिया निर्मला बेसरा, तिसरी मुखिया किशोरी साव आदि अतिथियों के हाथों पुरस्कृत किया गया। विजेता टीम को 35,000, उपविजेता को 25,000, तृतीय स्थान पाने वाली टीम को 20,000 और चतुर्थ स्थान पर आने वाली टीम को 15,000 रुपए की नगद राशि के साथ ट्रॉफी भी प्रदान की गई। मौके पर बतौर मुख्य अतिथि नुनुलाल मरांडी ने अपने सम्बोधन में कहा कि विगत 11 वर्षों से इस टूनार्मेंट का आयोजन किया जा रहा है। उम्मीद है टूनार्मेंट कमेटी के अथक प्रयासों से यह निरंतर जारी रहेगा। बीडीओ संतोष प्रजापति ने कहा कि इस क्षेत्र में इतने भव्य टूनार्मेंट का आयोजन बड़ी बात है। सभी टीमों ने बेहतर प्रदर्शन किया। इस मौके पर अनासियस हेमब्रम, सत्यनारायण यादव, मदन यादव, विकास सिंह, पंकज सिंह, अनिल यादव, दिनेश बास्के, रमेश बासके मनोज यादव, मुन्ना मुर्मू, सिमोन मुर्मू मोती लाल मुर्मू आदि मौजूद थे।

# हत्या की घटना निंदनीय, बेकसूरों पर कार्रवाई न करे पुलिस : सुनीता चौधरी

**PHOTON NEWS RAMGARH:** रामगढ़ विधायक सुनीता चौधरी ने शमशाद अंसारी हत्या कांड पर अपनी प्रतिक्रिया जाहिर की है। उन्होंने कहा कि सिकनी गांव में घटित घटना काफी निंदनीय है। लेकिन कुछ राजनीतिक दल के नेताओं द्वारा चोरी और ठगी की घटना को मॉब लिंचिंग का रूप देकर निर्दोष ग्रामीणों को फंसाने का प्रयास कर क्षेत्र का माहौल खराब करने का काम किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि कुछ लोग घटनास्थल पर उपस्थित नहीं रहने के बावजूद वैसे बेगुनाहों का भी नाम केस में दर्ज कराया जा रहा है। इसलिए पुलिस प्रशासन घटना की वास्तविकता की जांच करे, जो



भी दोषी हो उनके खिलाफ कार्रवाई करें, लेकिन किसी भी बेकसूर पर किसी तरह की कोई कार्रवाई नहीं होना चाहिए।

## माओवादिओं ने छह वर्ष बाद अपनी दमदार उपस्थिति कराई दर्ज, एकसाथ आठ वाहनों को फूंककर पुलिस को दी चुनौती

# इलाके सील, नक्सलियों के खिलाफ अभियान तेज : SP

**PHOTON NEWS PALAMU:** प्रतिबंधित नक्सली संगठन भाकपा माओवादी ने छह वर्ष बाद अपनी दमदार उपस्थिति दर्ज करा दी है। जिले के छतरपुर और हुसैनाबाद के सीमावर्ती छतरपुर थाना क्षेत्र के हरदिया घाटी में एक साथ आठ वाहनों को फूंककर नयी एसपी रीष्मा रमेशन को चुनौती दे दी है। घटना के बाद निर्माण कार्य बंद है और कर्मियों में दहशत व्याप्त है। बता दें कि इससे पहले वर्ष 2017-18 में माओवादियों ने हुसैनाबाद के तत्कालीन थाना प्रभारी राजेश प्रसाद रजक की टीम को बारूदी सुरंग विस्फोट कर उड़ा दिया था। इस घटना में कई पुलिस जवानों की मौत हो गई थी, जबकि कुछ जख्मी भी हुए थे। उस घटना के बाद इस इलाके में माओवादियों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई है। 2017-18 की इस घटना के बाद झारखंड के पुलिस महानिदेशक के द्वारा इस क्षेत्र का जायजा लिया गया था और सड़क निर्माण की जरूरत पर बल दिया गया था। डीजीपी ने इस संबंध में मुख्य सचिव को पत्र लिखकर सड़क निर्माण कराने का आग्रह किया था। इस आलोक में सड़क निर्माण की स्वीकृति प्रदान की गई



नक्सली उत्पात में जली हुई गाड़ियां • फोटोन न्यूज

और निर्माण कार्य शुरू हुआ। इसके लिए हुसैनाबाद के महुदंड में पुलिस पिकेट की स्थापना हुई थी। घटना के बाद मौके पर पहुंची एसपी रीष्मा रमेशन ने करीब एक से डेढ़ घंटे तक घटनास्थल का जायजा लिया। इस क्रम में जब कुछ पत्रकार मौके पर कवरेज के लिए पहुंचे तो उन्हें घटनास्थल पर जाने से रोक दिया गया। हालांकि बाद में कुछ पत्रकार कवरेज के लिए मौके पर पहुंच गए और कवरेज किया। घटनास्थल के बाद एसपी छतरपुर थाना पहुंची और कई घंटे तक छतरपुर, हुसैनाबाद के अलावा अन्य थाना पुलिस के साथ बैठक की। बैठक में छतरपुर और हुसैनाबाद के एसडीपीओ क्रमशः अजय कुमार और पूज्य प्रकाश भी थे। एसपी ने बैठक में नक्सलियों के खिलाफ अभियान तेज करने का निर्देश दिया। उन्होंने छतरपुर, हुसैनाबाद, पांडू, हैदरनगर, मोहम्मदगंज, पिपरा, नावाबाजार एवं हरिहरगंज के सीमावर्ती इलाके को सील कर कार्रवाई करने की बात कही।

**ये वाहन जलकर हुए क्षतिग्रस्त**

नक्सलियों ने आठ वाहननों को जलाकर क्षतिग्रस्त किया है। इन वाहनों में तीन हाइवा, एक लोडर, एक टैक्टर, एक ग्रेडर, एक बाइक और एक मिक्सचर मशीन शामिल है। वाहनों को जलाने के लिए माओवादी अपने साथ डब्बे में भरकर पेट्रोल लेकर आए थे। साथ ही जूट की बोरी भी साथ में लाया था। शाम 4.20 बजे घटनास्थल पर दस्तक देने के बाद करीब डेढ़ घंटे तक माओवादियों का दस्ता यहां जमा रहा और अंत में माओवादी जिंदाबाद के नारे लगाते हुए निकल गया।


**13 किलोमीटर बन रही है सड़क**

जिस सड़क पर आगजनी हुई, उसका निर्माण किया जा रहा है। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना से कालापहाड़-महुदंड रोड 13.6 किलोमीटर तक बनाई जा रही है। करीब 40 प्रतिशत सड़क का निर्माण हो चुका है। इस सड़क में लगे वाहन शाम 5 बजे तक निर्माण कार्य करते थे और फिर लठैया पिकेट में लग जाते थे। यही कारण है कि माओवादियों ने इस घटना को चार बजे के आसपास अंजाम दिया। इस घटना से संवेदक को करोड़ो का नुकसान हुआ है।

**सुदूरवर्ती क्षेत्र है हरदिया घाटी**

जिस जगह पर माओवादियों ने अग्निकांड को अंजाम दिया वह इलाका काफी सुदूरवर्ती है। छतरपुर से जहां 20 किलोमीटर दूर है, वहीं हुसैनाबाद से 18 किलोमीटर और पांडू से 20 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है। घटनास्थल पर पहुंचने के बाद नक्सलियों ने सबसे पहले आग लगाई और फिर वहां मौजूद मुंशी बबलू पटेल, विजय यादव एवं एक हाइवा मालिक को कब्जे में लेकर उनकी पिटाई भी की। सड़क का निर्माण स्वास्तिक इंटरप्राइजेज नामक कंपनी करा रही है। इसके संवेदक अजीत सिंह ने बताया कि कुछ माह पहले धमकी भरा फोन आया था। इसे हल्के में लिया, जिससे बड़ा नुकसान उठाना पड़ा।

# ग्रिजली विद्यालय में आयोजित हुआ शपथ ग्रहण समारोह



शपथ ग्रहण समारोह में शपथ लेते छात्र-छात्राएं • फोटोन न्यूज

**PHOTON NEWS KODERMA:** तिलैया डैम स्थित ग्रिजली विद्यालय में सत्र 2023-24 के लिए शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया। इस समारोह में शुभम कुमार (स्कूल कैप्टन, बॉयज), भूमि दक्ष (स्कूल कैप्टन, गर्ल्स), बिश्वायन सिंह (स्कूल वाइस कैप्टन), रीत भदानी (गर्ल्स वाइस कैप्टन), राज कुमार (स्पोर्ट्स कैप्टन), रामानुज कुमार नायक (स्पोर्ट्स वाइस कैप्टन), शशि कुमार मंडल (ईस्ट हाऊस कैप्टन), आदित्य रंजन (वेस्ट हाऊस कैप्टन), सहर्ष जयमंगल (नार्थ हाऊस कैप्टन) और आशीष रंजन कश्यप ने (साउथ हाऊस कैप्टन) के रूप में शपथ ली। वहीं वाइस हाऊस कैप्टन के रूप में अर्पण कुमारी (ईस्ट हाऊस), तान्या गुप्ता (वेस्ट हाऊस), अन्वेशा शर्मा (नॉर्थ हाऊस) और आयुषी गुप्ता (साऊथ हाऊस) ने शपथ ली। विक्रम कुमार ने हॉस्टल कैप्टन, रामानुज कुमार नायक व आनंद शर्मा ने हॉस्टल वाइस कैप्टन के रूप में शपथ ली। स्टूडेंट प्रीफेक्ट के रूप में कुशल कुमार को हेड प्रीफेक्ट, अनन्या राज कश्यप, आस्था सिंह, जिज्ञाषा, अदिति पांडेय, कृष्णा कौशिक, आस्था गुप्ता, कुमारी खुशी, आयुषी गुप्ता, स्वाति कुमारी, आस्था भरद्वाज, विशाल कुमार वर्मा, सौरव कुमार, सारांश वर्मा, शिवम् कुमार, श्रेतं आर्या, विशेष कुमार बरहपुरिया, संभव सागर, जिम्मी कुमार, पुष्कर कुमार, रामानुज कुमार नायक, अर्श कुमार, विक्रम कुमार, गुरविंदर सिंह, आदित्य रंजन, सत्यम कुमार साही ने शपथ लिया। सभी नव-निर्वाचित छात्रों को विद्यालय के सीइओ प्रकाश गुप्ता, प्राचार्या अपर्णा सिन्हा, संयोजक विजय कुमार सिंह, जितेंद्र चौधरी, बी डी नस्कर, सुधांशु कुमार, शिक्षक संजीव कुमार जायसवाल, रवि दत्ता पांडेय, स्वरूप कुमार रॉय, सुप्रतिम बोस ने बैच और सैश पहनाया। विद्यालय के सीईओ प्रकाश गुप्ता और प्राचार्या अपर्णा सिन्हा ने सभी नव-निर्वाचित छात्रों को शपथ दिलाई। छात्रों को अपने संबोधन में विद्यालय के सीईओ प्रकाश गुप्ता ने छात्रों को उनके द्वारा ली जा रही शपथ को आत्मसात करने के लिए प्रोत्साहित किया। साथ ही इस बात पर जोर दिया कि ये मूल्य न केवल उनके शैक्षणिक प्रयासों को आकार देंगे।

BRIEF NEWS

### हनी ट्रैप का शिकार होने से बचे लेखक अंशुमन भगत

**JAMSHEDPUR :** शहर के प्रसिद्ध लेखक अंशुमन भगत हनी ट्रैप का शिकार होते-होते बच गए। गुरुवार तड़के 5 बजे उन्हें व्हाट्सएप पर एक अंजान नंबर से फोन आया। फोन रिसिव करने के बाद से ही उन्हें साइबर ठगों द्वारा ब्लैकमेल किया जाने लगा। अंशुमन ने बिना किसी देरी के तत्काल ऑनलाइन पोर्टल पर मामले की शिकायत की। हालांकि इस बीच साइबर ठगों ने अंशुमन के जानने वालों को एक एडिटेड वीडियो भेज दिया। अंशुमन ने बताया कि गुरुवार सुबह 4.59 बजे उनके मोबाइल नंबर पर 8403886019 नंबर से एक वीडियो कॉल आया। अंजान नंबर देखकर पहले तो उन्होंने फोन नहीं उठाया पर थोड़ी देर बाद दोबारा फोन आने पर फोन रिसिव किया। फोन रिसिव करने पर सामने कोई नहीं था। मात्र दो से तीन सकेंड तक वीडियो कॉल पर रहने के बाद उन्होंने फोन काट दिया। थोड़ी देर बाद उसी नंबर से उन्हें मैसेज कर ब्लैकमेल किया जाने लगा। मैसेज करने वाला वीडियो को एडिट कर वायरल करने की धमकी देने लगा और रुपयों की मांग करने लगा। रुपये देने से मना करने पर उसने इंस्टाग्राम के कई फॉलोअर्स को एडिटेड वीडियो भेज दिया। हालांकि उन्होंने ठग को रुपये नहीं दिए और तत्काल इसकी ऑनलाइन शिकायत की।

### मोतीलाल स्कूल में तुलसी जयंती समारोह आयोजित

**JAMSHEDPUR :** मोतीलाल नेहरू पब्लिक स्कूल के प्रेक्षागृह में प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी तुलसी जयंती समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलित कर और तुलसीदास की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. त्रिपुरा झा उपस्थित थे। कक्षा नर्सरी से बारहवीं के छात्र-छात्राओं ने विभिन्न प्रतियोगिताओं में अपनी कला-कौशल को प्रदर्शित किया। नर्सरी के छात्र-छात्राओं ने रामायण के पात्रों की बहुत ही मनमोहक झांकियां प्रस्तुत की। मुख्य अतिथि त्रिपुरा झा ने तुलसीदास के व्यक्तित्व पर प्रकाश डाला और बच्चों को रामचरित मानस पढ़ने का सुझाव दिया। मौके पर प्रधानाचार्य आशु तिवारी, अखिलेश दुबे, रवि कुमार दुबे, ओंकार नाथ सिंह, ललन राय और गिरीश कुमार तिवारी उपस्थित थे।

### एसएसपी से शिकायत के बाद पुलिस हिरासत में दहेज प्रताड़ना का आरोपी

**JAMSHEDPUR :** गोलमुरी रिफ्यूजी कॉलोनी निवासी कोमल कुमारी ने अपने पति गौरव चौधरी पर दहेज प्रताड़ना का आरोप लगाते हुए साकची थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई थी। प्राथमिकी दर्ज होने के बाद से ही गौरव द्वारा केस उठाने की धमकी दी जा रही थी। इधर, गुरुवार को कोमल एसएसपी से मिलने पहुंची और उचित कार्रवाई की मांग की। एसएसपी के आदेश पर साकची पुलिस ने गौरव को हिरासत में लिया है। पीड़िता ने बताया कि अक्टूबर 2021 में उसकी शादी साकची स्टेट माइल रोड निवासी गौरव चौधरी से हुई थी। शादी के तीसरे दिन से ही ससुराल वालों द्वारा दहेज के लिए प्रताड़ित किया जाने लगा। नवंबर 2022 में साकची थाना में प्राथमिकी दर्ज करवाई। प्राथमिकी दर्ज होने के बाद से ही गौरव उसे धमकी दे रहा था। बावजूद इसके पुलिस ने उसे गिरफ्तार नहीं किया। थक हारकर उसने एसएसपी से मामले की शिकायत की जिसके बाद पुलिस ने कार्रवाई करते हुए गौरव को हिरासत में लिया है।

### जेवियर स्कूल में बच्चों को चंद्रयान-3 के बारे दी गई जानकारी

**JAMSHEDPUR :** किताडीह स्थित जेवियर पब्लिक स्कूल में गुरुवार को बच्चों को चंद्रयान 3 के बारे में जानकारी दी गयी। इस दौरान शिक्षक कमलकांत शर्मा ने बच्चों को चंद्रयान 3 के विभिन्न पाट्र्स के बारे में विस्तार से बताया। प्राचार्य अंकिता तिवारी ने कहा कि इस मिशन में टाटा ग्रोथ शॉप के क्रेन और जमशेदपुर के आयुष भी शामिल थे। चंद्रयान सर्वांगीण रूप से विज्ञान और प्रौद्योगिकी ही नहीं अपितु जनरल अवेयरनेस, भूगोल और सभी विषयों से संबंधित है, और यह राष्ट्र गौरव को बढ़ाता है। मौके पर सुमन शर्मा, पीएन शर्मा, रजनी, काजल, गुड़िया, अलका, शीतल, सुष्मिता, आशा, सिमरन, प्रीतिका, प्रिया, श्वेता शर्मा, रश्मि भारती, बीएन बेरा और विद्यालय के सभी विद्यार्थी उपस्थित थे।

# B.ED कॉलेजों में एडमिशन के लिए 25 अगस्त से शुरू होगी दूसरे राउंड की काउंसिलिंग की प्रक्रिया

**PHOTON NEWS JAMSHEDPUR :** राज्य के बीएड कॉलेजों में रिक्त सीटों पर नामांकन के लिए दूसरे राउंड की काउंसिलिंग की तिथि झारखंड संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा पर्षद ने घोषित कर दिया है। जारी अधिसूचना के तहत दूसरे काउंसिलिंग की प्रक्रिया 25 अगस्त से शुरू होगी। इस प्रक्रिया में वैसे सभी अभ्यर्थी भाग ले सकते हैं जो प्रथम साक्षात्कार में शामिल नहीं हुए या जिन्हें उक्त साक्षात्कार में सीट आवंटन नहीं हुआ या सीट आवंटन होने के उपरान्त भी नामांकन नहीं ले सके है। पर्षद की ओर से कहा गया है कि अभ्यर्थियों को नामांकन के समय आवंटित सीट के अनुरूप प्रमाण पत्र अनुशंसित संस्थान में प्रस्तुत करना अनिवार्य है। वांछित प्रमाण पत्रों के प्रारूप पर्षद के वेबसाइट पर उपलब्ध है। इसके साथ ही वैसे अभ्यर्थी जो प्रथम साक्षात्कार से नामांकित हैं तथा रिक्त बचे सीटों पर संस्थान परिवर्तन चाहते हैं, तो वे भी इस साक्षात्कार में शामिल हो सकते हैं। यदि द्वितीय ऑनलाइन साक्षात्कार




उन्हें सीट पुनः आवंटित होता है तो उन्हें नए आवंटित संस्थान में नामांकन लेना अनिवार्य होगा क्योंकि उनके पूर्व का नामांकन स्वतः रद्द हो जायेगा।

**ऑनलाइन करना होगा आवेदनः** पर्षद के नोटिफिकेशन में कहा गया है कि बीएड कॉलेजों में दूसरे राउंड के एडमिशन के लिए अभ्यर्थियों द्वारा संस्थान / संस्थानों को अपनी प्राथमिकता के अनुसार पर्षद के वेबसाईट पर उपलब्ध लिंक पर जाकर कर दिये गये दिशा-निदेर्शों का अनुसरण करते हुए विकल्पों को भरना होगा। पर्षद की ओर से कहा गया है कि विकल्पों को चयन करने की संख्या पर कोई प्रतिबंध नहीं है।

**ऑनलाइन करना होगा शुल्क भुगतानः** पर्षद की ओर से जारी नोटिफिकेशन में सामान्य, ओबीसी व इडब्ल्यूएस के छात्रों को 400 रुपए जबकि एससी, एसटी व महिला अभ्यर्थियों के लिए 250 रुपए शुल्क निर्धारित किया गया है। दूसरे राउंड की काउंसिलिंग के लिए अभ्यर्थियों द्वारा साक्षात्कार शुल्क, पेमेंट गेटवे के माध्यम से क्रेडिट कार्ड, डेबिट कार्ड, नेट बैंकिंग या यूपीआई के माध्यम से करना होगा।

**यह है प्रमुख तिथियांः** सीट मैट्रिक्स का प्रकाशन 25 अगस्त, ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन एंड च्वाइस फिलिंग 25 से 31 अगस्त, रजिस्ट्रेशन में सुधार की तिथि 31 अगस्त, सीट एलाटमेंट लेटर जारी करने की तिथि 2 सितंबर एवं डाक्यूमेंट वेरीफिकेशन व एडमिशन लेने की तिथि 4 से 9 सितंबर तक।

## वीमेंस यूनिवर्सिटी में 967 और कोल्हान में 14831 छात्र-छात्राओं का हुआ एडमिशन

**PHOTON NEWS JAMSHEDPUR :** कोल्हान विश्वविद्यालय और जमशेदपुर वीमेंस यूनिवर्सिटी में स्नातक कक्षाओं में एडमिशन की प्रक्रिया लगभग पूरी हो चुकी है। इस बार कोल्हान विश्वविद्यालय में स्नातक कक्षाओं में अब तक 14 हजार 831 विद्यार्थियों का नामांकन हुआ है, जबकि जमशेदपुर वीमेंस यूनिवर्सिटी में अबतक 967 छात्राओं के ही एडमिशन हुए हैं। ये सारे एडमिशन चांसलर पोर्टल के माध्यम से हुए हैं।

### आवेदनों की तुलना में आधे से भी कम एडमिशन

चांसलर पोर्टल पर उपलब्ध आंकड़े के अनुसार कोल्हान विश्वविद्यालय में स्नातक कक्षाओं में एडमिशन के लिए इस बार कुल 34 हजार 337 आवेदन आये थे, जिनमें पेड आवेदनों की संख्या 30 हजार 380 थी। अंततः दाखिला लेने वालों की संख्या आधे से भी कम रह रह गयी है। दूसरी ओर जमशेदपुर वीमेंस यूनिवर्सिटी में कुल 4 हजार 88 आवेदन आये थे, जिनमें से पेड आवेदनों की संख्या 2 हजार 789 थी। यहां भी एडमिशन की संख्या आधे से भी काफी कम रह गयी। हालांकि इस विश्वविद्यालय में एक बार मेधा सूची का प्रकाशन करने के बाद भी चांसलर पोर्टल पर आवेदन के लिए तिथि बढ़ाई गयी थी।

### वीमेंस यूनिवर्सिटी में पीजी में मात्र 16 एडमिशन

दूसरी ओर आंकड़े के अनुसार जमशेदपुर वीमेंस यूनिवर्सिटी में स्नातकोत्तर (पीजी) में अबतक केवल 16 एडमिशन हुए हैं। जबकि एडमिशन के लिए कॉलेज के पास 561 आवेदन आये थे, जिनमें से पेड आवेदनों की संख्या 368 थी। बावजूद इतना कम एडमिशन होना आश्चर्य का विषय है। इसके अलावा स्नातकस्तरीय वोकेशन कोर्स में 960 आवेदन आये थे, जिनमें से 569 पेड आवेदन पाये गये। इनमें से एडमिशन लेनेवाली छात्राओं की संख्या 242 पर ही सिमट गयी।

### सीटें बढ़ाने की मांग

हालांकि अभी भी एडमिशन के लिए विद्यार्थी विभिन्न कॉलेजों का चक्कर लगा रहे हैं, लेकिन सीटें नहीं होने का हवाला देते हुए उन्हें लौटा दिया जा रहा है। इसे लेकर विभिन्न कॉलेजों में छात्रों के द्वारा मांग पत्र भी सौंपे गये हैं, ताकि सीटें बढ़ायी जायें।

## लाभार्थियों को शीघ्र ऋण उपलब्ध कराने का निर्देश

**PHOTON NEWS ADITYAPUR :** प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के तहत फुटकर विक्रेताओं को ऋण उपलब्ध कराने के लिए बैंकों को शीघ्र उन्हें ऋण उपलब्ध कराने का निर्देश नगर निगम के प्रशासक गिरिजा शंकर प्रसाद ने दिया है। उन्होंने बुधवार की शाम इस योजना की समीक्षा बैठक की है। इसमें आदित्यपुर नगर निगम क्षेत्र के सभी लीडिंग बैंक के प्रतिनिधियों को आमंत्रित किया गया था। समीक्षा बैठक में प्रधानमंत्री स्वानिधि योजना का बैंकवार लंबित आवेदनों का निस्तारण दो से तीन दिनों के अंदर करने का निर्देश दिया।

प्रशासक ने काशीडीह आवास योजना के चयनित लाभार्थियों को भी जल्द ऋण देने के लिए आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश बैंक प्रतिनिधियों को दिया। बता दें कि



बैठक में उपस्थित निगम के प्रशासक व अन्य।

पीएम आवास योजना के तहत काशीडीह में बन रहे 780 फ्लैट का कार्य लाभुकों के अंशदान समुचित तरीके से नहीं मिलने की वजह से अधुरा पड़ा है। बैठक में नगर मिशन प्रबंधक विकास कुमार शुक्ला, मणि मुकुट सोरेन, कुलदीप सिंह, सामुदायिक संगठनकर्ता सत्यम भारद्वाज, ललिता महतो एवं इंडियन बैंक , यूनियन बैंक, पंजाब नेशनल बैंक, झारखड़ ग्रामीण बैंक, आईडीबीआई एवं यूको बैंक के प्रतिनिधि मौजूद थे।

### फिल्म दुल्हनियां दौलत वाली की शूटिंग जोरों पर

## सिनेमाघरों में जल्द दिखेगी राहुल सिंह राजपूत और मनी भट्टाचार्य की जोड़ी

**PHOTON NEWS JAMSHEDPUR :** लौहनगरी के लाल राहुल सिँह राजपूत और दर्जनों भोजपुरी फिल्मों में काम कर चुकी मनी भट्टाचार्य की फिल्म दुल्हनियां दौलत वाली जल्द ही लोगों को सिनेमाघरों में देखने को मिलेगी। फिल्म की शूटिंग शहर के विभिन्न खूबसूरत लोकेशनों में शूट किया जा रहा है। पिछले चार दिनों से फिल्मों की शूटिंग चल रही है। इस फिल्म के निर्देशक रवि सिन्हा है, जो मुंबई से आये है। अभिनेता राहुल सिँह राजपूत ने कहा कि उनका उदेश्य जमशेदपुर शहर में फिल्म सिटी खोलने का है, इसलिए फिल्मों के माध्यम से यहाँ माहौल



बनाने की कोशिश कर रहा हूं।

उन्होंने कहा कि गीत, संगीत व फिल्म के क्षेत्र में लौहनगरी तेजी से आगे बढ़ रही है। उन्होंने कहा कि वे इस फिल्म में अधिकांश कलाकार शहर से जुड़े है। 20 प्रतिशत कलाकार ही बाहर के है। वहींफिल्म के निर्देशक रवि सिन्हा ने बताया कि वे अपने तीन फिल्मों की शूटिंग को लेकर जमशेदपुर आएं हैं। एक फिल्म की शूटिंग सोमवार से शुरू हो चुका है। रवि सिन्हा भोजपुरी स्टार पवन सिंह, खेसारी लाल व दिनेश लाल यादव जैसे कलाकारों के साथ भी काम कर चुके हैं। इस फिल्म का निर्माण मां दुर्गा फिल्म प्रोडक्शन के बैनर तले की जा रही है।इस फिल्म में निर्देशक रवि सिन्हा, अभिनेता राहुल सिंह राजपूत, अभिनेत्री मनी भट्टाचार्य, श्वेता सिंह राजपूत, अयाज खान, माया यादव आदि कलाकार काम कर रहे है।

## वीमेंस यूनिवर्सिटी में कबड्डी समेत कई खेलकूद प्रतियोगिताएं आयोजित

**PHOTON NEWS JAMSHEDPUR :** जमशेदपुर वीमेंस यूनिवर्सिटी में वार्षिक खेलकूद कैलेन्डर के अनुसार गुरुवार को खेलकूद का आयोजन किया गया। यूनिवर्सिटी की कुलपति प्रो (डॉ) अंजिला गुप्ता ने बताया कि यूनिवर्सिटी बनने के तुरंत बाद यहां की छात्राओं को स्पोर्ट्स में आगे बढ़ने का अवसर मिले इसके लिए स्पोर्ट्स एंड कल्चरल कमेटी बनाई गई। यह सभी जानते हैं कि झारखंड की छात्राएं खेलकूद गतिविधियों में इतनी सक्षम हैं कि कई प्रतियोगिताओं में राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिनिधित्व करती हैं। ऐसे में यूनिवर्सिटी में स्पोर्ट्स कैलेंडर के तहत हो रही खेलकूद प्रतियोगिताएं वहां पहुंचने की महत्वपूर्ण सीढ़ी साबित हो सकती है। सभी प्रतियोगिताओं को समाहित करनेवाले अच्छे स्पोर्ट्स कैलेंडर के साथ बेहतर आयोजन के लिए उन्होंने भी कमिटी को भी दी।

कबड्डी प्रतियोगिता में यूनीवर्सिटी टीम के गठन के लिए स्नातक एवं स्नातकोत्तर को मिलाकर कुल 8 टीमें सम्मिलित हुईं। टीम के चयन के लिए खेल विशेषज्ञ जगदीश कुमार एवं सुखदेव सिंह शामिल हुए। शतरंज, बैडमिंटन सिंगल, डबल एवं कबड्डी की टीम का गठन किया जा चुका है। इनके चयन में क्रीड़ा एवं सांस्कृतिक समिति के अध्यक्ष डॉ सनातन दीप, सदस्यगण आर तेजा, शांति मुक्ति बारला एवं प्रभात कुमार की सराहनीय भूमिका रहीं।

### पूर्वी सिंहभूम में हुआ योगासन चैंपियनशिप का आयोजन

## जमशेदपुर महिला विश्वविद्यालय की छात्राओं का योग में बेहतरीन प्रदर्शन

**PHOTON NEWS JAMSHEDPUR :** धतकीडीह कम्युनिटी सेंटर में पूर्वी सिंहभूम जिला योगासन स्पोर्ट एसोसिएशन द्वारा 19 व 20 अगस्त को आयोजित किए गए तृतीय पूर्वी सिंहभूम जिला योगासन स्पोर्ट चैंपियनशिप में जमशेदपुर महिला विश्वविद्यालय की छात्राओं ने उम्दा प्रदर्शन किया है।

महिला वर्ग में क्रमशः प्रथम, द्वितीय, एवं चतुर्थ स्थान जमशेदपुर महिला विश्वविद्यालय के योग विभाग की छात्राओं को मिला है। सीनियर बलिका 18 वर्ष से 28 वर्ष आयु वर्ग में चतुर्थ स्थान छात्रा सदफ आरा, महिला 28 वर्ष से 35 वर्ष ए. आयु वर्ग




कुलपति अंजिला गुप्ता के साथ विजेता छात्राएं। • फोटोन न्यूज

में प्रथम स्थान सन्यासी एवं महिला 35 वर्ष से 45 वर्ष आयु वर्ग में द्वितीय स्थान विवि के ही बीना कुंभकार को प्राप्त हुआ है।

छात्राओं की सफलता पर कुलपति अंजिला गुप्ता ने शुभकामनाएं दी। पिछले वर्ष भी द्वितीय जिला स्तरीय योगासन चैंपियनशिप में योग विभाग की छात्राओं ने अच्छा प्रदर्शन किया था और योग विभाग को गौरवान्वित किया था। जमशेदपुर महिला विश्वविद्यालय में योग की पढ़ाई करने वाले विद्यार्थी योग के क्षेत्र में राष्ट्रीय स्तर तक अपनी पहचान बन चुके हैं।

## कोल्हान विश्वविद्यालय के वित्त पदाधिकारी डॉ पीके पाणि का कार्यकाल पूरा, अपने मूल कॉलेज में दिया योगदान

**PHOTON NEWS JAMSHEDPUR :** कोल्हान विश्वविद्यालय (केयू) के वित्त पदाधिकारी डॉ. पीके पाणी का कार्यकाल 22 अगस्त को समाप्त हो गया। ऐसे में उन्होंने अपने मूल कॉलेज जमशेदपुर वर्कर्स कॉलेज में योगदान दिया है। कोल्हान विश्वविद्यालय में लंबे समय से विभिन्न पदों पर डॉ. पीके पाणी अपनी सेवा दे रहे थे। लगभग 4 सालों तक वित्त पदाधिकारी के पद पर डॉ. पीके पाणी ने अपनी सेवा दी है। 22 अगस्त को ही उनका कार्यकाल खत्म हो गया था, इसके बाद 23 अगस्त को उन्हें रिलीविंग पत्र विश्वविद्यालय की ओर से निर्गत किया गया है। मालूम हो कि कोल्हान




पुष्प गुच्छ देकर डॉ पीके पाणी का स्वागत करते लोग। • फोटोन न्यूज

विश्वविद्यालय में परीक्षा नियंत्रक के पद पर भी लंबे समय तक डॉ. पाणी रह चुके हैं।

**डॉ वीणा प्रियदर्शी ने ग्रेजुएट कॉलेज में प्रिंसिपल का पदभार संभाला :** कोल्हान विश्वविद्यालय की ओर से डॉ वीणा सिंह प्रियदर्शी को ग्रेजुएट कॉलेज का नया प्रोफेसर इंचार्ज (प्रभारी प्रिंसिपल) बनाए जाने के बाद गुरूवार को डॉ वीणा सिंह प्रियदर्शी ने प्रभार संभाल लिया है। इस दौरान उन्होंने कहा कि विवि ने जो जिम्मेदारी उन्हें सौंपी है वे उसका निर्वहन करेंगी। इस दौरान कॉलेज की शिक्षिकाओं व शिक्षकेत्तर कर्मचारियों व छात्र संघ की ओर से उनका स्वागत करते हुए बधाई दी गयी।

**डॉ राजेंद्र भारती बने डीन :** एबीएम कॉलेज के पॉलिटिकल साइंस विभाग के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. राजेंद्र भारती को सोशल साइंस का डीन बनाया गया है। कोल्हान विश्वविद्यालय प्रशासन की ओर से इस संबंध में अधिसूचना जारी कर दी गई है। विदित हो कि सोशल साइंस डीन डॉ. लोकनाथ भी रिटायर हो चुके हैं। उनके स्थान पर डॉ. राजेंद्र भारती की नियुक्ति की गई है। डॉ. राजेंद्र भारती ने भी पदभार ग्रहण कर लिया है।

### ईवीएस की परीक्षा में पूछे गए प्रश्नपत्र पर परीक्षार्थियों ने उठाए सवाल

## प्रश्नपत्र सिर्फ अग्रेजी में जबकि UNIVERSITY में परीक्षा देने वाले 80 प्रतिशत छात्र हिंदी मीडियम के

**PHOTON NEWS JAMSHEDPUR :** कोल्हान विश्वविद्यालय की ओर आयोजित हो रहे चार वर्षिय स्नातक प्रथम सेमेस्टर की परीक्षा में हर दिन विवि की गलती सामने आ रही है। गुरूवार को प्रथम पाली में आयोजित हुए ईवीएस की परीक्षा में पूछे गए प्रश्न पत्र पर परीक्षार्थियों ने सवाल उठाया है। उनका कहना है कि यह प्रश्नपत्र सिर्फ अंग्रेजी में ही था जबकि विवि में परीक्षा देने वाले 80 % छात्र हिंदी मीडियम के है। इसके साथ ही प्रश्न पत्र के ग्रुप-ए में एमसीक्यू टाइप प्रश्न पूछे जाने थे। लेकिन ऐसा कोई प्रश्न नहीं पूछा गया। जबकि दूसरे विषयों के प्रश्नपत्र में प्रश्न पूछा गया था। वहीं अंग्रेजी विषय में प्रश्नपत्र देख



प्रश्नपत्र दिखाते छात्र। • फोटोन न्यूज

हिंदी मीडियम के छात्र पूरे परीक्षा के दौरान परेशान रहे। कई परीक्षार्थी तो पूरा 10 से 20 प्रतिशत प्रश्नों का उत्तर ही लिख पाए। वहीं इससे नाराज छात्रों ने आजसू छात्र संघ के जिला संयोजक कामेश्वर प्रसाद के नेतृत्व में जेकेएस के प्रिंसिपल के माध्यम से कोल्हान परीक्षा नियंत्रक को पत्र सौंप ईवीएस की परीक्षा पुनः हिंदी भाषा में प्रश्नपत्र तैयार कर लेने की मांग की। छात्रों ने कहा कि अगर कल डिजिटल एजुकेशन की परीक्षा के लिए प्रश्नपत्र हिंदी भाषा व इसमें एमसीक्यू नही दिया जाएगा तो छात्र परीक्षा का बहिष्कार करेंगे।

**अभी तक विवि ने भाषा विषय को छोड़कर अंग्रेजी व हिंदी दोनों भाषा में पूछे हैं प्रश्नः** छात्रों की मानें तो अभी तक अगर भाषा विषय की परीक्षा को छोड़ दें तो शेष विषयों के प्रश्नपत्र हिंदी व अंग्रेजी दोनों भाषा में पूछे जाते रहे हैं। जिससे परीक्षार्थियों को परेशानी नहीं होती थी। लेकिन इस बार पूरा प्रश्न सिर्फ अंग्रेजी में पूछे जाने से छात्र परेशान दिखे ओर इसकी शिकायत लेकर विवि के पास पहुंच गए।

**विवि का तर्क ईवीएस जेसे विषयों के प्रश्न अंग्रेजी में ही पूछे जाते हैं :** वहीं परीक्षा नियंत्रक डॉ अजय कुमार चौधरी ने कहा कि इवीएस जैसे विषयों के प्रश्न अंग्रेजी में ही पूछे जाते हैं। ऐसे में छात्रों को इतनी अंग्रेजी तो आनी ही चाहिए। उनकी मानें तो जो शिकायतें आ रही हैं वह कुछ छात्रों की हैं अधिकतर छात्र आराम से परीक्षा दे रहे हैं। सिर्फ कुछ को ही दिक्कत हो रही है।

**छात्रों का आरोप लगातार हो रही गलती :** छात्र आजसू के कामेश्वर प्रसाद ने कहा कोल्हान विवि में जब से डॉ अजय कुमार चौधरी ने परीक्षा नियंत्रक का पदभार संभाला है इस प्रकार की गड़बड़ी सामने आरही है। कभी इकोनॉमिक के प्रश्न पत्र के जगह भूगोल का पेपर दे दिया जा रहा है तो कभी बिना हिंदी सिर्फ इंग्लिश में पेपर भेज देना कभी कॉमर्स का एग्जाम दोपहर का जगह सुबह कर दिया जा रहा है। जिससे छात्र परेशान हैं।

## अभाविप की LBSM कॉलेज इकाई का पुनर्गठन, अध्यक्ष बने रितिक सिंह

**PHOTON NEWS JAMSHEDPUR :** जमशेदपुर के करनडीह स्थित एलबीएसएम कॉलेज में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद् (अभाविप) की कॉलेज इकाई का पुनर्गठन किया गया। स्वामी विवेकानंद एवं माता सरस्वती की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित करने के पश्चात पुरानी इकाई को निरस्त कर नई इकाई की घोषणा की गयी। नई कमेटी में अध्यक्ष रितिक सिंह, उपाध्यक्ष अभिषेक झा, हरे कृष्णा मण्डल, अभिषेक पात्रो, मंत्री सोनू साव, सह मंत्री निधि पात्रो, किरण मण्डल, एसएफएस प्रमुख नरेंद्र कुमार , सह एसएफएस प्रमुख राहुल कुमार, एसएफडी प्रमुख रोहन कुमार, एसएफडी सह प्रमुख हिमांशु कुमार, सोशल मीडिया प्रभारी प्रिंस तिवारी, खेल प्रमुख सुनीता कुमारी, आरकेएम प्रमुख निकिता मंडल को बनाया गया।

वहीं कार्यसमिति सदस्यों में सुरुचि राय, लक्ष्मी बेसरा, प्रिय



रितिक सिंह के साथ कॉलेज के विद्यार्थी।

कुमारी, अनु सिंह एवं अन्य शामिल किये गये। अभाविप जमशेदपुर महानगर मंत्री अमन ठाकुर ने कहा कि अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद् सदैव छात्रों के हित में कार्यरत रहा हैं और आगे भी रहेगा। परिषद राष्ट्र एवं समाज हित में कार्य करेगा, जिससे देश को उन्नति के रास्ते पर ले जाने में हम सभी छात्र एवं कार्यकताओं की भागीदारी रहेगी। इस दौरान जय कुमार सिंह, संगीता दास, अंजलि कुमारी, क्रिस कुमार समेत कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## चांद की गोद में

चांद अक्सर सबके सपनों में आता है, पर अब ऐसे शानदार ढंग से भारत के तमगों में शुमार हुआ है कि दुनिया अचंभित देख रही है। तारीख 23 अगस्त 2023, बुधवार शाम 6.04 बजे, वक्त हमेशा के लिए भारत के नाम दर्ज हो गया है। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर यान (चंद्रयान-3) उतारने वाला पहला देश बन गया है। अमेरिका, रूस और चीन के सामने भी भारत ने चुनौती पेश कर दी है। भारत को चांद पर उस जगह उतरने में कामयाबी मिली है, जहां रूस का लूना-25 चार दिन पहले ही नाकाम होकर गिरा था। मुख्य चुनौती चांद पर धीरे से उतरने की थी, जिसे विक्रम लैंडर ने पूरा कर दिखाया है। चंद्रयान-2 की हल्की निराशा अब दूर हुई है। बुधवार को चंद्रयान की सफलता के लिए जिस तरह का जोश, जज्बा और जुनून देश में दिख रहा था, उसे भुलाना मुश्किल है। जगह-जगह लोगों ने पूजा-प्रार्थना और दुआओं से देश की सफलता की कामना की थी। आज जैसी खुशी देश को मिली है, उसे आगे बढ़ाने के बारे में हर किसी को सोचना चाहिए। मानव जीवन में विज्ञान का कोई विकल्प नहीं। अब इसरो की नजर सौर ऊर्जा से चलने वाले रोवर प्रज्ञान पर रहेगी, जो आगामी दिनों में दुनिया को अनूठे ज्ञान से समृद्ध करेगा। बेशक, भारतीय विज्ञान ने लंबी यात्रा पूरी की है। इस यात्रा में जो उतार-चढ़ाव आए हैं, यह उनको भी याद करने का समय है। चंद्रयान का सपना पिछली सदी के अंत में ही देखा गया था और उसके बाद जमीनी स्तर पर साल 2003 में तैयारियां शुरू हुईं और यह बड़ी कामयाबी है कि भारत का पहला चंद्रयान ही पूरी तरह से सफल रहा था। दुनिया में दूसरा ऐसा कोई देश नहीं है, जिसने इतने कम समय में इतना सफल अभियान चलाया हो। अमेरिका और सोवियत संघ के अनेक प्रयास नाकाम हुए हैं। आज भारत की कामयाबी से चीन भी प्रेरित हो रहा होगा। कोई शक नहीं है कि चंद्रयान-3 की सफलता से विज्ञान की दुनिया में प्रतिद्वंद्विता भी बढ़ेगी और इसका लाभ सबको होगा। गौर करने की बात है कि चांद पर इंसान के कदम पड़ने के पीछे भी प्रतिद्वंद्विता का ही सर्वाधिक योगदान था। अमेरिका और सोवियत संघ के बीच शीतयुद्ध न होता, तो प्रतिद्वंद्विता न होती और अमेरिका चांद पर पहुंचने की जल्दी न मचाता। ध्यान रहे, शीतयुद्ध जब थमने लगा था, तब 1980 के दशक में अंतरिक्ष अभियानों पर एक तरह से रोक ही लग गई थी। बीते दो दशक में अंतरिक्ष विज्ञान को मानो पंख लग गए हैं। भारत की वैज्ञानिक कामयाबियां अतुलनीय हैं। भारत ने अपने दम पर ही ज्यादातर अभियानों को सफल बनाया है। चीन की वैज्ञानिक तरक्की के पीछे अमेरिकी योगदान से कोई इनकार नहीं कर सकता, पर भारत की वैज्ञानिक तरक्की में अमेरिका का योगदान बहुत कम है। तकनीक साझा करने की बात हो या नासा के किसी अभियान में सीधे सहयोग की बात, अमेरिका हिचक का शिकार रहा है। हालांकि, भारत की वैज्ञानिक आत्मनिर्भरता का लोहा अमेरिकी अंतरिक्ष विज्ञान एजेंसी नासा भी मानती है।

## इनक्रेडिबल इंडिया

चंद्रयान-3 की चांद पर सफल सॉफ्ट लैंडिंग कर भारत ने इतिहास तो रच दिया है। इसरो को, इस मिशन में लगी पूरी टीम को ही नहीं देश की पूरी वैज्ञानिक बिरादरी को इसके लिए जितनी बधाई दी जाए कम है। यह वास्तव में देश की उस वैज्ञानिक चेतना और सूक्ष्म दृष्टि का कमाल है, जो तमाम बाधाओं के बावजूद पिछले 61 साल से हमारा अंतरिक्ष कार्यक्रम आगे बढ़ता रहा है। हमने पहले चांद पर पानी खोजा और अब चांद के दूसरे सिरे पर भी पहुंच गए। निश्चित रूप से यह एक ऐतिहासिक उपलब्धि है और अंतरिक्ष अनुसंधान के अगले चरण में इसका फायदा पूरी दुनिया को मिलेगा। इस मौके पर अपनी इस असाधारण, अभूतपूर्व उपलब्धि पर गर्व करते हुए उन बाधाओं पर भी एक नजर डाल लेना उचित होगा, जिनके बावजूद हमने यह लक्ष्य हासिल किया और जिनके हटने से आगे हमारी रफ्तार कई गुना तेज हो सकती है। इस लिहाज से पहला फैक्टर तो बजट ही दिखता है। हम अक्सर इस बात पर गर्व करते रहे हैं कि हमारे वैज्ञानिक कितने कम खर्च में शानदार काम कर रहे हैं। इस बार भी बताया जा रहा है कि चंद्रयान-3 को चांद पर पहुंचाने की लागत हॉलिवुड की हाल में रिलीज हुई फिल्मों- ओपनहाइमर और बार्बी- से कितनी कम है। लेकिन यह नहीं सोचते कि आखिर कम से कम खर्च में काम चलाने की मजबूरी हमारे वैज्ञानिकों की संभावना को कितना प्रभावित करती होगी। 2023-24 में स्पेस एक्टिविटीज के लिए आवंटित बजट 12,544 करोड़ रुपये है, जो पिछले साल यानी 2022-23 के मुकाबले 8 फीसदी कम है। ध्यान रहे, इसरो की कमाई का मुख्य जरिया इसके सैटलाइट लॉन्चर्स हैं। जुलाई 2023 तक इसरो ने 36 देशों के 431 सैटलाइट लॉन्च किए हैं। जुलाई 2022 तक विदेशी सैटलाइट की लॉन्चिंग से इसरो को कुल 22.3 करोड़ डॉलर की कमाई हुई है। वह भी तब, जब भारत रॉकेट लॉन्च करने की क्षमता से लैस टॉप 10 देशों में शामिल है। आज की तारीख में ग्लोबल स्पेस इकॉनमी में भारत की हिस्सेदारी महज 2 फीसदी है। सरकार का लक्ष्य है कि दशक के अंत तक मार्केट के 9 फीसदी हिस्से पर कब्जा हो जाए। इस संदर्भ में एक कंसल्टिंग फर्म आर्थर डी लिट्ल का यह आकलन गौर करने लायक है कि मौजूदा रफ्तार से 2040 तक भारत की स्पेस इकॉनमी 40 अरब डॉलर की होगी।

# चांद से मैं भारत बोल रहा हूं

ANALYSIS



डॉ. पवन सिंह

**इसरो ने चंद्रयान-3 मिशन के लिए तीन मुख्य उद्देश्य निर्धारित किए थे। पहला लैंडर की चंद्रमा की सतह पर सुरक्षित और सॉफ्ट लैंडिंग कराना। दूसरा चंद्रमा पर रोवर की विचरण क्षमताओं का अवलोकन और प्रदर्शन और तीसरा चंद्रमा की संरचना को बेहतर ढंग से समझने और उसके विज्ञान को अभ्यास में लाने के लिए चंद्रमा की सतह पर उपलब्ध रासायनिक और प्राकृतिक तत्वों, मिट्टी, पानी आदि पर वैज्ञानिक प्रयोग करना। इस पूरी यात्रा में चंद्रयान-3 ने अपने इन तीनों उद्देश्यों को बखूबी पूरा किया है। आगे आने वाले समय में शायद चंद्रयान-3 से हमें ऐसी अनेकों जानकारियां मिल सकती हैं, जिसके बारे में अभी सोच पाना मुश्किल है। लगभग 615 करोड़ की लागत से बने और 14 जुलाई को आंध्र प्रदेश के श्रीहरिकोटा स्थित सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र से यात्रा शुरू करने वाले चंद्रयान-3 के पूरे सफर ने पहले दिन से प्रत्येक भारतीय को अपने से जोड़े रखा और दुनियाभर से करोड़ों लोग टकटकी लगाए इस यात्रा से लगातार जुड़े रहे।**

लगभग 41 दिनों की अद्भुत व अविस्मरणीय यात्रा के बाद 23 अगस्त 2023 का दिन। 140 करोड़ दिलों की धड़कनें और दुनियाभर की नजरें जिस ऐतिहासिक क्षण का साक्षी बनने के लिए बेसब्री से इंतजार कर रही थी, आखिरकार वो पल आ ही गया जब हमारे चंद्रयान-3 ने चाँद के साउथ पोल पर सफल लैंडिंग कर विश्वपटल पर नया कीर्तिमान स्थापित कर दिया। इस शुभ लैंडिंग से पूरा देश उत्साह व ऊर्जा से सराबोर है। हमारे वैज्ञानिकों ने पूरे देश को गौरवान्वित करने का एक ओर मौका दिया है। इस सफलता के लिए इसरो के सभी वैज्ञानिकों, कर्मचारियों के अथक परिश्रम को कोटि-कोटि साधुवाद एवं बधाई। अब से चाँद पर भी अशोक स्तंभ के रूप में भारत की छाप स्थापित हो गयी है।



**चंद्रयान-3 मिशन के उद्देश्य:** इसरो ने चंद्रयान-3 मिशन के लिए तीन मुख्य उद्देश्य निर्धारित किए थे। पहला लैंडर की चंद्रमा की सतह पर सुरक्षित और सॉफ्ट लैंडिंग कराना। दूसरा चंद्रमा पर रोवर की विचरण क्षमताओं का अवलोकन और प्रदर्शन और तीसरा चंद्रमा की संरचना को बेहतर ढंग से समझने और उसके विज्ञान को अभ्यास में लाने के लिए चंद्रमा की सतह पर उपलब्ध रासायनिक और प्राकृतिक तत्वों, मिट्टी, पानी आदि पर वैज्ञानिक प्रयोग करना। इस पूरी यात्रा में चंद्रयान-3 ने अपने इन तीनों उद्देश्यों को बखूबी पूरा किया है। आगे आने वाले समय में शायद चंद्रयान-3 से हमें ऐसी अनेकों जानकारियां मिल सकती हैं, जिसके बारे में अभी सोच पाना मुश्किल है।

**चंद्रयान -3 की यात्रा आसान नहीं थी:** लगभग 615 करोड़ की लागत से बने और 14 जुलाई को आंध्र प्रदेश के श्रीहरिकोटा स्थित सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र से यात्रा शुरू करने वाले चंद्रयान-3 के पूरे सफर ने पहले दिन से प्रत्येक भारतीय को अपने से जोड़े रखा और दुनियाभर से करोड़ों लोग टकटकी लगाए इस यात्रा से लगातार जुड़े रहे। इसरो ने पृथ्वी से दूर कई बार चंद्रयान-3 की कक्षाएं बदली थी। पृथ्वी की अलग-अलग कक्षाओं में परिक्रमा करते हुए एक अगस्त को स्लिंगशाट के बाद पृथ्वी की कक्षा छोड़कर यान चंद्रमा की कक्षा की ओर बढ़ा था। पांच अगस्त को इसने चंद्रमा की कक्षा में प्रवेश किया। छह अगस्त को पहली बार कक्षा बदली। इसके बाद नौ, चौदह और सोलह अगस्त को कक्षाओं में बदलाव कर यह चंद्रमा के और नजदीक पहुंचा। सत्रह अगस्त को चंद्रयान-3 के प्रोपल्शन मॉड्यूल और लैंडर मॉड्यूल अलग-अलग हो गए और लैंडर मॉड्यूल चंद्रमा की सतह की ओर बढ़ा। 18 और 19 अगस्त को दो बार डीबूस्टिंग (धीमा करने की प्रक्रिया) के बाद लैंडर (विक्रम) और रोवर (प्रज्ञान) से युक्त लैंडर मॉड्यूल चाँद की सबसे करीबी कक्षा में पहुंचा और इस असंभव लगने वाली चंद्रयान-3 की यात्रा को आखिरकार हमने चुनौतियों के बावजूद पूरा कर लिया। बीच-बीच में कई बार दिलों की धड़कनें तेज भी हुई और डर भी लगा, लेकिन अंत भला तो सब भला।

**साउथ पोल पर होने के मायने:** भारत साउथ पोल पर पहुँचने वाला दुनिया का पहला देश बन गया है। साउथ पोल से भारत को ऐसी सब जानकारियां मिल सकती है, जो वहां पर जीवन की संभावनाओं और अन्य संबंधित क्षेत्रों से जुड़ी संभावनाओं को ओर अधिक गति प्रदान करेगा। साउथ पोल पर पानी की सम्भावना की तलाश का मतलब होगा एक नई जिंदगी। इससे मंगल पर जाने के लिए चंद्रमा पर उतरकर फ्यूल ले सकेंगे। हाइड्रोजन-ऑक्सीजन मिलकर स्वच्छ राकेट फ्यूल बना सकते हैं, इससे पानी को हाइड्रोजन और ऑक्सीजन में तोड़ा जा सकता है। साउथ पोल पर कीमती धातुओं के रूप में सोना, प्लेटिनमम, टाइटेनियम और यूरेनियम होने की संभावना है। वहां पर बड़ी मात्रा में नॉन रेडिओएक्टिव हीलियम गैस और इलेक्ट्रॉनिक्स बनाने में काम आने वाली धातुएं भी मिल सकती है। चंद्रमा पर बर्फ के अणुओं का अध्ययन, चंद्रमा की सतह से अंतरिक्ष के अध्ययन की संभावना तलाशना, मिट्टी व प्राकृतिक संसाधनों का अध्ययन ऐसी अनेक संभावनाओं का भविष्य में पता चल सकता है।

**स्पेस में बढ़ता भारत का वर्चस्व:** स्पेस मार्केट में भारत के लिए संभावनाएं पहले से अधिक बढ़ गई हैं। अंतरिक्ष में भी पूरी दुनिया आज भारत का लोहा मानने लगी है। भारत ने स्पेस में अमेरिका सहित कई बड़े देशों का एकाधिकार तोड़ा है। पूरी दुनिया में सैटेलाइट के माध्यम से टेलीविजन प्रसारण, मौसम की भविष्यवाणी और दूरसंचार का क्षेत्र बहुत तेज गति से बढ़ रहा है और चूंकि ये सभी सुविधाएं उपग्रहों के माध्यम से संचालित होती हैं, इसलिए संचार उपग्रहों को अंतरिक्ष में स्थापित करने की मांग में बढ़ोतरी हो रही है। हालांकि इस क्षेत्र में चीन, रूस, जापान आदि देश प्रतिस्पर्धा में हैं, लेकिन यह बाजार इतनी तेजी से बढ़ रहा है कि यह मांग उनके सहारे पूरी नहीं की जा सकती। ऐसे में चंद्रयान-3 की कम बजट में सफल लैंडिंग के बाद व्यवसायिक तौर पर भारत के लिए संभावनाएं पहले से अधिक बढ़ गयी हैं। आज कम लागत और सफलता की गारंटी इसरो की सबसे बड़ी ताकत बन गयी है। अंतरिक्ष बाजार में भारत की धमक का यह स्पष्ट संकेत है। इसके साथ ही भारत अब 200 अरब डॉलर के अंतरिक्ष बाजार में एक महत्वपूर्ण देश बनकर उभरा है। चांद और मंगल अभियान सहित इसरो अपने 100 से ज्यादा अंतरिक्ष अभियान पूरे करके पहले ही इतिहास रच चुका है। भविष्य में अंतरिक्ष में प्रतिस्पर्धा बढ़ेगी क्योंकि यह अरबों डॉलर की मार्केट है। कुछ साल पहले तक फ्रांस की एरियन स्पेस कंपनी की मदद से भारत अपने उपग्रह छोड़ता था पर अब वह ग्राहक के बजाय साझीदार की भूमिका में पहुंच गया है। यदि इसी तरह भारत अंतरिक्ष क्षेत्र में सफलता प्राप्त करता रहा तो वह दिन दूर नहीं जब हमारे यान अंतरिक्ष यात्रियों को चांद, मंगल या अन्य ग्रहों की सैर करा सकेंगे। इसरो के मून मिशन, मंगल अभियान, स्वदेशी स्पेस शटल की कामयाबी और अब चंद्रयान-3 की सफलता के बाद इसरो के लिए संभावनाओं के नये दरवाजे खुल जाएंगे, जिससे भारत का निश्चित रूप से स्पेस में वर्चस्व पहले से अधिक बढ़ जाएगा। सच में चंद्रयान-3 की सफलता ने 2047 के अमृतकाल की शुरूआत बहुत बेहतरीन तरीके से की है और अब प्रत्येक भारतीय का विश्वास पहले से कई गुणा बढ़ गया है कि भारत अब किसी भी क्षेत्र में रुकने वाला नहीं है।

# नेत्रदान का संकल्प करें, मृत्यु के बाद मृत्युंजय बनें

राष्ट्रीय नेत्रदान पखवाड़ा एक अभियान है, जो प्रत्येक वर्ष 25 अगस्त से 08 सितम्बर तक 15 दिनों के लिए शासकीय व अशासकीय संस्थाओं द्वारा मनाया जाता है। दृष्टिहीनता के नियंत्रण के लिए राष्ट्रीय कार्यक्रम के रूप में यह समस्त भारत में आयोजित किया जाता है। राष्ट्रीय नेत्रदान पखवाड़ा 1985 में शुरू हुआ था। वास्तव में नेत्रदान पखवाड़े का दायित्व स्वास्थ्य मंत्रालय तथा केंद्र सरकार के कंधों पर रहता है। राष्ट्रीय नेत्रदान पखवाड़े के उद्देश्यों को पूरा करने के लिए अशासकीय सेवा भावी संस्थाएं भी अपनी अहम भूमिका का निर्वाह करती हैं। इसका उद्देश्य अंधत्व निवारण के लिए नेत्रदान के महान कार्य को प्रोत्साहित करना है। साथ ही लोगों को मृत्यु उपरांत नेत्रदान के लिए प्रेरित करना है। देश 38वां नेत्रदान पखवाड़ा मना रहा है। माधव नेत्रपेढी की स्थापना 1995 में हुई। तभी से माधव नेत्रपेढी इस पुनीत कार्य में एक अग्रणी भूमिका में रहता है। इस वर्ष माधव नेत्रपेढी 28वां नेत्रदान पखवाड़ा मना रहा है। नेत्रों के मध्य में काले भाग के ऊपर पारदर्शक व सख्त भाग को 'कॉर्निया' कहते हैं। इस पर बाहर से प्रकाश पड़ता है तथा लेंस की सहायता से अंदर रेटिना पर प्रतिबिंब बनता है। यदि पारदर्शक कॉर्निया किसी कारणवश अपारदर्शक हो जाए तो प्रकाश की किरणें नेत्रों में प्रवेश नहीं कर पाती हैं और उस नेत्र में प्रतिबिंब बनने की प्रक्रिया बंद हो जाती हैं। यदि मृत्योपरांत किसी व्यक्ति की दान में प्राप्त कॉर्निया का प्रत्यारोपण कर दिया जाए तो प्रकाश की किरणें नेत्रों में प्रवेश कर जाती हैं और उसे दिखाई देने लगता है। एक व्यक्ति द्वारा नेत्रदान किए जाने पर दो दृष्टिहीन लोगों को नेत्र ज्योति प्राप्त होने की संभावना बन जाती है। एक दृष्टिहीन व्यक्ति नेत्र ज्योति प्राप्त कर ले तो उसके जीवन का आनंद कितने गुना बढ़ जाएगा, जिसकी कल्पना हम दृष्टिवालों को सहज रूप से करना कठिन है। किंतु यह आनंद हमारी संसार यात्रा समाप्त होते ही यदि दो लोगों को मिलती है तो इससे बढ़कर पुण्य का काम और क्या हो सकता है। दोषपूर्ण कॉर्निया वाले दृष्टिहीनों के जीवन में नया सवेरा लाने एवं उनके जीवन में भाग्योदय के द्वार खोलने के लिए माधव नेत्रपेढी कृत संकल्प के साथ कार्यरत है। मरणोपरांत नेत्रदान एक महानतम सामाजिक अनुष्ठान है। हमारी पहल, संकल्प, समर्पण, परस्पर सहयोग, सामाजिक समन्वय एवं नेत्र चिकित्सकों के सहयोग से इसकी सफलता निश्चित है। विभिन्न प्रसार माध्यमों के सहयोग से दृष्टिहीनों की पीड़ा का अहसास करवा कर जनमानस को इस महायज्ञ में सहभागी बनने हेतु प्रेरित किया जा सकता है। अधिक से अधिक महानुभावों को इस महाभियान से संलग्न कर विकेन्द्रीकृत संचालन से नेत्रदान महायज्ञ अखण्ड रूप से राष्ट्रीय स्तर पर संचालित किया जा सकता है। दोषपूर्ण कॉर्निया प्रत्यारोपण द्वारा नेत्र ज्योति प्राप्त कर राष्ट्र की मुख्यधारा में सम्मिलित होकर राष्ट्र निर्माण में सहभागी बन सकते हैं। दोषपूर्ण कॉर्निया वाले दृष्टिहीनों के लिए कॉर्निया प्राप्ति महज एक सपना नहीं, एक वास्तविकता बने, इसके लिए सबको आगे आकर प्रयत्न करने की आवश्यकता है। मृत्यु और दृष्टिहीनता न तो किसी के हाथ में है और न ही हमारी देन है। लेकिन हमारे प्रिय जन देख सकते हैं, यह हमारे हाथ में है। नेत्रदान द्वारा उनको पुनर्दृष्टि से उनके जीवन में भाग्योदय का संचार हमारे हाथ में है। हमारे देश के लिए यह दुर्भाग्य की बात है कि यहां बड़ी मात्रा में पड़ोसी देश श्रीलंका से दान किए हुए नेत्र आते हैं। एक छोटा-सा देश श्रीलंका अपने देश को ही नहीं अपितु विश्व के 60-62 देशों को दान में मिले नेत्र प्रदान करता है। अपने देश में लगभग एक करोड़ व्यक्ति प्रतिवर्ष स्वर्गस्थ होते हैं। इनमें से केवल एक प्रतिशत व्यक्तियों के नेत्र मृत्योपरांत प्राप्त करने पर एक लाख नेत्र (कॉर्निया) प्रत्यारोपण हेतु उपलब्ध हो सकते हैं। इसलिए दोषपूर्ण कॉर्निया वाले दृष्टिहीनों के लिए कॉर्निया प्रत्यारोपण का सूत्रपात हो सकता है। इसकी शुरूआत एवं सफलता आपके ही हाथों में निहित है। दोषपूर्ण कॉर्निया वाले दृष्टिहीनों के लिए नेत्रदान महायज्ञ की अलख जगाने के लिए माधव नेत्रालय, सिटी सेंटर, नागपुर द्वारा सफलता पूर्वक नेत्र प्रत्यारोपण (कॉर्निया प्रत्यारोपण) का कार्य सुचारू रूप से कर रहा है। माधव नेत्रालय द्वारा बहुत से बंधुओं को कॉर्निया प्रत्यारोपण के पश्चात नेत्र ज्योति प्राप्त हुई है। माधव नेत्रालय परोपकार व जनसेवा की भावना के साथ मध्य भारत में एक अंतरराष्ट्रीय स्तर की आधुनिक नेत्र चिकित्सा तथा नवीनतम उपकरणों व आधुनिक प्रबंधन के साथ उच्च श्रेणी के नेत्र विशेषज्ञों की सेवाओं द्वारा सभी प्रकार की नेत्र शल्य चिकित्सा प्रदान कर रहा है। हमारा परम सौभाग्य है कि अंधत्व निवारण के महायज्ञ में समाज का अभूतपूर्व योगदान प्राप्त हो रहा है। सभी आत्मीय बंधुओं से अनुरोध है कि अंधत्व निवारण के महायज्ञ में अपना सहभाग प्रदान करें। नेत्रदान अभियान के संचालन के लिए किसी बड़े बजट की आवश्यकता नहीं होती है। अपितु प्रबल इच्छा शक्ति एवं सामूहिक समन्वय से नेत्रदान को जनांदोलन बनाया जा सकता है। इसलिए इस सामाजिक अनुष्ठान में अपनी भी सहभागिता हो। वास्तव में अमंगल से सुमंगल का अनुष्ठान ही नेत्रदान है। कॉर्निया प्रत्यारोपण के लिए आवश्यक है कि कॉर्निया प्राप्त करना और इसके लिए आवश्यक है नेत्रदान। इसके लिए कुछ व्यावहारिक तथ्य जानने की आवश्यकता है। नेत्रदान को जनमानस में प्रोत्साहित करने के लिए नेत्रदान संकल्प पत्र का अपना महत्व है। कई बार संकल्प पत्र मृत व्यक्ति की अंतिन इच्छा अस्त्र बनकर परिजनों के लिए बंधक कारक होकर नेत्रदान संपन्न करवाने में सहयोगी सिद्ध होता है। संकल्प पत्रों की कई व्यावहारिक कठिनाइयां भी हैं, क्योंकि नेत्रदान संकल्प पूर्ति तो संकल्पकर्ता की मृत्यु के बाद ही परिजनों व सम्बन्धियों द्वारा होती है।

## Social Media Corner

सच के हक में...



ब्रिक्स की 15वीं वर्षगांठ के अवसर पर हमने इस मंच का विस्तार करने का निर्णय लिया है। भारत ने हमेशा इस विस्तार का पूरा समर्थन किया है। इस तरह का विस्तार ब्रिक्स को मजबूत और अधिक प्रभावी बनाएगा। उस भावना में, भारत ब्रिक्स परिवार में अर्जेंटीना, मिस्र, इथियोपिया, ईरान, सऊदी अरब और संयुक्त अरब अमीरात का स्वागत करता है।

**(प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के ट्विटर अकाउंट से)**



अरुण जेटली जी की पुण्य तिथि पर, मैं प्रतिष्ठित नेता को विनम्रतापूर्वक अपनी श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं। एक प्रखर राजनीतिज्ञ, उत्कृष्ट वक्ता और चमकदार प्रतिभा वाले वकील, जेटली जी ने समय की रेत पर अमिट पदचिह्न छोड़े। देश के राजनीतिक क्षेत्र में उनके अमूल्य योगदान के लिए उन्हें सदैव याद किया जाएगा।

**(गृह मंत्री अमित शाह के ट्विटर अकाउंट से)**



बाबूलाल मरांडी जी के लिए भारी बारिश के बावजूद सभा में पहुंचे महिलाओं, बुजुर्गों एवं युवा साथियों का आभार ' झारखंड की जनता ही राज्य में परिवर्तन का वाहक बनेगी 'संकल्प यात्रा में आज का यह पड़ाव व हुजूम परिवर्तन का आगाज कर रहा है ।

**(सांसद निशिकांत दुबे के ट्विटर अकाउंट से)**

# चंद्रयान-3 : भारत की एक और छलांग

आज याद आ रही है, उस भारत देश की जो वैश्विक नेतृत्व का अधिकारी रहा। एक बार पुनः भारत ने उसी दिशा की ओर अपने कदम बढ़ाए हैं, जो विश्व का मार्गदर्शन करने की क्षमता रखता है। आज समूचे विश्व ने उस भारत का साक्षात्कार किया है, जो जगत की समस्त शक्तियों का भंडार है। भारत में अवधारणाएं प्रचलित हैं, वह मिथक नहीं, वास्तविक हैं, लेकिन भारत अपनी शक्ति को विस्मृत कर चुका था, उस हनुमान की तरह जो महा बलशाली होने के बाद भी अपनी शक्ति का अहसास नहीं था। आज देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भारत की सोई हुई शक्ति को जगाने का कार्य करते दिखाई दे रहे हैं। बेशक वे भाजपा के नेता हैं, लेकिन हमें ऐसी दृष्टि विकसित करनी होगी, जो भारत के हित में है। यानी वह भारत का नेतृत्व कर रहे। वे देश के 140 करोड़ जनता के लोकतांत्रिक मुखिया हैं। जब हम यह दृष्टि विकसित करेंगे तो स्वाभाविक रूप से हमें नरेन्द्र मोदी में एक ऐसा सपूत दिखाई देगा, जिसकी भारत को जरूरत है। भारत ने चांद पर कदम रखते ही अपना नाम उस कतार में शामिल कर लिया, जो वैश्विक महाशक्ति बनने की ओर जाता है। चंद्रयान तीन की खास उपलब्धि यह है कि भारत ने यह यान चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर भेजा है, जहां आज तक विश्व का कोई देश नहीं पहुंच सका है। इसका आशय यही है कि भारत में वह शक्ति है, जो विश्व को आश्चर्यचकित कर सकती है। चंद्रमा पर भारत के तिरंगा लहराने के साथ ही आज वर्षों पूर्व का यह भ्रम भी टूट गया है, जिसमें कहा जाता था कि भारत ऐसा नहीं कर सकता। हालांकि भारतीय जनमानस में इस प्रकार धारणा स्थापित करने के लिए एक सुनियोजित नरेटिव स्थापित किया गया। इसके कारण भारत की जनता के मानस में यह पूरी तरह से स्थापित हो गया था कि हम बहुत पीछे हैं, जबकि यह सत्य नहीं था। हमें एक वैश्विक योजना के तहत पीछे करने का षड्यंत्र किया गया। यह षड्यंत्र आज भी चल रहा है। इसलिए कुछ लोग विदेशी शिक्षा को भारत की शिक्षा से बेहतर बताने का कुत्सित प्रयास करते है, जबकि यह सत्य नहीं है। पुरातन और श्रेष्ठ भारत की कल्पना का अध्ययन किया जाए तो हमारे शास्त्र इस बात को परिभाषित करने में पूरी तरह से सक्षम हैं कि हमारा भारत ज्ञान और विज्ञान के मामले में अन्य देशों से कहीं अधिक श्रेष्ठ है। इस प्रकार यही कहा जा सकता है कि जहां विश्व का ज्ञान और विज्ञान समाप्त हो जाता है, वहां से भारत का ज्ञान और विज्ञान का प्रारंभ होता है। कौन नहीं जानता कि भारत के पास विश्व की सबसे बड़ी शिक्षा प्रदान करने वाले शिक्षा संस्थान थे, लेकिन गुलामी के काल खंड में इन शिक्षा केंद्रों को नष्ट कर दिया। इसके बाद भी भारत के पास ज्ञान और विज्ञान की कोई कमी नहीं रही, लेकिन इस पर ध्यान नहीं दिया गया। आज हम चांद पर पहुंचे हैं, जो भारत की शक्ति का प्रस्फुटन है। अब विश्व के सभी देश यह स्वीकार करने की ओर विवश हुए हैं कि भारत एक बड़ी महाशक्ति है। अब भारत को इस महाशक्ति का ज्ञान हो चुका है। भारत अपनी निद्रा से बाहर आ चुका है। अभी तो यह अंगड़ाई है, आगे का भारत और भी ज्यादा अपने सामर्थ्य का प्रदर्शन करेगा। हमारे देश के वैज्ञानिकों विश्व को कई बार इस बात का अहसास कराया है कि हम किसी भी मामले में कम नहीं है। आज का भारत उन सभी चीजों का निर्माण करने में सक्षम है, जिसकी कल्पना नहीं की जा सकती। चाहे वह कम्प्यूटर का मामला हो या फिर रेल की बात हो। आज तकनीकी ज्ञान में हम विश्व का मुकाबला करने में सक्षम हैं। ऐसा इसलिए भी दावे के साथ कहा जा सकता है, क्योंकि आज से पूर्व जिन देशों ने चांद पर पहुंचने का प्रयास किया, वह बहुत ही महंगे थे, लेकिन भारत ने उनसे बहुत कम व्यय करके अपने आपको स्थापित किया।

## I WANT TO SAY...

THE PHOTON NEWS



मदर आफ आल इंडस्ट्रीज कहे जानेवाले हेवी इंजीनियरिंग कॉरपोरेशन (एचईसी) की पहचान रांची के गौरव के रूप में होती थी। इससे जुड़े लोगों ने कभी सोचा भी नहीं होगा कि इस मदर आफ आल इडस्ट्रीज की माली हालत इतनी कमजोर हो जाएगी कि इसमें काम कर अपनी जिंदगी खपा देनेवाले लोगों के सामने रोजी-रोटी का संकट उत्पन्न हो जाएगा। कमजोर माली हालत के बीच पिछले एक साल में पचास से ज्यादा इंजीनियरों और डेढ़ दर्जन से ज्यादा अफसरों-कामगारों ने नौकरी छोड़ दी है। कंपनी के कई कामगार अब रोजी-रोटी के लिए चाय-पकौड़े की दुकान चलाकर या छोटा-मोटा धंधा कर परिवार चला रहे हैं। तमाम अफसरों और कर्मियों का 15 से 17 महीने तक का वेतन बकाया है। इसी बीच एचईसी के लिए एक बार फिर उम्मीद जगी है। यह उम्मीद उस समझौते से जगी है जिसके तहत भारतीय स्टेट बैंक ने 750 करोड़ देने पर सहमति जताई है। बैंक गारंटी के मिलने पर यह रकम मिलनी है। इस खबर के फैलते ही एचईसी के कर्मचारियों के बीच उत्साह का संचार हुआ है। उन्हें यह लगने लगा है कि इस कारपोरेशन को फिर से खड़ा किया जा सकता है। एचईसी के एफएफपी प्लांट में उत्पादन शुरू करने के लिए फर्नेस चालू करने की कवायद शुरू हो गई है। इसके लिए कच्चे माल मंगाने की प्रक्रिया भी शुरू हो गई है। इस सप्ताह के अंत तक फर्नेस चालू हो जाएगा। एफएफपी प्लांट में अंतिम बार मई माह में फर्नेस चालू किया गया था। तत्काल में 1397 करोड़ का कायार्देश एचईसी के पास है। कार्यशील पूंजी की कमी के चलते समय पर काम पूरा नहीं हो पा रहा है। इस कारण कंपनी लगातार घाटे में डूबती जा रही है।

**मोहम्मद महताब आलम, जिला महासचिव कांग्रेस कमिटी रांची।**


Printed and Published by Fahim Akhtar on behalf of MAA MEDIA VENTURE and Printed at SHIVA SAI PUBLICATION PVT.LTD, Ratu, Kathitand, Near Tender Bagicha, H.P. Petrol Pump P.O.+P.S.- Ratu, Dist.-Ranchi, Jharkhand-835222, and Published at Roshpa Tower, 5th Floor, Main Road, Ranchi, Jharkhand-834001. Editor- Fahim Akhtar. E-mail : thephotonnewsjharkhand@gmail.com

BRIEF NEWS

### चन्द्रयान-3 की सफलता पर माइनॉरिटी फोरम ने मनाया जश्न

**ROURKELA :** चन्द्रयान थ्री की सफल लैंडिंग पर शहर के मुस्लिम समुदाय के लोगो ने जश्न मनाया। तिरंगा के साथ प्रदर्शन कर खुशी से नाच कर जश्न मनाया। माइनॉरिटी फोरम की ओर से युवा नेता इजाज अहमद गुड्डू,रकीब खान,मोहम्मद इकबाल, मिनहाज खान,मोइन खान,मोहम्मद इकराम व मोहम्मद अनवर की अगुवाई में बड़ी संख्या में युवा व बच्चे चन्द्रायन थ्री की सफलता की खुशी मनाते हुए रैली निकाली और तिरंगा के साथ प्रदर्शन किया। युवा नेता इजाज अहमद गुड्डू ने इस सफलता के लिए इसरो के वैज्ञानिकों को बधाई देते हुए चांद पर तिरंगा फहराने के लिए आभार जताया।

### कुतरा में हाथी ने मचाया उत्पात, दहशत में लोग



**SUNDARGARH :** जिले के कुतरा इलाके में दो हाथियों का उत्पात फिर शुरू होगया है। कुतरा थाना के पंचरा गांव में इन दो हाथियों ने बुधवार रात को उत्पात मचाया है। बीती रात दो हाथी गांव में घुस आए और 4 लोगों के घर तोड़ दिए। पिछले महीने भी हाथियों ने गांव में घुसकर घरों को तोड़ दिया था, और फसलों को बर्बाद किया था। पंचरा गांव के सूरज महानंदिया, अरुण तिर्की, सुष्मिता तिर्की व कुयारी सिंह का घर ध्वस्त हो चुका है। हाथियों ने घरों को तोड़ कर घर में रखे अनाज, चावल, आटा, सब्जी को खा लिया और बहुत सारे कागजात नष्ट कर दिया। बताया गया कि वन विभाग ने हाथी को वहां से भगा दिया है, जबकि दोनो हाथी दोनो गांवों के पास जंगल में है। इन दोनों हाथियों के उत्पात से लोग डरे हुए हैं।

### रक्षाबंधन : रंग-बिरंगी राखियों से सजने लगी दुकानें

**CHAIBASA :** भाई बहनों के त्यौहार रक्षाबंधन को लेकर बाजार में चहल-पहल बढ़ गई है । कई प्रकार की राखियों से दुकान सज गई है। ऐसे तो शहर के हर गली मोहल्ले के दुकान में राखी बिकने के लिए उपलब्ध है पर यहां पर वैरायटी उपलब्ध नहीं होने के कारण अधिकांश लोग सदर बाजार का रुख कर रहे हैं। बाजार में स्टोन की बनी राखी ज्यादा पसंद की जा रही है। जो देखने में काफी आकर्षक है और उसकी मांग ज्यादा है। राखी विक्रेता गुरु सोनकर ने बताया कि अभी राखी केवल वे लोग खरीद रहे हैं जिन्हें राखी यहां से बाहर भेजना है। इसलिए अभी दुकानों पर अपेक्षाकृत कम भीड़ है, लेकिन रक्षाबंधन से दो दिन पहले बाजार में भीड़ बढ़ जाएगी।

### महिला कॉलेज में चंद्रयान-3 की लैंडिंग का किया गया प्रसारण

**CHAIBASA :** चंद्रयान-3 का चांद के साउथ पोल पर सॉफ्ट लैंडिंग का वीडियो महिला कॉलेज के मल्टीपरपज हॉल में गुरुवार को दिखाया गया। कॉलेज की छात्राओं और प्राध्यापकों ने इसे दोपहर 12 बजे से एक बजे तक देखा। इस अवसर पर प्राचार्या डॉ. प्रीतिबाला सिन्हा ने हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि हम भारतीयों के लिए यह गर्व का क्षण है। भारत को इतनी बड़ी कामयाबी मिली है। मौके पर 100 से अधिक छात्राएं उपस्थित थीं। मौके पर प्रशांत पात्रा ने कहा कि इसरो की बहुत बड़ी उपलब्धि है। इसमें पश्चिमी सिंहभूम जिला के छात्र भी शामिल हैं। प्रो. राजीव लोचन ने कहा कि छात्र अच्छी तरह पढ़ कर अच्छे साईंटिस्ट बन सकते हैं और देश का नाम रोशन कर सकते हैं। मंच का संचालन डॉक्टर अर्पित सुमन टोप्पो और धन्यवाद ज्ञापन मोबारक करीम हाशमी ने किया। मौके पर डॉ. सुचिता बाड़ा, डॉ. पुष्पा कुमारी, प्रो. बबिता कुमारी, प्रो. सितेंद्र रंजन सिंह, प्रो. धनंजय कुमार, प्रो. मदन मोहन मिश्रा, प्रो. शताब्दी दत्ता, प्रो. चंद्रमोहन हेम्ब्रम आदि उपस्थित थे।

# वाहनों में तय संख्या से ज्यादा यात्रियों को बैठाने वाले चालकों और मालिकों पर की जाएगी कार्रवाई

## सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में दुर्घटनाओं को रोकने व जागरुकता को लिए गए ठोस निर्णय

**PHOTON NEWS CHAIBASA :** जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक बुधवार को समाहरणालय सभा कक्ष में डीएसपी मुख्यालय सुधीर कुमार की अध्यक्षता में हुई। बैठक में विगत जुलाई माह की बैठक की कार्यवाही की समीक्षा की गई। वहीं बैठक में सदर अस्पताल के मुख्य द्वार के समक्ष जल जमाव की समस्या का निराकरण करने, चाईबासा शहरी क्षेत्र में नो एंट्री के समय मालवाहक वाहनों का अनाधिकृत रूप से वाहन खड़ी कर समान उतारे जाने से हो रहे सड़क जाम से निजात दिलाने, नशा पान कर वाहन चलाने वाले चालकों पर कार्रवाई करने तथा टाटा मैजिक वाहनों पर ओवरलोड एवं वाहन के छत पर यात्रियों को बैठाने वाले वाहन मालिकों पर कड़ी कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया।



बैठक में उपस्थित सड़क सुरक्षा समिति से जुड़े लोग ● फोटोन न्यूज

बैठक में सदस्यों ने जिले में ग्रामीण क्षेत्रों में चलने वाले सैकड़ों यात्री वाहनो, मैजिक, छोटा हाथी में ओवरलोड ऊपर नीचे ठूंस कर यात्रियों को बैठाने और तेज रफ्तार के कारण आए दिन दुर्घटना हो रही है। जिसे जान माल की क्षति उठानी पड़ रही है। वैसे वाहन चालकों एवं मालिकों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए। लगभग अधिकांश दुर्घटनाएं और जान माल की क्षति यात्री वाहनों में नशापान कर वाहन चलाने, ओवरलोड ऊपर नीचे वाहनों के छत पर यात्रियों को बैठने और तेज रफ्तार में वाहन चलाने को लेकर हो रही है। जिस पर रोक लगाई जाए बैठक में वैसे वहां चालकों एवं मालिकों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने का निर्णय लिया गया है।

बैठक में सड़क सुरक्षा को लेकर जागरूकता कार्यक्रम के लिए अधिवक्ता सह सामाजिक कार्यकर्ता शीतल देवगम को सदर अनुमंडल पदाधिकारी शशिंद्र कुमार बड़ाईक व डीएसपी मुख्यालय सुधीर कुमार द्वारा सड़क सुरक्षा से संबंधित बुक व पोस्टर प्रदान किया गया।

बैठक में मुख्य रूप से सदर अस्पताल के उपाधीक्षक डॉ एएन डे, सड़क सुरक्षा समिति के सदस्य अधिवक्ता राजाराम गुप्ता, सांसद प्रतिनिधि त्रिशानू राय, नगर परिषद चाईबासा के कार्यपालक पदाधिकारी सत्येंद्र कुमार महतो, पथ निर्माण विभाग के कार्यपालक अभियंता, एनएच के अभियंता, शिक्षा विभाग के पदाधिकारी, पीआईयू टीम के आशुतोष कुमार, कुबेर महतो, हुसैन आदि मौजूद थे।

## प्राथमिक उप स्वास्थ्य केंद्र में स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित

**PHOTON NEWS CHAIBASA :** प्रमंडलीय आयुक्त मनोज कुमार के निदेर्शानुसार गुरुवार को प्राथमिक उप स्वास्थ्य केंद्र सदर चाईबासा में स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। स्वास्थ्य जांच शिविर में डॉक्टर की विशेष टीम ने आयुक्त कार्यालय और पुलिस उप महानिरीक्षक कार्यालय के लगभग सभी पदाधिकारी और कर्मियों के साथ-साथ आम नागरिकों का भी स्वास्थ्य का जांच किया।


चिकित्सा शिविर में जांच करते चिकित्सक।। ● फोटोन न्यूज

स्वास्थ्य जांच में मधुमेह, ब्लड प्रेशर, मलेरिया, टाइफाइड सहित अन्य रोगों की जांच की गई और जरूरत के अनुसार दवाइयां भी उपलब्ध कराई गई। डॉक्टर के द्वारा सभी को हिदायत दी गई की बरसात के मौसम में साफ सफाई का विशेष रूप से ध्यान रखें पानी को उबालकर पिएं और रात में सोते वक्त मच्छरदानी का प्रयोग का सुझाव दिए।

## राष्ट्रीय लोक अदालत को लेकर प्रधान जिला जज ने की बैठक

**PHOTON NEWS CHAIBASA :** व्यवहार न्यायलय परिसर में सितंबर माह की नौ तारीख को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। इसकी तैयारी को लेकर गुरुवार को प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह डालसा अध्यक्ष विश्वनाथ शुक्ला ने अपने कार्यालय कक्ष में बैठक की। इसमें एमएसीटी के विशेषज्ञ अधिवक्ता मौजूद थे। प्रधान जिला जज ने सभी को निर्देश दिया कि राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिक से अधिक वादों का निष्पादन करने में सहयोग करें। वैसे लोग जिनका मामला न्यायालय में लंबित है और वाद सुलहनीय है, वह भी अपने-अपने वादों का निष्पादन करा सकेंगे।

## रघुनाथपाली विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न मुद्दों पर प्रशांत सेठी ने मुख्य प्रशासक को सौंपा ज्ञापन

**PHOTON NEWS ROURKELA :** रघुनाथपल्ली के युवा नेता प्रशांत सेठी ने बस्ती अभियान, जननी संपर्क अभियान, बाजार अभियान के साथ पल्ली यात्रा कार्यक्रम जारी रखा है। अभियान और दौरे के दौरान जनता से प्राप्त विभिन्न शिकायतों पर ध्यान केंद्रित करते हुए बुधवार को इस्पात नगरी राउरकेला इस्पात संयंत्र के मुख्य प्रशासक प्रताप कुमार स्वाइ से उनके कार्यालय में मुलाकात की और विभिन्न समस्याओं पर चर्चा की और उनके समाधान के लिए आवश्यक कदम उठाने का अनुरोध किया।


राउरकेला इस्पात संयंत्र के मुख्य प्रशासक को ज्ञापन देते प्रशांत सेठी। ● फोटोन न्यूज

विभिन्न प्रमुख मुद्दों में उन्होंने साउथ राउरकेला के कंस्ट्रक्शन कॉलोनी में ऑटो कॉलोनी से साईं मंदिर तक सड़क की तत्काल मरम्मत, सेक्टर-1 गंजू बस्ती में सौर ऊर्जा संचालित जलापूर्ति की समस्या का समाधान करने पर चर्चा की। इसके अलावा उन्होंने शहर की सबसे पुरानी मार्केट सेक्टर-18 की विभिन्न समस्याओं पर चर्चा की और इसके समाधान का अनुरोध किया। इस दौरान बाजार समिति के भिकारी चरण बारिक, प्रकाश पोथल, जॉनी रोबोट, आरके प्रसाद समेत रिजवान अल्ली, चंचला सामल, बनिता नायक, विश्व रंजन राउत, जितेन प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

## राउरकेला इस्पात संयंत्र के हॉट स्ट्रिप मिल-2 में रिकार्ड उत्पादन

**PHOTON NEWS ROURKELA :** राउरकेला इस्पात संयंत्र के अत्याधुनिक हॉट स्ट्रिप मिल-2 ने बुधवार को सर्वश्रेष्ठ एक दिवसीय रिकॉर्ड हॉट रोल्ड (एचआर) क्वायल उत्पादन दर्ज किया है। मिल ने 9184 टन स्लैब रोल किया और 8880 टन वजन का एचआर. क्वायलों का उत्पादन किया जो शुरूआत से अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। 9030 टन स्लैब की पिछली सर्वश्रेष्ठ एक दिन की रोलिंग और 8797 टन वजन वाली एचआर. क्वायलों का उत्पादन 12 जुलाई, 2023 को हासिल किया गया था।


हॉट स्ट्रिप मिल-2 की टीम को मिठाई का पैकेट देकर बधाई देते अधिकारी। ● फोटोन न्यूज

राउरकेला इस्पात संयंत्र के निदेशक प्रभारी अतनु भौमिक, कार्यपालक निदेशक (कार्मिक एवं प्रशासन) पीके. शतपथी, कार्यपालक निदेशक (सामग्री प्रबंधन) एस. त्रिपाठी और मुख्य महा प्रबंधक प्रभारी (सीओ-सीसीडीयूएंडई) तथा कार्यवाही कार्यपालक निदेशक (वर्क्स) आई. राजन ने उल्लेखनीय प्रदर्शन के लिए टीम को बधाई देने हेतु 24 अगस्त, 2023 को एच.एस.एम-2 का दौरा किया और कर्मचारियों को मिठाई भेंट की। इस अवसर पर बोलते हुए अतनु भौमिक ने कहा, हमें गति को बनाए रखने पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए। अभी तो इससे भी अच्छा आना बाकी है।

## डेंगू नियंत्रण पर बैठक आयोजित निकाला जाएगा स्वच्छता रथ

**PHOTON NEWS ROURKELA :** राउरकेला में डेंगू की स्थिति और इसके नियंत्रण पर राउरकेला एडीएम एवं महानगर निगम आयुक्त डॉ. सुभांकर महापात्र के अध्यक्षता में बुधवार को महानगर निगम सभा परिसर एक बैठक हुई। बैठक में डॉ सुभांकर महापात्र ने नाली की सफाई, घास काटने, लार्वा को मारने के लिए तेल छिड़काव, मच्छर धुआं स्प्रे, संभावित मच्छर प्रजनन स्थानों की पहचान और मच्छर विनाश पर जोर दिया। आशा कार्यकर्ता घर-घर जाकर लोगों को जागरूक करेंगी और उनके स्वास्थ्य के बारे में जानकारी लेंगी।



बैठक में शामिल सुभांकर महापात्र व अन्य। ● फोटोन न्यूज

उन्होंने जनता से प्रत्येक गुरुवार को ड्राई डे के रूप में मनाने की भी अपील की। इस दिन लोग अपने घर की छतों, अपशिष्ट जल के कुंडों, फूलों के गमलों, टायरों आदि को साफ करने का और संभावित प्रजनन स्थानों को भी साफ करने के लिए अपील की हैं। बैठक में आम जनता और स्कूलों के बीच डेंगू के प्रति जागरूकता बढ़ाने का भी निर्णय लिया गया। वर्तमान में, कचरा संग्रहण अभियान के माध्यम से डेंगू के बारे में जागरूकता बढ़ाई जा रही है और आने वाले दिनों में 'डेंगू रथ' भी लॉन्च किया जाएगा। बैठक में राउरकेला स्टील प्लांट, रेलवे, बंदरगाह विभाग के विभिन्न अधिकारियों सहित ब्लॉक शिक्षा अधिकारी ने भाग लिया और 'डेंगू' से लड़ने और जागरूकता बढ़ाने के लिए उठाए गए कदमों की जानकारी दी।

अतिरिक्त जिलापाल के साथ नगर स्वास्थ्य अधिकार, एडुफो (राउरकेला), एडीपीएच (सुंदरगढ़) एवं राष्ट्रीय शहरी स्वास्थ्य मिशन के डॉक्टर एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

### रघुनाथपुर से केलेंडे चौक तक पीसीसी पथ का विधायक ने किया शिलान्यास

## सड़क बनने से ग्रामीणों को होगी सहूलियत गांव का होगा विकास : विधायक दीपक बिरुवा

**PHOTON NEWS CHAIBASA :** झींकपानी प्रखंड अंतर्गत केलेंडे पंचायत के रघुनाथपुर पीडब्ल्यूडी से केलेंडे स्कूल चौक तक जर्जर करीब डेढ़ किलोमीटर सड़क का पीसीसी होगा। पीसीसी सड़क का निर्माण डीएमएफटी फंड से होगा। गुरुवार को सदर विधायक दीपक बिरुवा ने इसका शिलान्यास किया। इसे लेकर ग्रामीणों में हर्ष है। ग्रामीणों ने जर्जर सड़क से मुक्ति मिलने की उम्मीद देख विधायक का आभार प्रकट किया।


सड़क निर्माण का शिलान्यास करते विधायक बिरुआ व अन्य। ● फोटोन न्यूज

विधायक दीपक बिरूवा ने मौके पर मौजूद ग्रामीणों से कहा कि यह सड़क काफी जर्जर अवस्था में थी। इससे आवागमन में काफी असुविधा हो रही थी। यह सड़क बन जाने से ग्रामीणों को काफी सहूलियत होगी। ग्रामीणों की यह पुरानी मांग थी जिसे पूरा किया गया। विधायक ने कहा कि गांव की सड़क निर्माण से गांव का विकास होता है। चूंकि ग्रामीणों के अनुसार सड़क जर्जर होने के कारण हम सभी ग्रामीणों को बरसात के दिनों में इस सड़क से पार होने में काफी परेशानी हो रही थी। वहीं अब इस सड़क के बन जाने से समस्या दूर होगी।


वहीं विधायक ने मौके पर मौजूद संवेदक को सड़क निर्माण कार्य में अनियमितता नहीं बरतने की हिदायत दी। सड़क को गुणवत्तपूर्ण निर्माण कराने का निर्देश दिया।

मौके पर झामुमो जिला सचिव सोनाराम देवगम, झामुमो वरिष्ठ कार्यकर्ता जयपाल सावैयां, इलाका मानकी शिव शंकर सावैयां, नरेश सावैयां, लाल सिंह सावैयां, अमृत सावैयां, निर्दोष सावैयां, रामेश्वर सावैयां, विपिन बिरुली, विजय बुडीउली, श्याम सावैयां, धनपति सावैयां, कमल किशोर सावैयां, संग्राम सावैयां, राजू सावैयां, सिकुर सावैयां, फूलचंद सावैयां समेत कई ग्रामीण मौजूद थे।

### जिला स्तरीय समन्वय समिति की द्वितीय बैठक में दो सितंबर तक अवधि विस्तार का लिया गया निर्णय

## जिले में अबतक 69% लोगों को खिलाई गई DEC एवं ALBENDAZOLE की टैबलेट

**PHOTON NEWS CHAIBASA :** समाहरणालय सभागार में गुरूवार को जिला स्तरीय समन्वय समिति की द्वितीय बैठक हुई। इस दौरान मास ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन कार्यक्रम के संचालन से संबंधित चर्चा की गई। बैठक में सिविल सर्जन डॉ साहिर पाल एवं जिला भू अर्जन पदाधिकारी एजाज अनवर की अध्यक्षता में चल रहे कार्यक्रम के सफल संचालन के लिए कई दिशा-निर्देश दिए गए। वहीं निर्धारित समय पर लक्ष्य की प्राप्ति नहीं हो पाने के कारण इसकी अवधि विस्तार करते हुए 2 सितंबर तक बढ़ा दी गई।


बैठक में शामिल समन्वय समिति के अधिकारी। ● फोटोन न्यूज

बैठक में कहा गया कि 10 अगस्त से फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम अन्तर्गत जिले के 12 सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बड़ा जामदा, मझगांव, चक्रधरपुर को छोडकर अंतर्गत कुल लक्षित 1154958 जनसंख्या को कुल 1895 बूथों में 3800 दवा प्रशासकों एवं 365 पर्यवेक्षक के द्वारा डीईसी एवं एलबेंडाजोल की दवा खिलाने का कार्यक्रम शुरू किया जा चूका है। जिसमे अभी तक कुल लक्षित जनसंख्या के 798697 (69%) लोगों को निर्धारित दवा खुराक डीईसी एवं एलबेंडाजोल की गोलियां खिलाई जा चुकी है।

अभी तक कार्यक्रम के दौरान कुल 591 लोगों को अनुषंगी प्रभाव परिलक्षित नजर आये थे। जिनको मौके पर ही अनुषंगी प्रभाव से संबंधित दवाई टीम के द्वारा दी गई और सभी अभी स्वस्थ हैं। यह भी बताया गया किकार्यक्रम 10 अगस्त को बूथ में एवं 11 से 25 अगस्त तक घर-घर जाकर दवा प्रशासकों द्वारा खिलाई जा रही है।

उपायुक्त के निदेर्शानुसार जिला समन्वय समिति की द्वितीय बैठक में एमडीए कार्यक्रम की सफलता को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश जारी किए गए। कार्यक्रम के दौरान अपेक्षित लक्ष्य प्राप्ति के लिए कार्यक्रम की अवधि विस्तार 26 अगस्त से 2 सितंबर तक कर दी गई। मौके पर सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी समेत अन्य मौजूद रहे। कार्यक्रम में सहयोगी संस्था पिरामल फाउंडेशन, डब्लूएचओ, पीसीआई के द्वारा सहयोग किया जा रहा है।

## चंद्रयान-3 की सफल लैंडिंग पर मनाया जश्न, की आतिशबाजी


जश्न मनाते रघुनाथपाली वेस्टमंडल के लोग। ● फोटोन न्यूज

**PHOTON NEWS ROURKELA :** चंद्रयान-3 की सफलता के बाद सेक्टर-6 स्थित रघुनाथपाली वेस्टमंडल के तरफ से आतिशबाजी कर गुरुवार को जश्न मनाया गया। संगठन सदस्यों ने इस उपलब्धि के लिए इसरो के वैज्ञानिकों और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को धन्यवाद दिया गया।इस दौरान जगबंधु बेहरा, जिला अध्यक्ष लतिका पटनायक, मंडल अध्यक्ष बसंत कुमार सामल, तारकनाथ महापात्रा, व्यास देव नाथ, भास्कर नंद, सोनू नायक, मनोज पटनायक, आलोक मोहंती, अरुण मोहंती, श्रीकांत पाढ़ी, सुमीत पांडा, रोहित तांती, अमरनाथ जेना, महेंद्र साहू, विजय दास, वेंकट पांडा, निरंजन पात्र और अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।



# काला रंग पसंद करने वालों का दिमाग रंगीन: काजोल

बालीवुड एक्ट्रेस काजोल ने एक फोटो शेयर किया जिसमें वह लॉन्ग स्लीव्स वाला गाउन पहने नजर आ रही हैं। काजोल की ब्लैक एंड व्हाइट तस्वीरों में वह साइड पोज देती नजर आ रही हैं। वह काफी ग्रेसफुल लग रही हैं। उन्होंने बालों को खुला छोड़ा हुआ है और नेक चेन से अपने लुक को पूरा किया है। उन्होंने फोटो शेयर करते हुए कैप्शन में लिखा, मनोवैज्ञानिक कहते है कि जो लोग ब्लैक कलर पसंद करते हैं उनका दिमाग सबसे रंगीन होता है। इस पर आप क्या कहते है? पोस्ट पर फैंस ने कमेंट सेक्शन पर तारीफों के पुल बांधे। हर कोई काजोल के लुक की तारीफ कर रहा था। वर्क फ्रंट की बात करें तो, उन्हें आखिरी बार लस्ट स्टोरीज़ 2 में देवयानी के रूप में देखा गया था। उन्होंने द ट्रायल- प्यार कानून धोखा में भी अभिनय किया, जो डिज्नी प्लस हॉटस्टार पर स्ट्रीमिंग एक कानूनी ड्रामा है। उनकी अगली फिल्म सरजमीन और दो पत्ती हैं।

## मोनालिसा की लेटेस्ट फोटोज ने बढा दिया पारा



भोजपुरी सिनेमा मशहूर एक्ट्रेस मोनालिसा ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की कुछ तस्वीरें शेयर कर इंटरनेट का पारा बढ़ा दिया है। इन तस्वीरों में एक्ट्रेस ब्लू कलर की प्रिटेंड स्कर्ट के साथ ब्लू कलर का स्ट्रैपी प्लेन टॉप पहने हुई हैं। इस टॉप का गला काफी ज्यादा डीप है। वहीं, मोनालिसा ने अपने लुक को पूरा करने के लिए बालों को ओपन करके लाइट मेकअप किया हुआ है। तस्वीरों में मोनालिसा कभी सीढ़ियों पर बैठकर किलर पोज देती नजर आईं। मोनालिसा का ये लुक उनके फैंस को खूब पसंद आ रहा है। उनके फैंस ने उनकी इस पोस्ट पर ढेरों तारीफों भरे कमेंट किए हैं। बता दें कि मोनालिसा अब तक 125 भोजपुरी फिल्में कर चुकी हैं और इसके साथ ही हिन्दी, बंगाली, ओडिया, तमिल, कन्नड़ और तेलुगू फिल्मों में भी काम कर चुकी हैं। ये 2016 में बिग बॉस सीजन 10 की प्रतिभागी भी रह चुकी हैं।



## सोनम ने बेटे का पहला जन्मदिन मनाया

बालीवुड एक्टर अनिल कपूर की बेटी एक्ट्रेस सोनम कपूर और आनंद आहूजा ने बेटे वायु कपूर आहूजा का पहला जन्मदिन मनाया।इस खास अवसर पर उनके परिवार वाले भी मौजूद थे। कपल ने दिल्ली स्थित घर पर वायु के फर्स्ट बर्थडे की एक झलक शेयर की। सोनम ने अपने ऑफिशियल इंस्टाग्राम अकाउंट से कुछ तस्वीरें शेयर की हैं। पहली फोटो में सोनम और आनंद घर में पूजा के दौरान वायु को पकड़े हुए हैं। एक फोटो में पूरा परिवार एक फ्रेम में है।सोनम ने वायु के साथ हंसते और खेलते हुए भी एक फोटो अपलोड की है। सोनम सलवार सूट में बेहद खूबसूरत दिखीं। सोनम ने कैप्शन में लिखा, 卐हमारा बेटा 1 साल का हो गया। हमने परिवार के साथ एक पूजा और दोपहर का भोजन किया। हमें आशीर्वाद देने के लिए सभी का बहुत-बहुत धन्यवाद।卐 कार्यक्रम में सोनम के पिता दिग्गज एक्टर अनिल कपूर और मां सुनीता कपूर, आनंद के परिवार के सदस्यों के साथ शामिल हुए।

## बेस्ट एक्ट्रेस की दौड़ में आलिया भट्ट और कंगना रनौत के बीच कांटे की टक्कर, आखिर कौन जीतेगा?



69वें राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कारों की घोषणा गुरुवार को नई दिल्ली के नेशनल मीडिया सेंटर में जूरी द्वारा एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान की जाएगी। भारत में सबसे प्रमुख फिल्म पुरस्कार समारोहों में से एक सर्वश्रेष्ठ फिल्मों का सम्मान करता है। यह बहुप्रतीक्षित कार्यक्रम क्षेत्रीय सिनेमा और बॉलीवुड के बीच एक बड़े टकराव का प्रतीक होगा। कई नाम चर्चा में हैं और आधिकारिक घोषणा का इंतजार है। इस साल आलिया भट्ट और कंगना रनौत का नाम क्रमश: 'गंगूबाई काठियावाड़ी' और 'थलाइवी' के लिए सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री के संभावित उम्मीदवारों के रूप में सोशल मीडिया पर चर्चा में है। कई मलयालम फिल्में प्रतिष्ठित पुरस्कारों की प्रबल दावेदार हैं, जैसे 'नायट्टु', 'मिननल मुरली' और 'मेप्पडियन' भी चर्चा में हैं।

आर माधवन की 'रॉकेट्री: द नांबी इफेक्ट' भी दावेदारों में शामिल बताई जा रही है। हालाँकि, कोई आधिकारिक घोषणा नहीं की गई है और इसका खुलासा गुरुवार शाम को किया जाएगा। रिपोर्ट्स के मुताबिक, 'नायट्टू' अभिनेता जोजू जॉर्ज के लिए एक बड़ी जीत हो सकती है क्योंकि वह सर्वश्रेष्ठ अभिनेता पुरस्कार के प्रबल दावेदार हैं। पुरस्कारों के लिए दक्षिण की एक और फिल्म 'मिननल मुरली' है, जिसका निर्देशन बेसिल जोसेफ ने किया है।

पिछले साल 2020 के लिए सर्वश्रेष्ठ अभिनेता का पुरस्कार सूर्या को 'सोरारई पोटरू' के लिए और अजय देवगन को हिंदी फिल्म 'तानाजी: द अनसंग वॉरियर' के लिए साझा किया गया था। अभिनेत्री अपर्णा बालमुरली को सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री का पुरस्कार मिला। मनोज मुंतशिर ने हिंदी फिल्म 'साइना' के लिए सर्वश्रेष्ठ गीतकार का पुरस्कार जीता है।

मध्य प्रदेश ने 'मोस्ट फिल्म फ्रेंडली स्टेट' का पुरस्कार जीता, जबकि उत्तराखंड और उत्तर प्रदेश को विशेष उल्लेख मिला। किश्वर देसाई की 'द लॉन्गेस्ट किस' ने वर्ष के लिए सिनेमा पर सर्वश्रेष्ठ पुस्तक का पुरस्कार जीता, जबकि मलयालम पुस्तक 'एमटी अनुनाह्वांगलुडे पुस्तकम' और उड़िया पुस्तक 'काली पेन कलीरा सिनेमा' ने विशेष उल्लेख जीता।

## एक्टर के बाद डायरेक्टर बनीं दिशा पाटनी

बॉलीवुड की हॉटेस्ट एक्ट्रेस दिशा पटानी अपनी शानदार एक्टिंग से लोगों के दिलों में जगह बना चुकी हैं। अब दिशा ने अपने डायरेक्टिंग स्किल्स की भी एक शानदार झलक दुनिया के सामने पेश की है। दिशा ने बतौर डायरेक्टर, निर्देशन की दुनिया में कदम रखा है और अपना म्यूजिक वीडियो 'क्यूं करु फिकर' जारी किया है। इस गाने ने प्रशंसकों और दर्शकों का दिल जीत लिया है। इसी के साथ दिशा ऐसा करने वाली युवा पीढ़ी की पहली अभिनेत्रियों में से एक भी बन गई हैं। वैसे इस म्यूजिक वीडियो को निर्देशित करने के साथ-साथ दिशा इसमें नजर भी आई हैं और हमेशा की तरह बहुत खूबसूरत लग रही हैं।

वीडियो में दिशा पाटनी का लुक बेहद ट्रेंडी हैं और उनके द्वारा पहने गए सभी आउटफिट्स भी शानदार है। जहां तक म्यूजिक वीडियो के संदेश की बात है तो यह बेहद मीनिंगफुल है और इस बारे में बात करता है कि कैसे किसी को दुनिया के सभी फैसलों से बेफिक्र रहना चाहिए और सिर्फ खुद पर ध्यान देना चाहिए और इस बात से परेशान नहीं होना चाहिए कि दूसरे आपको नीचा दिखाने के लिए क्या कहते हैं। बतौर डायरेक्टर इस म्यूजिक वीडियो को लेकर बात करते हुए दिशा पटानी ने कहा, आखिरकार 'क्यूं करू फिकर' के साथ अपना एक हिस्सा सामने लाकर मुझे बहुत संतुष्टि और खुशी महसूस हो रही है। इसने मुझे एक निर्देशक की भूमिका निभाकर इस बार खुद को बहुत अलग तरीके से एक्प्रेस करने में मदद की है।

उन्होंने कहा, कैमरे के सामने होने से लेकर कैमरे के पीछे रहने तक के नजरिए को बदलना एक रोमांचक चुनौती थी। मैं पूरी टीम की बहुत आभारी हूं जो इसका हिस्सा थी और मेरे नजरिए पर विश्वास करती थी। मुझे आशा है कि लोग दुनिया की धारणा से आजाद होने और सेल्फ लव पर ध्यान देने वाले संदेश से कनेक्ट करेंगे। यह गाना वास्तव में युवाओं से जुड़ा हुआ है और ऐसा है जिसे आप सुबह की सैर करते समय, लंबी ड्राइव पर या जब भी आप उदास महसूस कर रहे हों तो सुनना चाहेंगे। यानी ये एक ऐसा गाना है जो आपको एम्पॉवर फील कराएगा। इस गाने का वीडियो और वाइब बहुत शानदार है। वहीं दिशा ने वीडियो को निर्देशित करने और गाने के संदेश को दर्शकों तक सटीक ढंग से पहुंचाने में वास्तव में कमाल का काम किया हैं।

दिशा पाटनी के वर्क फ्रंट की बात करें तो वह दो पैन इंडिया फिल्मों, कल्कि 2898 एडी और कंगुवा में दिखाई देंगी। इसके अलावा, वह सिद्धार्थ मल्होत्रा के साथ योद्धा का भी हिस्सा हैं।



## चिरंजीवी ने पोती को गोद में लेकर क्लिक कराई फोटो



साउथ फिल्म इंडस्ट्री के मेगास्टार चिरंजीवी 68 साल के हो गए। उन्होंने अपना जन्मदिन अपने परिवार के बीच मनाया। इस मौके पर वे अपनी नवजात पोती क्लिन कारा कोनिडेला को गोद में लिए हुए नजर आ रहे हैं। राम और उपासना ने चिरंजीवी के जन्मदिन के मौके पर इंस्टाग्राम पोस्ट किया। तस्वीर में चिरंजीवी कैमरे के सामने मुस्कुरा रहे हैं। उन्होंने क्लिन कारा कोनिडेला को गोद में लिया हुआ है। बच्ची के चेहरे को छिपाया हुआ है। लेकिन, देखा जा सकता है कि बच्ची ने वाइट और पाउडर पिंक कलर की ड्रेस पहनी है। कैप्शन में लिखा है, हमारे सबसे प्यारे चिरुथा चिरंजीवी थाथा (दादा) को जन्मदिन की शुभकामनाएं। हमारी और कोनिडेला परिवार के सबसे छोटे सदस्य की ओर से ढेर सारा प्यार। चिरंजीवी की लेटेस्ट रिलीज़ भोला शंकर है, जो 11 अगस्त को गदर 2, ओएमजी 2 और जेलर के साथ रिलीज हुई थी।

## राखी सावंत की जिंदगी का बढ़ा कलेश

राखी सावंत एक बार फिर अपनी उथल-पुथल भरी शादी और अपने पूर्व पति आदिल खान दुर्रानी से जुड़े विवादों के कारण सुर्खियों में हैं।आदिल द्वारा राखी पर गंभीर आरोप लगाने के बाद, रियलिटी स्टार खुद सामने आयी और आदिल द्वारा लगाये गये सभी आरोपो का जवाब दे रही हैं। प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान राखी ने एक ऐसी बात का जिक्र किया जिसने सभी को चौंका दिया। राखी ने अपने पूर्व पति पर एक शख्स की लहत्या का आरोप लगया है। उन्होंने कहा कि एक बार एक शख्स ने मेरे साथ तस्वीर खिचवायी थी और हंसी मजाक किया था। आदिल ने उसका एक्सिडेंड करवा दिया। आदिल इस लेवल तक चला जाता है।




## उर्वशी रौटेला ने किया 'क्रिकेट विश्व कप 2023' की ट्रॉफी का अनावरण,

बॉलीवुड एक्ट्रेस उर्वशी रौटेला अपने ग्लैमरस लुक और खूबसूरती को लेकर चर्चा में रहती हैं। उर्वशी बॉलीवुड की मोस्ट ब्यूटीफुल एक्ट्रेसेस में से एक हैं। एक्ट्रेस ने अपनी खूबसूरती के दम पर कई अवॉर्ड भी जीते हैं। उर्वशी के नाम कई रिकॉर्ड भी दर्ज हैं। अब एक्ट्रेस ने एक बार फिर इतिहास में अपना नाम दर्ज कराया है।

उर्वशी रौटेला ने फ्रांस के पेरिस में एफिल टावर के नीचे 'क्रिकेट विश्व कप 2023' की ट्रॉफी की लॉन्च की है। ऐसा करने वाली उर्वशी पहली एक्ट्रेस बन गई है, जिन्होंने ट्रॉफी के ऊपर से पर्दा उठाया है। एक्ट्रेस ने सोशल मीडिया पर तस्वीर शेयर करते हुए अपनी खुशी भी जाहिर की है।

तस्वीर में उर्वशी गोल्डन कलर की ड्रेस पहने एफिल टावर के सामने 'क्रिकेट विश्व कप 2023' की ट्रॉफी के साथ पोज देती नजर आ रही हैं। इस तस्वीर के साथ एक्ट्रेस ने लिखा, 'फ्रांस के पेरिस में एफिल टॉवर पर क्रिकेट विश्व कप 2023 की ट्रॉफी आधिकारिक तौर पर लॉन्च और अनावरण करने वाली पहली अभिनेत्री।' '

बता दें कि आईसीसी क्रिकेट विश्व कप 2023 का आगाज 5 अक्टूबर से हो रहा है। इसकी मेजबानी भारत में की जाएगी। यह टूर्नामेंट 19 नवंबर तक चलेगा।

